रांची, सोमवार | 13 जुलाई 2026 | वर्ष-27, अंक-161, पृष्ठ-12 | www.rastriyanaveenmail.com
आषाढ़ कृष्ण पक्ष 14, संवत 2083 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
मूल्य 2 रु.
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर








| रांची | कांके |
|---|---|
| अधि. 30.8° | अधि. 29.5° |
| न्यून. 23.0° | न्यून. 22.0° |

## दृष्टिपात

### मेदिनीनगर में स्ट्रीट डॉग ने आधा दर्जन से अधिक बच्चों को काटा

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शहर थाना क्षेत्र के नई मुहल्ला, नावाटोली और स्टेशन रोड गांधी मैदान के पास एक स्ट्रीट डॉग ने आधा दर्जन से अधिक बच्चों को काट कर जख्मी कर दिया। सभी बच्चों का इलाज मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) में किया गया।सभी की स्थिति खतरे से बाहर है, लेकिन बच्चों और उनके परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है। जख्मी बच्चों की उम्र 5 से 7 वर्ष के आसपास बताई जा रही है।

### अमझरिया घाटी में पाइप लदा ट्रक पलटा चालक की मौत

**लातेहार।** लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र स्थित रांची–मेदिनीनगर मुख्य मार्ग के अमझरिया घाटी में रविवार को लोहे के पाइप से लदा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृत चालक की पहचान राम सेवक पाल, विश्रामपुर पलामू के रूप में हुई है। वहीं, गंभीर रूप से घायल उप चालक का नाम सूरज कुमार, निवासी सोनभद्र (उत्तर प्रदेश) बताया जाता है।

### बहरागोड़ा में डेढ़ करोड़ रुपए के पन्ना के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** पूर्वी सिंहभूम जिले की बहरागोड़ा पुलिस ने कीमती रत्न पन्ना की अवैध तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 1.095 किलोग्राम (1095 ग्राम) पन्ना बरामद किया है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान दो मोटरसाइकिल, तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 2300 रुपए नकद भी जब्त किए गए हैं।

### गिरिडीह के बेंगाबाद में छापेमारी कर जब्त हुई 350 पेटी नकली शराब

**गिरिडीह।** उत्पाद विभाग और गिरिडीह पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नकली विदेशी शराब की फैक्ट्री का खुलासा कर लाखों रुपए की नकली विदेशी शराब और अन्य सामग्री जब्त की है। पुलिस ने जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के घाघरा में छापेमारी कर 350 पेटी नकली शराब जब्त की है। इसके अतिरिक्त, शराब निर्माण में प्रयुक्त सामानों को भी बरामद किया गया है। मामले को लेकर उत्पाद अधीक्षक शिवकुमार साहू एवं थाना प्रभारी अमन कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी।

## खूंटी पुलिस को उग्रवादियों के खिलाफ मिली बड़ी सफलता

# पीएलएफआई का वांछित उग्रवादी राजेंद्र साहू गिरफ्तार

- पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया को दोबारा सक्रिय करने की कोशिश में लगा था
- विभिन्न थानों में कुल सात मामले, उग्रवादी गतिविधियों रंगदारी सहित गंभीर अपराधों से जुड़े हैं

नवीन मेल संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी पुलिस को उग्रवादियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) को दोबारा सक्रिय करने की कोशिश में जुटे वांछित उग्रवादी राजेंद्र साहू उर्फ राजेंद्र साव उर्फ मास्टर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देसी पिस्टल और छह कारतूस भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार उग्रवादी मुरहू थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव का रहने वाला है। वह लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था।

रविवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में खूंटी के पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने कहा कि राजेंद्र साहू पीएलएफआई के पुराने नेटवर्क को दोबारा सक्रिय और मजबूत करने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच, पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि वह अपने पैतृक गांव गम्हरिया पहुंचा हुआ है। सूचना की पुष्टि होने के बाद तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।

टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गम्हरिया गांव में छापेमारी की और राजेंद्र साहू को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी पिस्टल और छह कारतूस बरामद किए गए, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया।

एसपी ऋषभ गर्ग ने कहा कि प्रारंभिक जांच में हाल के दिनों में जिले में हुई कई आपराधिक और उग्रवादी घटनाओं में राजेंद्र साहू की संलिप्तता सामने आई है। उन्होंने बताया कि कर्रा रेलवे साइट और तोरपा स्थित गैस गोदाम में हुई फायरिंग की घटनाओं में भी उसकी भूमिका पाई गई है। पुलिस इन मामलों में उससे विस्तृत पूछताछ कर रही है। उसके अन्य सहयोगियों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

पुलिस के अनुसार, राजेंद्र साहू के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में कुल सात आपराधिक मामले दर्ज हैं।

शेष पेज 11 पर...

### कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी

खूंटी के पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने कहा कि जिले में पीएलएफआई के पुनर्गठन या उसके नेटवर्क को दोबारा सक्रिय करने की किसी भी कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उग्रवाद, रंगदारी और संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि उग्रवादी गतिविधियों या संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर जिले में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाए रखा जा सके।

## संग्रामपुर के प्राचीन शिव मंदिर में क्षतिग्रस्त मिला शिवलिंग



नवीन मेल संवाददाता

- ग्रामीणों ने कहा, धार्मिक आस्था व भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली घटना
- पुलिस जांच में जुटी, मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल तैनात

**पिठोरिया।** राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र अंतर्गत संग्रामपुर गांव स्थित एक प्राचीन शिव मंदिर में रविवार की सुबह शिवलिंग क्षतिग्रस्त मिलने से पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु और स्थानीय लोग मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। लोगों ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार, प्रतिदिन की तरह रविवार की सुबह भी श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे थे। मंदिर में प्रवेश करते ही उनकी नजर स्थापित शिवलिंग पर पड़ी, जो क्षतिग्रस्त अवस्था में था। यह दृश्य देखते ही श्रद्धालु स्तब्ध रह गए। कुछ ही देर में घटना की खबर पूरे गांव में फैल गई। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर पहुंचने लगे। लोगों का कहना था कि यह घटना धार्मिक आस्था और भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है।

शेष पेज 11 पर...

### कमजोर मॉनसून का नया खतरा!

## अब खेती ही नहीं, बिजली आपूर्ति पर भी मंडराया संकट

उदय चंद्र सिंह की विशेष रिपोर्ट


- जुलाई और अगस्त का प्रदर्शन पूरे सीजन की दिशा तय करेगा

**नई दिल्ली।** अब तक कमजोर मॉनसून की चिंता केवल किसानों, महंगाई और खाद्य उत्पादन तक सीमित मानी जा रही थी, लेकिन अब इसका असर देश के बिजली क्षेत्र पर भी पड़ने की आशंका जताई जा रही है। यदि आने वाले दिनों में पर्याप्त बारिश नहीं हुई, तो जलाशयों में पानी की कमी जलविद्युत उत्पादन को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के लिए ताप विद्युत संयंत्रों पर दबाव बढ़ना तय माना जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार जून में कमजोर मॉनसून और कई हिस्सों में लंबे सूखे अंतराल ने बिजली क्षेत्र की चिंता बढ़ा दी है। जलविद्युत परियोजनाओं के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं होने पर उत्पादन घट सकता है। दूसरी ओर, उमस और गर्मी के कारण एयर कंडीशनर, कूलर और सिंचाई के लिए बिजली की मांग लगातार ऊंचे स्तर पर बनी हुई है। ऐसे में बिजली कंपनियों के सामने आपूर्ति बनाए रखना बड़ी चुनौती बन सकता है।

शेष पेज 11 पर...

## उग्रवाद और नक्सलवाद के खात्मे को लेकर प्रतिबद्ध है राज्य सरकार



हेमंत सोरेन सरकार राज्य से उग्रवाद और नक्सलवाद के खात्मे को लेकर प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार की उग्रवादियों और नक्सलियों के खिलाफ नीति में पुलिस कार्रवाई और आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास के माध्यम से मुख्यधारा में वापसी शामिल है। सरकार ने दावा किया है कि राज्य में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई अब अपने अंतिम चरण में है। इसे पूरी तरह से खत्म करने के लिए आक्रामक अभियान चलाए जा रहे हैं। झारखंड पुलिस, झारखंड जगुआर, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करके 'ऑपरेशन क्लीन' जैसे विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। पारसनाथ पहाड़, बूढ़ा पहाड़ और कोल्हान के दुर्गम क्षेत्रों में नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं। वहीं, उग्रवाद और नक्सलवाद की गिरफ्त में फंसे युवाओं को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के लिए सरकार की आत्मसमर्पण नीति भी काफी प्रभावी साबित हो रही है। इसके तहत आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों और नक्सलियों को सामान्य जेलों में रखने के बजाय 'ओपन जेल' में रखा जाता है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों और उग्रवादियों को उनकी श्रेणी और संगठन में पद के अनुसार ₹1.5 लाख से लेकर ₹4 लाख रुपए तक की पुनर्वास अनुदान दिया जा रहा है। उन्हें जेल परिसर में ही सिलाई, खेती, कंप्यूटर, बढ़ईगीरी जैसे कौशल प्रशिक्षण दिए जाते हैं, जिससे वे रोजगार पा सकें। नक्सलवाद और उग्रवाद के खिलाफ इस रणनीति के कारण पिछले कुछ वर्षों में कई शीर्ष नक्सलियों और उग्रवादियों का सफाया हुआ है और गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं, सैकड़ों उग्रवादियों-नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर हथियार डाले हैं।

### परिवार ने लगाया खौफनाक साजिश का आरोप

## ननद-भाभी के विवाद में खाना व पानी में जहर मिलाकर बहू फरार

- ननद के अंतरजातीय विवाह को लेकर चल रहा था विवाद

नवीन मेल संवाददाता



**समय रहते चला पता, बाल-बाल बचे, पुलिस जांच में जुटी**

**सेन्हा (लोहरदगा)।** लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र की उगरा पंचायत अंतर्गत उगरा भगत टोली में एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। यहां आरोप है कि आपसी घरेलू विवाद से नाराज होकर एक बहू ने पूरे परिवार को जान से मारने की नीयत से खाना और पानी में जहर री ला पदार्थ मिला दिया और फरार हो गई। समय रहते परिजनों को इसकी भनक लग गई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने सेन्हा थाना पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। हालांकि, भोजन और पानी में जहर की अभी जांच नहीं हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, उगरा भगत टोली निवासी प्रभु उरांव के घर में उनकी पुत्री के अंतरजातीय विवाह को लेकर विवाद शुरू हुआ था। प्रभु उरांव के पुत्र सुजीत उरांव की 26 वर्षीया पत्नी सोनामुनि उरांव इस विवाह के खिलाफ थी। उसने अपनी ननद से कहा कि परिवार के विरुद्ध जाकर अंतरजातीय विवाह करने के कारण इस घर में उसके लिए कोई जगह नहीं है।

हालांकि, माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों को बेटी के इस फैसले से कोई आपत्ति नहीं थी। जब परिजनों ने बेटी का पक्ष लेते हुए

शेष पेज 11 पर...

## बड़कागांव में सड़क हादसा, युवक की मौत, जाम

- एनटीपीसी का कोयला परिवहन ठप, मुआवजे एवं नौकरी की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव क्षेत्र में एनटीपीसी के कोयला परिवहन मार्ग पर शनिवार की रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। रविवार को बड़ी संख्या में लोगों ने 13 माइल के समीप परिवहन मार्ग जाम कर दिया, जिससे एनटीपीसी की कोयला ढुलाई पूरी तरह ठप हो गई।

सड़क के दोनों ओर कोयला लदे हाइवा समेत अन्य वाहनों की लंबी कतार लग गई। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन और ग्रामीणों के बीच वार्ता जारी थी। मृतक की पहचान चेपाकला पंचायत निवासी नरेश कुमार महतो के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, नरेश कुमार महतो लोहा पुल के समीप कोयला लदे एक हाइवा की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। नरेश अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। हादसे के विरोध में मृतक के परिजन और ग्रामीण शनिवार देर रात से ही सड़क पर उतर आए थे। रविवार को प्रदर्शन और तेज हो गया तथा ग्रामीणों ने कोयला परिवहन पूरी तरह रोक दिया।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार और बड़ी संख्या में चलने वाले हाइवा वाहनों के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा लगातार खतरे में बनी हुई है। चेपाकला पंचायत के मुखिया अनिकेत कुमार नायक के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने मृतक के आश्रित परिवार को 15 लाख रुपए मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी तथा दुर्घटना के लिए जिम्मेदार चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर लिखित आश्वासन नहीं मिलता, तब तक कोयला ढुलाई शुरू नहीं होने दी जाएगी।

शेष पेज 11 पर...

### आस्था से खिलवाड़ | सिर्फ वित्तीय घोटाले की कहानी नहीं, यह है सबसे घिनौने विश्वासघात का साक्ष्य

# सफेदपोशों ने पवित्र चढ़ावे को बनाया अपनी 'मुनाफाखोरी का टूल'

- सोची-समझी साजिश थी, भगवान के पैसे को 'लांड्रिंग' के जरिए बाजार में घुमाया जा रहा था

नवेन्दु सिंह

**लखनऊ।** देश-दुनिया के करोड़ों सनातनी जिस राम मंदिर के लिए अपनी गाढ़ी कमाई का एक-एक रुपया श्रद्धा से अर्पित कर रहे हैं, वहीं कुछ सफेदपोशों ने उस पवित्र चढ़ावे को ही अपनी 'मुनाफाखोरी का टूल' बना लिया। उत्तर प्रदेश पुलिस और विशेष जांच दल की तफ्तीश में जो तथ्य सामने आ रहे हैं, वे सिर्फ एक वित्तीय घोटाले की कहानी नहीं हैं, बल्कि यह आस्था के साथ हुए अब तक के सबसे घिनौने विश्वासघात के साक्ष्य हैं।



जांच के रडार पर आए मुख्य आरोपी अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडे का नेटवर्क सिर्फ मंदिर के काउंटरों तक सीमित नहीं था। यह एक सोची-समझी साजिश थी, जिसके तहत भगवान के पैसे को 'लांड्रिंग' (पैसा ठिकाने लगाना) के जरिए बाजार में घुमाया जा रहा था। जांच एजेंसी ने आरोपियों और उनके करीबियों के कुल 30 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। प्राथमिक वित्तीय ऑडिट से साफ हुआ है कि इन खातों में जो लेनदेन हुए, वे खाता धारकों की वैध आय से 300% से भी अधिक पाए गए। यह कोई फुटकर चोरी नहीं थी, बल्कि एक सुव्यवस्थित सिंडिकेट था। तकनीक और बैंकिंग लूपहोल्स का फायदा उठाकर, चढ़ावे की नकदी को पहले रिश्तेदारों और सहयोगियों के खातों में खपाया जाता था और फिर लेयरिंग के जरिए उसे मुख्य आरोपियों के खातों में वापस लाया जाता था, ताकि पुलिस या टैक्स एजेंसियों को भनक न लगे।

आरोपियों अनुकल्प मिश्रा और अविनाश ने पूछताछ में जो कबूलनामा किया है, उसने वित्तीय विशेषज्ञों को भी चौंका दिया है। प्रभु राम के भक्तों का पैसा दो समानांतर रास्तों पर दौड़ रहा था।

**शेयर बाजार :** चढ़ावे की मोटी नकदी को ठिकाने लगाने के लिए उसे शेयर बाजार में शॉर्ट-टर्म और मिड-टर्म ट्रेडिंग में झोंक दिया गया। यानी, भक्तों की श्रद्धा से आरोपी अपनी वेल्थ (संपत्ति) जनरेट कर रहे थे।

**बाजार में सूदखोरी :** अयोध्या और आसपास के इलाकों में इसी पैसे को स्थानीय व्यापारियों और जरूरतमंदों को भारी-भरकम (अनुमानित 24% से 36% सालाना) ब्याज पर उधारी में दिया जा रहा था। भगवान का पैसा आरोपियों के लिए, निजी साहूकारी का फंड बन चुका था। एसआईटी की छापेमारी में आरोपियों के घरों से नकदी के बंडल, सोने के झुमके, लॉकिट और महंगी करें बरामद हुई हैं। लेकिन, सबसे बड़ा खुलासा भूमि दस्तावेजों से हुआ। अनुकल्प मिश्रा के घर से अयोध्या के प्राइम लोकेशन पर एक एकड़ जमीन के कागजात मिले हैं। दस्तावेजों में इस जमीन की रजिस्ट्री महज 6.7 लाख रुपए दिखाई गई है, जो कि ब्लैक मनी को छुपाने का पुराना पैंतरा है। अयोध्या में जमीनों के मौजूदा उछाल को देखते हुए, इस जमीन की वास्तविक बाजार कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है।

फिलहाल, एसआईटी की जांच जारी है और फॉरेंसिक ऑडिटर्स की टीम बैंक खातों के डिजिटल ट्रेल को खंगाल रही है। राम भक्तों की बस एक ही मांग है- प्रभु के घर में सेंध लगाने वालों को ऐसी सजा मिले, जो नजीर बन जाए। चाहे वह केंद्र का यसमैन हो या उसके नियुक्त यसमैन का यसमैन हो।

### आस्था की आंच में झुलसेगी सियासत?

राम मंदिर का मुद्दा हमेशा से देश व उत्तर प्रदेश की राजनीति का केंद्र बिंदु रहा है। जून के पहले सप्ताह में जब पहली बार गिनती में हेरफेर पकड़ी गई और 8 लोगों की गिरफ्तारी हुई, तब से विपक्ष को एक बड़ा हथियार मिल गया है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव होने हैं। हालांकि, राम मंदिर का सब कुछ केंद्र के बनाए व नियुक्त किए तंत्र के हाथ में रहा है और आज भी है, फिर भी राजनीति के जानकारों का मानना है कि यदि योगी सरकार ने इस 'चंदा चोरी' के आरोपियों पर त्वरित और ऐसी कठोर कार्रवाई (जैसे बुलडोजर एक्शन या रासुका) नहीं की, जिससे जनता में कड़ा संदेश जाए, तो यह मुद्दा चुनावी नतीजों को प्रभावित कर सकता है। विपक्ष इसे 'आस्था के संरक्षण में विफलता' के रूप में भुनाने की पूरी कोशिश में है।

### "छात्रों की गूंज" मैराथन में छात्रों ने लिया हिस्सा

# पेपर लीक होने से छात्रों के सपने टूटे हैं : कन्हैया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पेपर लीक की घटनाओं, शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अनियमितताओं तथा छात्रों के भविष्य की सुरक्षा की मांग को लेकर रविवार को रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से "छात्रों की गूंज" अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हजारों की संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और युवाओं के अधिकारों की आवाज बुलंद की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा कि आज देश का युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित है बार-बार होने वाले पेपर लीक ने लाखों मेहनती छात्रों के सपनों को तोड़ा है। युवाओं के साथ हो रहे इस अन्याय के खिलाफ देशभर में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है और "छात्रों की गूंज" उसी अभियान का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि छात्रों को न्याय दिलाने और भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित कराने की लड़ाई लगातार जारी रहेगी। अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान चीब ने कहा कि देश का युवा केवल रोजगार ही नहीं बल्कि निष्पक्ष और ईमानदार परीक्षा प्रणाली भी चाहता है। सरकार की जिम्मेदारी है कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न होने दे। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। इस मैराथन का आयोजन "छात्रों की गूंज" अभियान के संयोजक कुमार राजा के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक दौड़ नहीं बल्कि छात्रों के अधिकार, सम्मान और सुरक्षित भविष्य के लिए जनआंदोलन का प्रतीक है। जब तक पेपर लीक जैसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक नहीं लगती और दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं होती।

### छात्र आंदोलन का इतिहास फिर से दोहराने का वक्त आ गया है : सुबोधकांत



**रांची।** छात्र आंदोलन का इतिहास फिर से लिखने का वक्त आ गया है। छात्रों की गूंज दिल्ली दरबार में बैठे केंद्र की भाजपा सरकार के कानों तक गूंजने लगी है। इतिहास इस बात का हमेशा गवाह रहा है कि छात्रों की मांगों को जिस किसी ने भी नजरंदाज किया, उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने रविवार को मोरहाबादी मैदान में रांची जिला महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित "छात्रों की गूंज" कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कही। श्री सहाय ने कहा कि राहुल गांधी सर्वमान्य नेता हैं। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को करारा जवाब देने में भी सक्षम हैं। उनसे आंख से आंख मिलाकर बात करने वाले राजनेता राहुल गांधी हैं। श्री सहाय ने कहा कि छात्रों की मांगों को लेकर और उनका भविष्य संवारने के लिए कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया है। यह गूंज थमने वाली नहीं है।

## भाजपा ने जेएसडीएमएस में अनियमितता का लगाया आरोप



● **जांच की मांग**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड सरकार की 'झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी' (जेएसडीएमएस) में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने दावा किया कि ब्लैकलिस्ट की गई कंपनियों को नियमों के विपरीत अस्थायी रूप से काली सूची से हटाकर करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया और बाद में उन्हें फिर से ब्लैकलिस्ट कर दिया गया। रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अजय साह ने कुछ दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए दावा किया कि अगस्त 2024 में तत्कालीन मिशन निदेशक ने स्किल डेवलपमेंट से जुड़ी छह कंपनियों को फर्जी बैंक गारंटी देने का दोषी मानते हुए अगस्त 2026 तक के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया था। इसके बावजूद वर्तमान मिशन निदेशक शैलेंद्र लाल ने अक्टूबर 2024 में इन कंपनियों को "लोकहित" का हवाला देते हुए काली सूची से हटाकर भुगतान करने का आदेश जारी किया। भाजपा का दावा है कि इस दौरान विभाग की ओर से लगभग 55 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। अजय साह ने आरोप लगाया कि अगस्त 2025 में फर्जी बैंक गारंटी मामले में तत्कालीन अधिकारी विनय चौबे के जेल जाने के बाद इन्हीं कंपनियों को दोबारा ब्लैकलिस्ट कर दिया गया।

## श्रीराम के अस्तित्व पर प्रश्न उठाने वाली कांग्रेस को सवाल पूछने का अधिकार नहीं : आदित्य साहू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े कथित अनियमितता के मामले पर कांग्रेस की ओर से उठाए गए सवालों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कांग्रेस पर वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज राम मंदिर को लेकर चिंता जता रही है, जबकि अतीत में उसका रुख इससे बिल्कुल अलग रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान कांग्रेस ने न्यायालय में यह पक्ष रखा था कि भगवान राम एक काल्पनिक पात्र हैं और उनका कोई जन्मस्थान नहीं है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कारसेवकों पर हुई कार्रवाई का समर्थन किया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद भी कांग्रेस ने रामलला के पक्ष में कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी। उनका दावा है कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए भेजे गए निमंत्रण को भी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने स्वीकार नहीं किया।

### भगवान राम किसी दल की जागीर नहीं : लाल किशोर



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान पर कड़ा पलटवार किया है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भगवान राम किसी एक राजनीतिक दल की जागीर नहीं हैं। वो पूरे ब्रह्मांड के हैं और सनातन संस्कृति में आस्था रखने वाले हर नागरिक के दिल में बसते हैं। भाजपा ने हमेशा प्रभु राम के नाम का राजनीतिक इस्तेमाल किया है, जबकि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों और देश के संविधान का सम्मान किया है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए चढ़ावे और चंदे में जो अनियमितताएं सामने आई हैं, वह करोड़ों सनातनी भाई-बहनों की आस्था पर गहरी चोट है।

### भाजपा भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगी है : राकेश सिन्हा



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान को "तथ्यों से भागने और भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की हताश कोशिश" करार दिया है। राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वह भगवान श्रीराम के नाम पर श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए चढ़ावे की पवित्रता बचाना चाहती है या चढ़ावे में गड़बड़ी करने वालों को राजनीतिक संरक्षण देना चाहती है। कांग्रेस ने केवल इतना कहा है कि करोड़ों रामभक्तों की आस्था से जुड़े धन का पूरा हिसाब जनता के सामने आए और दोषियों को कठोर सजा मिले। यदि भाजपा को इससे तकलीफ हो रही है, तो उसकी मंशा पर गंभीर सवाल उठते हैं।

## लंबित मांगों पर जल्द निर्णय ले सरकार : झारखंड राज्य अमीन संघ

● **राज्यस्तरीय बैठक में पांच सूत्री मांगों का प्रस्ताव पारित, पहले सौंपे गए मांगपत्रों पर कार्रवाई की मांग**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड राज्य अमीन संघ ने अपनी वर्षों से लंबित पांच सूत्री मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग राज्य सरकार से की है। संघ की राज्यस्तरीय बैठक में पहले से सरकार को सौंपे गए मांगपत्रों का समर्थन करते हुए प्रस्ताव पारित किया गया और लंबित मामलों पर नियमानुकूल कार्रवाई की मांग दोहराई गई। झारखंड राज्य अमीन संघ की राज्यस्तरीय बैठक रविवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से पहले से राज्य सरकार को सौंपे गए पांच सूत्री मांगपत्र के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया। संघ ने सरकार से आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त कर अमीनों की सरकारी नियुक्ति सुनिश्चित करने, अमीनों को नॉन-टेक्निकल के बजाय तकनीकी श्रेणी में शामिल करने, सामान्य कार्य के अनुरूप सामान्य मानदेय लागू करने तथा स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी सरकारी सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने की मांग दोहराई।

### एस्बेस्टस तोड़कर चोरों ने तीन लाख के जेवर ले भागे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के जगन्नाथपुर न्यू कॉलोनी के रहने वाले सुरेश यादव के घर का एस्बेस्टस तोड़कर चोरों ने तीन लाख के जेवरात चुराकर फरार हो गए। इस वारदात को चोरों ने गुरुवार को उस समय अंजाम दिया जब सुरेश व उनका परिवार घर पर नहीं था। चोरी की वारदात घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गयी है। इस संबंध में सुरेश ने जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। सुरेश ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को वह अपने घर पर नहीं थे।

सीसीटीवी कैमरा में देखने पर पता चला कि भोर साढ़े तीन बजे उनके घर का एस्बेस्टस तोड़कर चोर घर में दाखिल हुए। अलमीरा में रखे सोना-चांदी के कीमती जेवरात चुराकर फरार हो गए। जिसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। सुरेश ने आसपास के लोगों पर चोरी का शक जाहिर किया है। ,इधर, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### आज गहराएंगे बादल, कल पूरे राज्य में बारिश

**रांची।** राजधानी समेत झारखंड के विभिन्न भागों में सोमवार से बादल गहराएंगे और रुक रुक कर बारिश होने की जानकारी होगी। वहीं राज्य के अधिकांश जिलों में कहीं कहीं तेज हवा के साथ वज्रपात की चेतावनी दी गयी है। मौसम विभाग के सोमवार को रांची समेत राज्य में कहीं कहीं वज्रपात होने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची और राज्य के अधिकांश जगहों पर बारिश नहीं हुई। रांची में हल्के बादल छाए रहे। केवल एक मिमी बारिश हुई। इससे तापमान में कुछ वृद्धि हुई। यहां का अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री और न्यूनतम 23.0 डिग्री रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान यहां के तापमान में करीब तीन डिग्री की वृद्धि हुई। वहीं पाकुर का सर्वाधिक अधिकतम 36.2 डिग्री दर्ज किया गया। रविवार को रामगढ़ में 22.0 मिमी बारिश हुई। वहीं लोहरदगा और कुछ अन्य जिलों में हल्की बारिश हुई। जबकि राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान मानसून कमजोर रहा है। राज्य में रांची समेत कहीं कहीं हल्की बारिश हुई है। देवघर में 35.2 मिमी, हजारीबाग में 6.0 समेत राज्य के कई जगह हल्की बारिश हुई।

### विश्व आदिवासी दिवस पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा भव्य आयोजन



● **आदिवासी छात्र संघ ने बनाई रणनीति**

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ केंद्रीय समिति के संस्थापक सदस्यों की बैठक रविवार को ट्राइबल हॉस्टल, मोरहाबादी में आयोजित हुई। बैठक में 8 जुलाई को आयोजित महाधिवेशन कार्यक्रम की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 अगस्त 2026 को विश्व आदिवासी दिवस मोरहाबादी मैदान में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मुख्य अतिथि तथा आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सरना कोड लागू कराने और परिसीमन के विरोध को लेकर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान, अधिकार और संस्कृति की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होकर आगे आना होगा। विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक आयोजन रहेगा। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी छात्र संघ की स्थापना आदिवासियत की एकता और अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से की गई थी। सरना कोड की मांग को लेकर संगठन आगे भी आंदोलन जारी रखेगा।बैठक में 8 जुलाई के महाधिवेशन में शामिल सभी सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। मौके पर डॉ. सुशील कुमार मिंज, सुखदेव कच्छप सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

**कामकाज**

### रांची में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान तेज, 73.94 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण पूरा

# 6.33 लाख गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण हुआ पूरा

● **सिल्ली विधानसभा क्षेत्र रहा सबसे आगे**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत रांची जिले में गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण एवं डिजिटलीकरण का कार्य तेजी से जारी है। 12 जुलाई 2026 को शाम 4 बजे तक जिले में कुल 26,74,681 निर्वाचकों में से 19,77,617 गणना प्रपत्रों का वितरण किया जा चुका है, जो कुल का 73.94 प्रतिशत है। वहीं 6,33,075 प्रपत्रों का डिजिटलीकरण पूरा कर लिया गया है, जो कुल मतदाताओं का 23.67 प्रतिशत है।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा गणना प्रपत्र वितरण, संग्रहण एवं डिजिटलीकरण कार्य की नियमित समीक्षा और निगरानी की जा रही है। अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

### शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने का निर्देश

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों को अभियान में और तेजी लाते हुए शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरण, संग्रहण एवं समयबद्ध डिजिटलीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन ने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा करें, ताकि निर्धारित समय के भीतर प्रपत्र संग्रहण एवं डिजिटलीकरण की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

### अधिक 96.22 प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरित

विधानसभा क्षेत्रवार प्रगति के अनुसार सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 96.22 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण किया गया है।

यहां 2,19,717 प्रपत्र वितरित किए गए हैं और 77,929 प्रपत्रों (34.13 प्रतिशत) का डिजिटलीकरण पूरा हो चुका है। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में 2,06,816 प्रपत्र (94.40 प्रतिशत) वितरित किए गए हैं, जबकि 72,226 प्रपत्रों (32.97 प्रतिशत) का डिजिटलीकरण किया गया है। खिजरी विधानसभा क्षेत्र में 3,44,746 प्रपत्र (88.98 प्रतिशत) वितरित और 1,13,156 प्रपत्रों (29.21 प्रतिशत) का डिजिटलीकरण पूरा किया गया है।

## दृष्टिपात

### लाइट हाउस जनकल्याण समिति की बैठक लाभुकों ने सुविधाओं को लेकर जताई नाराजगी



**रांची।** लाइट हाउस जनकल्याण समिति के तत्वावधान में रविवार को पंचमुखी हनुमान मंदिर धर्मशाला में लाभुकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जूली कुमारी ने की, जबकि संचालन चंदा मुखर्जी ने किया। बैठक में लाइट हाउस आवास परिसर में व्याप्त समस्याओं को लेकर लाभुकों ने नाराजगी जताई। लोगों ने सीवरेज की समस्या, साफ-सफाई, लिफ्ट संचालन में परेशानी और मेंटेनेंस व्यवस्था पर सवाल उठाए। लाभुकों ने कहा कि नियमित शुल्क लेने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं में सुधार नहीं हो रहा है। बैठक में मुख्य अतिथि राजद प्रवक्ता सह जनकल्याण समिति के संयोजक कैलाश यादव ने कहा कि लाभुकों को अपने आवास का मालिकाना हक दिलाने और रजिस्ट्री सहित अन्य मांगों को लेकर एकजुट होकर आंदोलन की रणनीति तैयार करनी होगी।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, केस दर्ज

रांची। रांची के बिरसा चौक के रहने वाले करण कुमार सिंह की सड़क हादसे में मौत मामले में जगन्नाथपुर थाने में वाहन चालक व मालिक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। कृष्णा कुमार की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी में कहा गया है कि उनका पुत्र करण गुरुवार की रात गाड़ी से जा रहा था। विपरीत दिशा से हवाई नगर रोड नंबर दो से आ रही तेल टैंकर ने उनके पुत्र की गाड़ी में जोरदार धक्का मार दिया। इस घटना में उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनके पुत्र की मौत हो गई।

### 14 की चुनाव पाठशाला में सक्रिय भागीदारी निभाएगी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा

**रांची।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, झारखंड प्रदेश ने राज्य में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत 14 जुलाई को आयोजित होने वाली चुनाव पाठशाला में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। महासभा ने इसे लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए अपने सभी जिला अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रणय कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम कुमार एवं प्रदेश प्रवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के उस वक्तव्य का स्वागत किया है, जिसमें मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2026 को जनसहभागिता पर आधारित प्रक्रिया बताया गया है। महासभा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे और प्रत्येक योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। प्रदेश प्रवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि झारखंड प्रदेश के प्रभारी ए.के. श्रीवास्तव ने विशेष रूप से सभी जिला अध्यक्षों से समाज के युवा एवं महिला कार्यकर्ताओं को इस अभियान से जोड़ने और उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। महासभा ने कहा कि कायस्थ समाज सदैव सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में अग्रणी रहा है और लोकतंत्र को सशक्त बनाने के इस अभियान में भी पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ अपनी भूमिका निभाएगा।

### आज से चरणबद्ध आंदोलन पर जाएंगे एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मी

**रांची।** झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ ने लंबित मांगों पर सरकार की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं होने के विरोध में 13 जुलाई से राज्यव्यापी चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर श्रावणी मेला प्रतिनियुक्ति का सामूहिक बहिष्कार किया जाएगा। साथ ही 27 जुलाई को नेपाल हाउस स्थित स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव कार्यालय का घेराव भी किया जाएगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार और प्रदेश महासचिव मंगल हेंब्रम ने कहा कि राज्य के बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरुष) पिछले करीब 18 वर्षों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और जनस्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन अब तक उनके स्थायी समायोजन समेत अन्य मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया है।

### सदर अस्पताल में अब दोनों पालियों में होगा बच्चों का टीकाकरण

**रांची।** सदर अस्पताल में अब बच्चों का नियमित टीकाकरण दोनों पालियों में होगा। नई व्यवस्था में अधिक से अधिक बच्चों को समय पर टीका लग सकेगा। सदर अस्पताल में हर माह छह हजार से अधिक बच्चों का निःशुल्क टीकाकरण होता है। यहां जन्म से लेकर निर्धारित आयु तक के बच्चों को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत कई जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए जरूरी टीके लगाए जाते हैं। बड़ी संख्या में मरीजों के पहुंचने और टीकाकरण का समय सीमित होने के कारण कई बार अभिभावकों उठानी पड़ती है। अब सुबह अस्पताल नहीं नहीं पहुंच पाने वाले अभिभावक दोपहर की पाली में भी बच्चों का टीकाकरण करा सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि समय पर टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर एवं संक्रामक बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। ऐसे में दो पालियों में टीकाकरण शुरू होने से टीकाकरण का दायरा बढ़ेगा और कोई भी बच्चा केवल समय की कमी के कारण इस महत्वपूर्ण सुविधा से वंचित नहीं रहेगा।

### गेतलसूद डैम में नहाने के दौरान बरियातू के युवक की डूबकर मौत

**रांची।** पर्यटन स्थल गेतलसूद डैम के रोज आइलैंड में रविवार शाम नहाने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बरियातू मिल्लत कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय अर्शलान खान पिता अमन खान के रूप में हुई है। हादसा शाम करीब साढ़े छह बजे हुआ। युवक अपने पांच दोस्तों के साथ घूमने के लिए रोज आइलैंड पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अर्शलान अपने दोस्तों के साथ डैम के पानी में नहाने उतरा था। इसी दौरान वह गहरे पानी की ओर चला गया और देखते ही देखते डूबने लगा। उसे डूबता देख उसके साथ आए दोस्तों ने शोर मचाया। आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक वह गहरे पानी में समा चुका था। घटना की सूचना मिलते ही सिकिदिरी थाना प्रभारी बम शंकर यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। एनआर बोटिंग के ऑपरेटर और सेकी के आठ विशेषज्ञ गोताखोरों की मदद से करीब दो घंटे तक युवक की तलाश की गई। रात करीब साढ़े आठ बजे गोताखोरों ने अर्शलान के शव को पानी से बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही डैम परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई। युवक के पिता अमन खान, माता शमशाद बेगम और अन्य परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां शमशाद बेगम दहाड़ मारकर रोने लगीं। थाना प्रभारी बम शंकर यादव ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा। अर्शलान खान का ननिहाल सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे गांव में है, जो घटनास्थल के पास ही स्थित है। बताया गया कि वह अपने मामा कांग्रेस नेता फारूक खान को बिना जानकारी दिए गेतलसूद डैम के रोज आइलैंड घूमने पहुंच गया था।

सेवा भारती के वार्षिकोत्सव का हुआ भव्य समापन

# बच्चों ने बिखेरी संस्कृति और संस्कारों की छटा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सेवा भारती रांची महानगर भाग-4 के बाल संस्कार केंद्र का वार्षिक उत्सव दो चरणों में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, संगीत, योग, चित्रकला सहित विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने जमकर सराहना की।
उत्सव के प्रथम चरण में बाल संस्कार केंद्र के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने नृत्य और संगीत के माध्यम से अपनी कला प्रतिभा दिखाई, वहीं योग और चित्रकला में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष रूप से आमंत्रित जादूगर ने अपने हैरतअंगेज करतबों से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर पद्मश्री महावीर नायक, वीरेंद्र शर्मा, उमेश प्रसाद,



पारस सोनी और अखिलेश मिश्र उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में मुख्य अतिथि के रूप में रांची की महापौर रोशनी खलखो और विशिष्ट अतिथि के रूप में हटिया विधायक सह भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल उपस्थित रहे। सेवा भारती के ट्रस्टी गुरु शरण प्रसाद भी समारोह में शामिल हुए। महापौर रोशनी खलखो ने बच्चों के साथ समय बिताते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके सर्वांगीण विकास में सेवा भारती का योगदान सराहनीय है। उन्होंने संस्था के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया। वहीं, विधायक नवीन जायसवाल ने बच्चों को संस्कार, पारिवारिक मूल्यों और शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में खेलकूद जरूरी है, लेकिन पढ़ाई पर भी समान रूप से ध्यान देना चाहिए।समारोह के समापन अवसर पर पूरे वर्ष और वार्षिक उत्सव के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवा भारती के प्रांत अध्यक्ष गिरीश मल्होत्रा, नगर अध्यक्ष चंद्रकांत राय, भाग-4 अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव और सचिव विनय लाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में रामाकांत दुबे ने अतिथियों, कार्यकर्ताओं, अभिभावकों और बच्चों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समारोह के समापन की घोषणा की।

## अंगिका समाज ने भोजन का पैकेट बांटा



रांची। झारखण्ड प्रदेश अंगिका समाज द्वारा चलाए जा रहे नर नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत रविवार को 10 बजे पूर्वाह्न में पहाड़ी मंदिर में नर नारायणों के बीच भोजन पैकेट एवं पानी के बोतल का वितरण किया गया। महासचिव डॉ श्रीमोहन सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में दिनेश प्रसाद गुप्ता संगठन सचिव,अनिल कुमार चौधरी सह कोषाध्यक्ष, नरोत्तम प्रसाद सिंह, दिवाकर प्रसाद चौधरी अभियंता, बिभाष मिश्र, राजेश पांडेय एवं अरुण किशोर सिंह ने भाग लेकर सेवा कार्य पूरा किया। यह कार्यक्रम सामाजिक, आध्यात्मिक एवं नर नारायण सेवा के प्रति महत्व के मद्देनजर संपादित किया गया।


## संवाददाता के रूप में बनाइए शानदार करियर

1994 से डाल्टनगंज और 1999 से रांची से लगातार प्रकाशित दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल को दोनों संस्करणों के लिए मुख्यालय जिला और प्रखंड स्तर पर समाचारों की समझ रखने वाले जुझारू पत्रकारों और ट्रेनी युवा पत्रकारों की आवश्यकता है। पूर्ण विवरण, आधार कार्ड, अनुभव और फोटो के साथ इमेल करें। संपूर्ण पत्राचार पूर्णत: गोपनीय रहेगा। समय पर उचित सम्मानजनक पारिश्रमिक और विज्ञापनों के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

प्रधान संपादक
hr.rnmail@gmail.com


आज कल




# पंडरा में फुटपाथी दुकानदारों को मिलेगा स्थायी बाजार

## संजय सेठ और मेयर ने किया संभावित जगह का चयन

- बाजार परिसर में स्वच्छ शौचालय सहित बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी
- योजना से स्ट्रीट वेंडर्स को सम्मानजनक और सुरक्षित कार्यस्थल मिलेगा
- शहर की यातायात और बाजार व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित बनाने का लक्ष्य

नवीन मेल संवाददाता



रांची। राजधानी रांची के पंडरा क्षेत्र में सड़क किनारे दुकान लगाकर आजीविका चलाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स के लिए राहत की खबर है। लंबे समय से स्थायी बाजार की मांग कर रहे इन छोटे कारोबारियों को जल्द ही एक निश्चित स्थान मिल सकता है। इस दिशा में रविवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रांची की मेयर रोशनी खलखो ने पंडरा क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया और संभावित स्थल का जायजा लिया।
निरीक्षण के दौरान पंडरा थाना के सामने तथा पंडरा पुल के बाद दाहिनी ओर स्थित खाली सरकारी जमीन का अवलोकन किया गया। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ इस बात पर चर्चा हुई कि इस भूमि को विकसित कर स्ट्रीट वेंडर्स के लिए एक सुव्यवस्थित स्थायी बाजार बनाया जाए, जिससे वे बिना किसी बाधा के अपना व्यवसाय संचालित कर सकें।
पंडरा के ओटीसी मैदान से लेकर फ्रेंड्स कॉलोनी तक प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स अपनी दुकानें लगाते हैं। स्थायी स्थान के अभाव में उन्हें आए दिन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, अस्थायी व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को रक्षा राज्य मंत्री एवं क्षेत्र के सांसद संजय सेठ पहले भी नगर परिषद की बैठक में प्रमुखता से उठा चुके हैं।प्रस्तावित योजना के तहत केवल बाजार ही नहीं, बल्कि दैनिक मजदूरों के लिए शेड और स्वच्छ शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इससे मजदूरों और छोटे कारोबारियों को एक ही स्थान पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी। जनप्रतिनिधियों का मानना है कि स्थायी बाजार बनने से स्ट्रीट वेंडर्स को सम्मानजनक कार्यस्थल मिलेगा, उनकी आजीविका अधिक सुरक्षित होगी और शहर की यातायात एवं बाजार व्यवस्था भी अधिक सुव्यवस्थित हो सकेगी। निरीक्षण के दौरान वार्ड-32 के पार्षद संजय कुमार, वार्ड-33 की पार्षद पुष्पा टोप्पो, वार्ड-34 के पार्षद अजीत कच्छप के अलावा अशोक मुंडा, सुबेश पांडेय, देवन होंडा, सुशील कुमार और मनोज चौधरी सहित अन्य स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

## रांची में 'नशा मुक्त भारत अभियान' का शुभारंभ, युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश

रांची। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मेडिकल प्रभाग एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में हरमू रोड स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में 'नशा मुक्त भारत अभियान' का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।
कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षाविदों ने नशे को समाज और युवा पीढ़ी के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार, स्वस्थ जीवनशैली और मानसिक मजबूती भी आवश्यक है। राजयोग मेडिटेशन को नशा मुक्ति का प्रभावी माध्यम बताते हुए इसके नियमित अभ्यास की अपील की गई।
ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने बताया कि अभियान के तहत देशभर के 372 जिलों में स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से 10 करोड़ लोगों को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान नशे के दुष्प्रभावों पर नाट्य मंचन किया गया तथा आगामी जागरूकता गतिविधियों को लेकर शिक्षकों के साथ बैठक भी आयोजित की गई।

## 59वां श्री श्याम महोत्सव 17 से 20 सितंबर तक, तैयारियां तेज



नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री श्याम मंडल की एक आम सभा रविवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर के सभागार में हुई। सभा में आगामी 59वें चार दिवसीय वार्षिक श्री श्याम महोत्सव का आयोजन 17 से 20 सितंबर तक अत्यंत धूमधाम एवं उत्साह के साथ करने का निर्णय लिया गया। महोत्सव का आयोजन श्री श्याम मंडल द्वारा निर्मित अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर परिसर में होगा।बैठक में महोत्सव की तैयारियों को लेकर विभिन्न उप-समितियों के कार्यों की समीक्षा की गई तथा सभी सदस्यों से समर्पण भाव से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सभा में बताया गया कि इस वर्ष भी श्री श्याम दरबार का भव्य एवं आकर्षक श्रृंगार महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहेगा। श्री श्याम प्रभु के साथ-साथ मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं कामना शिव परिवार का मनमोहक श्रृंगार कोलकाता के कुशल मालाकारों द्वारा कराया जाएगा। साथ ही महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। महोत्सव का विस्तृत कार्यक्रम में 17 सितंबर 2026 (गुरुवार): नर सेवा–नारायण सेवा। 18 सितंबर 2026 (शुक्रवार): अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर से भव्य एवं विराट शोभायात्रा। 19 सितंबर 2026 (शनिवार): नयनाभिराम श्रृंगार, भजन संकीर्तन, अखंड ज्योत, छप्पन भोग तथा 59वें प्रेम पुष्प (भजन पुस्तिका) का विमोचन। 20 सितंबर 2026 (रविवार): प्रातः 7:30 बजे से सुंदरकांड पाठ, सवामणि भोग एवं पूरे दिन भजन संकीर्तन का आयोजन।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने बाल कृष्णा स्कूल परिसर में लगाए पौधे

नवीन मेल संवाददाता




रांची। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के "सृजन से सम्मान तक" रजत जयंती वर्ष समारोह के अंतर्गत पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल के सम्मान में आयोजित पर्यावरण एवं स्वच्छता अभियान के तहत मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा बाल कृष्णा स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना एवं अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए समाज को प्रेरित करना था। इस अवसर पर शाखा की बहनों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सभी से पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आग्रह किया।

## सिटीजन फोरम ने 50 वार्ड पार्षदों से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता



रांची। रांची सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने वार्ड 6 की पार्षद मोनिका खलखो, वार्ड 18 की आशा गुप्ता और वार्ड 28 की रश्मि चौधरी से मुलाकात कर उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन सौंपा। फोरम ने बताया कि अब तक 53 में से 50 वार्ड पार्षदों से मुलाकात की जा चुकी है। मुलाकात के दौरान पार्षदों ने विकास कार्यों के लिए फंड की कमी, नगर निगम की आय-व्यय में पारदर्शिता के अभाव, विभिन्न समितियों के गठन में देरी तथा निर्वाचित पार्षदों के मानदेय का भुगतान नहीं होने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि झारखंड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के कई प्रावधानों का समयबद्ध पालन नहीं हो रहा है। वार्ड 6 की पार्षद मोनिका खलखो ने प्रतिनिधिमंडल का पारंपरिक सरना पट्टा अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया और क्षेत्र में सामुदायिक भवन निर्माण तथा मुख्य सड़कों के चौड़ीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रतिनिधिमंडल में सचिव रेणुका तिवारी, आशीष जायसवाल और कुमार अभिषेक दुबे भी शामिल थे।

# दृष्टिपात

## रांची साइकिल डीलर्स एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, राजकुमार फोगला बने अध्यक्ष



रांची। रांची साइकिल डीलर्स एसोसिएशन (आरसीडीए) का वार्षिक चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में चुनाव पदाधिकारी प्रमोद नारंग के नेतृत्व में संपन्न हुआ। चुनाव के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। चुनाव में राजकुमार फोगला को अध्यक्ष, ब्रजेश गक्कड़ (मोनू) को उपाध्यक्ष, प्रदीप सिंघानिया को सचिव, केदार राय 'पराशर' को संयुक्त सचिव तथा उमेश गक्कड़ को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नन्द किशोर सिंह, अखिलेश गिरि, मनीष कुमार अग्रवाल, मनीष बागला, रवि बुधिया एवं परिमल फोगला का चयन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने एसोसिएशन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा साइकिल व्यवसायियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## कुरमाली बिहा गीत प्रतियोगिता में दिखी लोक संस्कृति की झलक



रांची। कुरमाली भाषा, साहित्य और लोक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से रविवार को कुरमाली बिहा गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों और भाषा प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजाराम महतो ने कहा कि अपनी भाषा, संस्कृति और लोक परंपराओं का संरक्षण करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाषा और संस्कृति सुरक्षित रहेगी, तभी आने वाली पीढ़ियां अपनी पहचान और विरासत से जुड़ी रहेंगी। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पारंपरिक कुरमाली बिहा गीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में कुरमाली भाषा और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में डॉ. एचएन सिंह, विंग कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह, कार्तिक महतो, ईश्वर चंद्र महतो, सत्यनारायण महतो, प्रो. गोवर्धन महतो, कवि विजयराज महतो, कवि देवेंद्र नाथ महतो, डॉ. नीलू कुमारी, प्रो. जयंती कुमारी, कपिल देव महतो एवं अशोक महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में अनिता देवी, रीता महतो, सुनीता देवी, मोनिका देवी, जयललिता महतो, सीता कुमारी और राखी महतो सहित कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और उत्साहवर्धन के लिए सम्मानित किया गया।

## हस्ताक्षर संस्था ने वरीय रंगकर्मी नरेश प्रसाद को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



रांची। नगर की प्रतिष्ठित रंग संस्था हस्ताक्षर की ओर से शनिवार को वरीय रंगकर्मी स्व. नरेश प्रसाद की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ एवं युवा रंगकर्मियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर स्व. प्रसाद के व्यक्तित्व एवं रंगमंच के प्रति उनके योगदान को याद किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर हस्ताक्षर के वरिष्ठ कलाकार एवं प्रसिद्ध चित्रकार विश्वनाथ प्रसाद द्वारा स्व. नरेश प्रसाद का बनाया गया तैलचित्र उनके परिजनों को श्रद्धास्वरूप भेंट किया गया। रंगकर्मी शिशिर पंडित ने स्व. प्रसाद के साथ बिताए वर्षों को याद करते हुए उनकी सरलता और आत्मीयता का उल्लेख किया। वहीं राजीव सिन्हा, राकेश गुप्ता एवं कुलदीप सिंह दीपक ने कहा कि स्व. नरेश प्रसाद पुरानी और नई पीढ़ी के रंगकर्मियों के बीच एक मजबूत सेतु थे, जिसकी कमी हमेशा महसूस होगी।कार्यक्रम में वरिष्ठ रंगकर्मी राकेश रमण ने श्रद्धांजलि स्वरूप कविता पाठ किया। सभा में ईश्वरलाल राजप्रिय, सुजान पंडित, कीर्ति वर्मा, सुभा चौधरी, कुमकुम गौड़, सूरज खन्ना, संगीता पंडित, उषा साहू, विनोद जायसवाल, ऋषिकेश कांस्यकार, संतोष मृदुला, अरुण नायक, विपुल अग्रवाल, नीरज कुमार गुरुनानी, मुकेश प्रसाद चौथरनानी, अशोक गौड़ सहित अनेक रंगकर्मी उपस्थित थे।

## द ब्लैकबोर्ड के प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

- झारखंड बोर्ड 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ₹51 हजार, ट्रॉफी, मेडल व आकर्षक पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

रांची। डंगराटोली स्थित अग्रणी शिक्षण संस्थान द ब्लैकबोर्ड में शनिवार को झारखंड बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनकी सफलता का उत्सव मनाया गया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप नरसरिया थे। उन्होंने संस्थान के निदेशक सुशांत मिश्रा, विनय सिंह एवं शिक्षकों के साथ दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।
संस्थान ने इस वर्ष झारखंड बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। द ब्लैकबोर्ड के 10 विद्यार्थियों ने राज्य की टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान बनाया, जबकि 20 विद्यार्थियों ने टॉप-15 में जगह बनाई। वहीं 59 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया।
प्रतिभा सम्मान समारोह में राज्य के टॉपर्स एवं अन्य मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल, शील्ड, प्रशस्ति-पत्र और 51 हजार की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मार्ट टीवी, स्मार्ट वॉच, साइकिल सहित कई आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए गए।
संस्थान के निदेशक सुशांत मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है।
उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयार करना है। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता जताते हुए संस्थान के शिक्षकों एवं प्रबंधन की सराहना की। इस दौरान सूरज सर, निनय सर सहित कई शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति रही।

सेवा भाव | सावन समारोह पर अर्पिता महिला मंडल ने की शानदार पहल

# श्रमिकों के बीच ट्रॉली बैग व अन्य सामग्री का वितरण

- स्वच्छता मित्र, माली एवं अन्य कर्मियों को मिला कार्यक्रम का लाभ
- श्रमिकों के श्रम, समर्पण और योगदान के सम्मान का संदेश दिया गया

नवीन मेल संवाददाता



रांची। सावन समारोह पर अर्पिता महिला मंडल, रांची द्वारा अर्पिता महिला मंडल, राजहरा, बरकाकाना एवं गिरिडीह क्षेत्र के सदस्यों के संयुक्त सहयोग से जवाहर नगर में कार्यरत श्रमिकों के लिए सेवा एवं जनकल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्ष प्रीति सिंह के मार्गदर्शन तथा सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुआ।
कार्यक्रम के अंतर्गत श्रमिकों के बीच 40 ट्रॉली बैग एवं भोजन के पैकेट वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य श्रमिकों के दैनिक जीवन को सुगम बनाने के साथ-साथ उनके श्रम, समर्पण एवं योगदान के प्रति सम्मान प्रकट करना था।
इस अवसर पर अर्पिता महिला मंडल, रांची के साथ अर्पिता महिला मंडल, राजहरा, बरकाकाना एवं गिरिडीह क्षेत्र की सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।
सभी महिला मंडलों के समन्वित प्रयासों से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया तथा श्रमिकों तक सामग्री सुव्यवस्थित ढंग से वितरित की गई।ज्ञात हो के ये कर्मी सवच्छता मित्र , माली एवं अन्य कार्यो में अपनी सेवाए दे रहे है ।
इस अवसर पर अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्ष प्रीति सिंह ने कहा कि समाज के श्रमिक वर्ग का कल्याण एवं उनके प्रति सम्मान की भावना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि अर्पिता महिला मंडल भविष्य में भी समाजोपयोगी एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।
कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों ने अर्पिता महिला मंडल एवं सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अर्पिता महिला मंडल, रांची तथा राजहरा, बरकाकाना एवं गिरिडीह क्षेत्र की महिला मंडलों की टीम सक्रिय सहभागिता एवं समन्वित प्रयासों से संपन्न हुआ।

### लापुंग और बेड़ो प्रखंड में राजीव गांधी ग्रामीण प्रतिभा प्रतियोगिता का आयोजन

# बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं, सिर्फ इसे निखारने की जरूरत है : बीडीओ

- पीएम श्री राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग में 605 में से 574 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में हिस्सा लिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो/ लापुंग ।** लापुंग प्रखंड में भारत रत्न स्व राजीव गांधी ग्रामीण प्रतिभा प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया। लापुंग प्रखंड में बीडीओ उषा मिंज एवं बीपीओ लीलावती तिर्की सहित सभी बीआरपी सीआरपी के मार्गदर्शन में तीन अलग-अलग परीक्षा केंद्रों में परीक्षा का संचालन किया गया। इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है सिर्फ इसे निखारने की जरूरत है। यहां पर्यवेक्षक इटकी प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया रमेश महली ने बतौर पर्यवेक्षक लापुंग प्रखंड के परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। लापुंग प्रखंड के पीएम श्री राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग में 605 में से 574 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में हिस्सा लिया। जबकि 31 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। वहीं लापुंग इंटर कॉलेज में 161 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में हिस्सा लिया। यहां चार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जातालोया में 168 में से 161 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। यहां सात परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को सफल बनाने में बीआरपी रेशम शाहदेव, सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, मनोज कुमार साहु, चंद्रमोहन ठाकुर, अजीत कुमार सिंह, मंटु कुमार साहु, पीएम श्री राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय, लापुंग इंटर कॉलेज के प्राचार्य प्रो भुवनेश्वर यादव, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जातालोया की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुचिता लकड़ा, जौनी देवी, अरविंद कच्छप, मो समीउल्लाह हक, रूपेश कुमार पाठक, चमरू उरांव सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वहीं दूसरी ओर बेड़ो प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में रविवार को भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी ग्रामीण प्रतिभा प्रतियोगिता 2026 के तहत बेडो. प्रखंड में कक्षावार आठवीं से 12 वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बेडो. प्रखंड में चार अलग-अलग परीक्षा केंद्रों क्रमशः राजकीय मध्य विद्यालय बेडो. बालक, राजकीय मध्य विद्यालय बेडो. बालिका, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय तथा राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय बेडो. में आठवीं कक्षा के 522, नौवीं कक्षा के 231, दसवीं कक्षा के 225, 11 वीं कक्षा के 78 तथा 12 वीं 70 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में हिस्सा लिया। बेडो. प्रखंड के बीपीओ देव कुमार ने बताया कि कुल 1136 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में काफी उत्साह और उल्लास के साथ परीक्षा में हिस्सा लिया।

## बीएयू ने बाराबंकी गांव में मनाया राष्ट्रीय बकरी दिवस, 517 बकरियों का हुआ टीकाकरण




**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के अंतर्गत संचालित अखिल भारतीय समन्वित बकरी अनुसंधान परियोजना के तत्वावधान में पूर्वी सिंहभूम जिले के बाराबंकी गांव में राष्ट्रीय बकरी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वैज्ञानिक बकरी पालन को बढ़ावा देना, टीकाकरण के महत्व के प्रति किसानों को जागरूक करना तथा बकरी पालन के माध्यम से किसानों की आय और आजीविका को सुदृढ़ बनाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आलोक कुमार पांडेय ने कहा कि बकरी पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा महिला सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक प्रबंधन पद्धतियों, विशेष रूप से समय पर टीकाकरण और रोग नियंत्रण उपायों को अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे बकरी पालन अधिक लाभकारी, टिकाऊ और सुरक्षित व्यवसाय बन सकता है। उन्होंने बताया कि झारखंड में लगभग 91.2 लाख बकरियां हैं, जो देश की कुल बकरी आबादी का 6.1 प्रतिशत है। परियोजना की प्रधान अन्वेषक डॉ नंदनी कुमारी ने किसानों को वैज्ञानिक बकरी पालन, संतुलित पोषण, प्रजनन प्रबंधन तथा स्वास्थ्य देखभाल की जानकारी दी। उन्होंने झारखंड की प्रसिद्ध ब्लैक बंगाल नस्ल की बकरियों के आर्थिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए परियोजना के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही किसानों से विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वैज्ञानिक बकरी पालन एवं एकीकृत कृषि प्रणाली संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

### सुकुरहुटू में आयोजित हुआ सेवा कार्यक्रम

## जेसीआई ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**रांची।** जेसीआई 'वन टीम विजन' के अंतर्गत रविवार को एक विशेष सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कांके स्थित सुकुरहुटू गौशाला न्यास में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य "गौ सेवा से पुण्य, पौधारोपण से भविष्य" के संदेश को समाज तक पहुंचाना था। कार्यक्रम को दो मुख्य सत्रों में आयोजित किया गया। पहले सत्र में संस्था के सदस्यों ने गौशाला पहुंचकर गौवंश की सेवा एवं देखरेख की। सदस्यों ने गायों को चारा खिलाने सहित अन्य सेवा कार्यों में भाग लिया। वहीं दूसरे सत्र में सुबह 9 बजे से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। संस्था के सदस्यों ने कहा कि पौधारोपण केवल प्रकृति संरक्षण का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जेसीआई रांची के पदाधिकारियों ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा, "गौ सेवा करें, पुण्य के भागी बनें। एक पौधा लगाएं, धरती को मुस्कुराएं।" उन्होंने कहा कि जीव सेवा और पर्यावरण सुरक्षा से ही समाज और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेसीआई रांची के अध्यक्ष जेसी सीए अभिषेक जैन, सचिव जेसी साकेत अग्रवाल, प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर जेसी सीएस अमन पोद्दार, जेसी सीए दीपक पटेल, जेसी सीए रविकांत सामोता एवं को-प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर जेसी शुभम हेतमसरिया सहित संस्था के सभी सदस्य सक्रिय रूप से जुटे रहे।

### 'एक खेल, एक संघ, एक पहचान' की मांग

# नए थ्रोबॉल संगठन के विरोध में खिलाड़ियों का प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में थ्रोबॉल के लिए नए संगठन के गठन का विरोध तेज हो गया है। रविवार को रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय थ्रोबॉल खिलाड़ियों ने शांतिपूर्ण सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने "एक खेल, एक संघ, एक पहचान" के नारे के साथ राज्य में समानांतर संगठन बनाए जाने का विरोध किया और कहा कि इससे खिलाड़ियों का भविष्य प्रभावित होगा तथा खेल में अनावश्यक विवाद और राजनीति बढ़ेगी।

**नए संगठन को लेकर खिलाड़ियों में नाराजगी**

प्रदर्शन में शामिल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ पिछले करीब 18 वर्षों से राज्य में खेल के विकास, प्रतियोगिताओं के आयोजन और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का काम कर रहा है। ऐसे में थ्रोबॉल एसोसिएशन ऑफ झारखंड नाम से नए संगठन के गठन से खिलाड़ियों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा होगी। उनका कहना था कि एक ही खेल के लिए दो अलग-अलग संगठनों के होने से खिलाड़ियों को मान्यता, चयन प्रक्रिया और प्रतियोगिताओं में भागीदारी को लेकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**नए संगठन से खिलाड़ियों को होगा नुकसानः कप्तान**

इस मौके पर भारतीय महिला थ्रोबॉल टीम की कप्तान अरुणा ने कहा कि पहले से ही थ्रोबॉल खिलाड़ी संसाधनों और सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। अब नए संगठन के गठन से समस्याएं और बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि खेल के विकास के बजाय यदि संगठनात्मक राजनीति शुरू होगी तो इसका सीधा नुकसान खिलाड़ियों को उठाना पड़ेगा। खिलाड़ियों को विवाद नहीं बल्कि बेहतर प्रशिक्षण, प्रतियोगिताएं और रोजगार के अवसर चाहिए।

**खिलाड़ियों की मांग- एक ही संगठन हो**

उन्होंने कहा कि खेल को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए और खिलाड़ियों के भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान खिलाड़ियों ने सरकार और खेल विभाग से मांग की कि राज्य में थ्रोबॉल के लिए एक ही मान्यता प्राप्त संगठन को प्राथमिकता दी जाए। खिलाड़ियों ने स्पष्ट किया कि वे राज्य में थ्रोबॉल के विकास, पारदर्शी व्यवस्था और खिलाड़ियों के हितों की रक्षा के लिए आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और खेल को विवाद से दूर रखकर विकास पर ध्यान देने की अपील की।

## 39वीं राष्ट्रीय अंडर-9 ओपन एवं गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप का समापन



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में आयोजित 39वीं राष्ट्रीय अंडर-9 ओपन एवं गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप-2026 का रविवार को भव्य समापन हुआ। देशभर के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आए 437 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया, जिनमें झारखंड के 18 खिलाड़ी भी शामिल थे। लगभग आठ वर्षों के अंतराल के बाद रांची में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता ने शतरंज प्रेमियों और खिलाड़ियों में विशेष उत्साह का संचार किया। प्रतियोगिता में कुल 5 लाख की पुरस्कार राशि वितरित की गई। ओपन वर्ग में तमिलनाडु के रयान रोजरियो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9.5 अंक अर्जित कर राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया तथा 50,000 की प्रथम पुरस्कार राशि प्राप्त की। उत्तर प्रदेश के अयांश सिंह को द्वितीय स्थान के लिए 36,000, तमिलनाडु के सिद्धार्थ अनुज को तृतीय स्थान के लिए 30,000, महाराष्ट्र के कथित निखिल को चतुर्थ स्थान के लिए 24,000 तथा राजस्थान के ब्यांश को पंचम स्थान के लिए 20,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। गर्ल्स वर्ग में महाराष्ट्र की नंदी प्रीतिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और 50,000 की पुरस्कार राशि हासिल की। तेलंगाना की मधुश्री को द्वितीय स्थान के लिए 36,000, तेलंगाना की अंशिता को तृतीय स्थान के लिए 30,000, महाराष्ट्र की एडिना को चतुर्थ स्थान के लिए 24,000 तथा तेलंगाना की अन्या शर्मा को पंचम स्थान के लिए 20,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

### रांची विधायक सीपी सिंह बोले- कंप्यूटर शिक्षा रोजगार के नए अवसरों का मजबूत आधार

# नेशनल कंप्यूटर क्लास में 150 से अधिक विद्यार्थियों के बीच प्रमाणपत्र वितरित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** किशोरगंज स्थित नेशनल कंप्यूटर क्लास में रविवार को प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कंप्यूटर पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 50 से अधिक छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रांची विधायक सीपी सिंह थे। उनके साथ वरिष्ठ समाजसेवी रमेश सिंह, भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश, ज्योत्सना केरकेट्टा तथा कनिका राज ने विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में कंप्यूटर शिक्षा अत्यंत आवश्यक हो गई है। ज्योत्सना केरकेट्टा ने कहा कि नेशनल कंप्यूटर क्लास युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने का सराहनीय कार्य कर रहा है। ऐसे संस्थानों को और बेहतर बनाने के लिए सरकार को भी सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक दिलीप कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। दिलीप ने कहा कि हमारी पूरी कोशिश है कि हम संस्थान में आए छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा देकर इस काबिल बना दें कि उनके सामने रोजगार की कमी नहीं हो। इस दौरान शिक्षक प्रकाश कुमार, प्रदीप कुमार, आकाश कुमार, ओमप्रकाश कुमार, सोनू भारद्वाज, रोहित कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**अवैध कारोबार** करकट्टा जंगल में सीआईएसएफ ने 200 टन अवैध कोयला किया बरामद

# राष्ट्रीय संपत्ति की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं : कमांडेंट



**नवीन मेल संवाददाता**

**पिपरवार।** सीआईएसएफ इकाई सीसीएल एन.के. एवं पिपरवार द्वारा अवैध कोयला खनन और कोयला तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को करकट्टा जंगल क्षेत्र में अब तक की सबसे बड़ी संयुक्त कार्रवाई की गई। कमांडेंट अमित कुमार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में चलाए गए इस व्यापक अभियान में लगभग 200 टन अवैध कोयला बरामद किया गया। बरामद कोयले को जब्त करने की प्रक्रिया जारी है। इस कार्रवाई को पिपरवार कोयलांचल में संचालित अवैध खनन नेटवर्क पर अब तक की सबसे बड़ी और निर्णायक कार्रवाई माना जा रहा है। सीआईएसएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि करकट्टा जंगल के अंदर बड़े पैमाने पर अवैध कोयला खनन किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद सीआईएसएफ ने सुनियोजित रणनीति के तहत बड़े स्तर पर सर्च एवं रेड अभियान चलाया। जंगल के विभिन्न हिस्सों में एक साथ तलाशी अभियान चलाया गया, जहां अवैध रूप से निकाले गए भारी मात्रा में कोयले का भंडारण पाया गया। अधिकारियों ने तत्काल पूरे क्षेत्र को अपने नियंत्रण में लेकर लगभग 200 टन अवैध कोयला बरामद किया। अभियान में सीसीएल प्रबंधन एवं स्थानीय पुलिस ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संयुक्त कार्रवाई में एनके क्षेत्र के महाप्रबंधक अमिताभ कुमार तिवारी, उप कमांडेंट दिनेश कुमार, उप कमांडेंट अजय कुमार पाण्डेय, सहायक कमांडेंट हर्ष लवानिया, सहायक कमांडेंट मनोहर बरवाहा, निरीक्षक रणजीत, निरीक्षक रश्मि, निरीक्षक पी.के. झा, सीसीएल के परियोजना पदाधिकारी, एएसओ तथा मैकलुस्कीगंज थाना पुलिस के अधिकारी एवं जवान शामिल रहे। अधिकारियों के अनुसार यह पिपरवार क्षेत्र में सीआईएसएफ द्वारा संचालित अब तक का सबसे बड़ा 'मास कोल रेड' अभियान है। इस कार्रवाई से अवैध कोयला खनन और तस्करी से जुड़े गिरोहों में हड़कंप मच गया है। माना जा रहा है कि लंबे समय से सक्रिय अवैध नेटवर्क को इस अभियान से बड़ा झटका लगा है। अभियान के बाद कमांडेंट अमित कुमार ने कहा कि सीआईएसएफ की सर्वोच्च प्राथमिकता राष्ट्रीय संपत्ति की सुरक्षा है और अवैध कोयला खनन तथा तस्करी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ का अभियान केवल सीसीएल परियोजनाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जहां-जहां अवैध खनन की सूचना मिलेगी, वहां प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

**रोहिणी के जंगल में सीआईएसएफ ने जब्त किया अवैध कोयला**

**खलारी।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एनके-पिपरवार इकाई ने रविवार को कोयले के अवैध उत्खनन और तस्करी के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए एनके एरिया की रोहिणी परियोजना के समीप जंगल स्थित बंद भूमिगत खदान से निकाले गए 100 टन से अधिक अवैध कोयले को जब्त किया। जानकारी के अनुसार, सीआईएसएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि रोहिणी के खिलानधौड़ा पंप हाउस के समीप जंगल में बंद पड़ी भूमिगत खदान से बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि के लिए पहले ड्रोन कैमरे से पूरे क्षेत्र की मैपिंग कराई गई। इसके बाद रविवार सुबह 50 से अधिक सीआईएसएफ जवानों और अधिकारियों की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों पर जमा अवैध कोयले को जब्त कर लिया। कार्रवाई की सूचना मिलने पर एनके एरिया के महाप्रबंधक अमिताभकुमार तिवारी, रोहिणी परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, केडीएच परियोजना पदाधिकारी बिमल कुमार, सीसीएल के सुरक्षा पदाधिकारी नीतीश झा तथा मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी धनंजय बैठा भी मौके पर पहुंचे। जांच में पता चला कि तस्करों ने बंद पड़ी भूमिगत खदान के भीतर पूरी तैयारी के साथ अवैध खनन का नेटवर्क विकसित कर रखा था। इस पर सीआईएसएफ अधिकारियों ने परियोजना प्रबंधन से नाराजगी जताते हुए जवाब-तलब किया।

## दृष्टिपात

### गायत्री प्रज्ञा पीठ में भजन-कीर्तन व दीप यज्ञ का किया आयोजन



**खलारी।** खलारी स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में रविवार शाम भजन-कीर्तन एवं दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंडल द्वारा एक घंटे तक भजन-कीर्तन से हुई, जिसमें श्रद्धालु भक्तिमय माहौल में सराबोर रहे। इसके बाद मां गायत्री का विधि-विधान से पूजन एवं आरती की गई। दीप यज्ञ संपन्न होने के उपरांत पूरे मंदिर परिसर में दीप प्रज्ज्वलित किए गए। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद स्वरूप हलवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रस्टी सह महिला मंडल की सदस्य रेणुका सिंह ने बताया कि अब प्रत्येक रविवार को शाम 5 बजे से 6 बजे तक महिला मंडल की ओर से नियमित रूप से भजन-कीर्तन किया जाएगा। इसके बाद दीप यज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में परिव्राजक ललनप्रसाद सिंह, रेणुका सिंह, कौशल्या देवी, रीना देवी, पूर्णिमा पांडेय, कौशल्या सिंह, प्रिया पांडेय, सोनी चौरसिया सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त सीसीएल कामगार विजय सिंह को दी गई भावभीनी विदाई




**खलारी।** सीसीएल के रोहिणी कालोनी स्थित क्लब में रविवार को सेवानिवृत्त कामगार विजय सिंह के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने उनके लंबे सेवाकाल की सराहना करते हुए सुखद एवं स्वस्थ सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मैनेजर विकास चौधरी एवं केपी नायक उपस्थित थे। दोनों अधिकारियों ने विजय सिंह को माला पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद सहकर्मियों ने भी उन्हें स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंट कर उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर सुधीर सिंह, संतोष सिंह, रामा उरांव, अभय नारायण, सूरजप्रधान मुंडा, राकेश उरांव, अनिल सिंह, देवेंद्र साहू, अरुण साहू, बालेश्वर महतो, लोकनाथ महतो, गुड्डू साहू, दीपक साहू, दिनेश सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### 2.19 करोड़ का बस पड़ाव बना शोपीस! उद्घाटन के बाद भी पुराने ठिकानों से चल रहीं बसें



खूंटी। खूंटी शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से लगभग 2.19 करोड़ रुपये की लागत से नामकोम में निर्मित आधुनिक बस पड़ाव का उद्घाटन 25 जून को बड़े उत्साह के साथ किया गया था। उद्घाटन के दौरान जिला प्रशासन और नगर पंचायत ने घोषणा की थी कि खूंटी होकर गुजरने वाली सभी यात्री बसों का संचालन अब इसी नए बस पड़ाव से होगा। साथ ही शहर के मुख्य मार्गों पर बसें खड़ी कर यात्रियों को चढ़ाने-उतारने वाले बस संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी। हालांकि उद्घाटन के कई दिन बाद भी हालात नहीं बदले हैं। अधिकांश यात्री बसें आज भी पुराने स्थानों से ही संचालित हो रही हैं, जबकि नया बस पड़ाव लगभग खाली पड़ा है। इससे करोड़ों रुपये की इस सार्वजनिक परियोजना की उपयोगिता पर सवाल उठने लगे हैं। वर्तमान में रांची, सिमडेगा, चाईबासा, तोरपा, मुरहू, तमाड़ और अन्य क्षेत्रों के लिए चलने वाली अधिकांश बसें अब भी खूंटी थाना, मेन रोड, नीचे चौक तथा शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर रुककर यात्रियों को चढ़ा-उतार रही हैं। इसके कारण नए बस पड़ाव पर दिनभर सन्नाटा पसरा रहता है, जबकि शहर के मुख्य मार्गों पर जाम की समस्या लगातार बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि बसों का संचालन पहले की तरह शहर के बीचों-बीच ही होता रहा, तो नए बस पड़ाव के निर्माण का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा।

### सावन सिंधारा उत्सव 9 अगस्त को



**रांची।** श्री जीण माता प्रचार समिति के कार्यसमिति सदस्यों सह आम सदस्यों की एक बैठक रविवार को मारवाड़ी भवन में हुई। इस बैठक में आगामी 9 अगस्त को स्थानीय मारवाड़ी भवन हरमू में मां श्री जीण भवानी के सावन सिंधारा उत्सव को मनाने का निर्णय किया गया एवं इसकी तैयारी पर सदस्यों के साथ चर्चा-परिचर्चा हुई। समिति ने गायिका के लिए गुजरात की प्रसिद्ध गायिका दीदी आशा वैष्णव पुरुलिया की भजन गायिका दीदी शीतल कटारुका को बुलाने का निर्णय लिया गया। समिति ने मां श्री जीण भवानी के सिंधारा उत्सव को विशाल रूप में मनाने के लिए चौषठ योगिनी का कार्यक्रम तथा अन्य झांकी प्रस्तुत करने का भी फैसला लिया। इस बैठक में अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय पालड़ीवाल, सचिव नारायण विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष बजरंग सोमानी, सह सचिव प्रदीप शर्मा, संदीप अग्रवाल, संदीप शर्मा, सविता शर्मा, निधि विजयवर्गीय,एकता शर्मा, नेहा सिंघानिया आदि सदस्य उपस्थित थें।

### प्रशांत कुमार मिश्रा ने संभाली पिपरवार थाना की कमान, समन्वय बनाकर करेंगे काम




**पिपरवार।** पिपरवार थाना को एक बार फिर अनुभवी नेतृत्व मिला है। शनिवार को प्रशांत कुमार मिश्रा ने पिपरवार थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में विधिवत योगदान दिया। इससे पूर्व भी वे पिपरवार थाना में थाना प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके दोबारा पदभार संभालने से क्षेत्र के लोगों में बेहतर कानून-व्यवस्था और प्रभावी पुलिसिंग को लेकर नई उम्मीद जगी है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने थाना के लंबित मामलों, अपराध की स्थिति तथा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। साथ ही उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन तथा जनता से बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया।

### सांसद व विधायक ने क्षेत्र का किया दौरा, लोगों की सुनी समस्याएं

# सांसद व विधायक ने शिव शक्ति धाम मंदिर की रखी आधारशिला, कई कार्यक्रमों में हुए शामिल

- **सांसद ने कहा- मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि भारतीय सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता का सशक्त केंद्र है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**भुरकुंडा।** पटेल नगर भुरकुंडा स्थित प्रस्तावित श्री श्री शिव शक्ति धाम मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने शिलापट्ट का अनावरण कर मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी। श्रद्धालुओं की मौजूदगी से पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। भूमिपूजन की वैदिक विधि पुरोहित अशोक मिश्रा एवं वृजनन्दन वैद्य ने संपन्न कराई। यजमान उदय कुमार सिंह पत्नी आरती सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि भारतीय सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत का सशक्त केंद्र होते हैं। उन्होंने कहा कि शिव शक्ति धाम क्षेत्र की आस्था का प्रतीक है और इसके पुनर्निर्माण से धार्मिक गतिविधियों के साथ सामाजिक एकता भी मजबूत होगी।उन्होंने मंदिर निर्माण में हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए श्रद्धालुओं से भी तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की।विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मंदिर समाज को संस्कार, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने मंदिर निर्माण को क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताते हुए इसे जनसहभागिता से पूर्ण करने की बात कही। मंदिर कार्यक्रम के बाद सांसद मनीष जायसवाल ने भुरकुंडा एवं आसपास के क्षेत्रों का व्यापक दौरा किया। उन्होंने बैंक मोड़ में नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। चोरघरा पंचायत के रांका टोला में ग्रामीणों से संवाद कर प्रबुद्ध नागरिकों को सम्मानित किया। इसके बाद सीसीएल रेस्ट हाउस, भुरकुंडा में प्रेसवार्ता कर क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी। सांसद ने बुद्धबाजार स्थित रिवरसाइड शिव मंदिर परिसर में ग्रामीणों से संवाद किया तथा गिद्दी-भुरकुंडा दामोदर पुल का निरीक्षण कर निर्माण और आवागमन से जुड़े विषयों की जानकारी ली।

## हॉलीक्रॉस रोड का नाम शहीद करमजीत सिंह बक्शी के नाम पर करने की मांग



**बरही।** 'हो एंटरटेनमेंट' संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने मेयर अरविंद कुमार राणा से मुलाकात कर शहर के प्रमुख मार्गों एवं खेल मैदानों का नाम स्वतंत्रता सेनानियों और खेल विभूतियों के नाम पर रखने की मांग की। संस्था के सदस्यों ने हॉलीक्रॉस रोड का नाम बदलकर 'शहीद करमजीत सिंह बक्शी रोड' करने तथा इसे गूगल मैप पर भी अपडेट कराने का अनुरोध किया। साथ ही संत कोलंबस कॉलेज मैदान का नाम 'मेजर ध्यानचंद स्टेडियम' तथा मिशन ग्राउंड का नाम 'मंगल पांडेय–नादिर अली मैदान' रखने का प्रस्ताव सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि महान स्वतंत्रता सेनानियों और खेल हस्तियों के नाम पर सार्वजनिक स्थलों का नामकरण नई पीढ़ी को उनके योगदान से प्रेरित करेगा। मेयर ने मांगों को गंभीरता से सुनते हुए नियमानुसार विचार करने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान आगामी कारगिल विजय दिवस पर शहीद स्मारक में भव्य कार्यक्रम तथा प्रभात फेरी आयोजित करने का प्रस्ताव भी मेयर के समक्ष रखा गया।

## दृष्टिपात

### समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों के बीच किया भोजन का वितरण



**भुरकुंडा।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा की ओर से रविवार को साप्ताहिक बाजार में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन और पत्तल बेचने आने वाले जरूरतमंद परिवारों के बीच दोपहर का भोजन वितरित किया गया। संस्था पिछले 11 वर्षों से जनसहयोग के माध्यम से निरंतर भोजन सेवा का कार्य कर रही है। मंच के सदस्यों ने बताया कि इस सेवा का उद्देश्य बाजार में आने वाले गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को सम्मानपूर्वक भोजन उपलब्ध कराना है। हर रविवार आयोजित होने वाली इस पहल में स्थानीय लोगों का भी लगातार सहयोग मिलता रहा है, जिससे यह सेवा बिना रुके जारी है। भोजन पाकर लाभुकों ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। भोजन वितरण कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, रेणुका दास, गौरी शंकर महतो, कपिल राम, लालू राम, शुक्रा करमाली, लखन राम तथा मोहम्मद शाहिद सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

### हजारीबाग को नशामुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं : विधायक प्रदीप प्रसाद

**हजारीबाग।** हजारीबाग को नशामुक्त, स्वस्थ और जागरूक बनाने के संकल्प के साथ रविवार को डिफेंस एसोसिएशन के बैनर तले कर्जन ग्राउंड में भव्य 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक जनजागरूकता अभियान मे मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित हुवें। प्रतियोगिता में जिले के हजारों युवा एवं युवतियों ने उत्साह, अनुशासन और जोश के साथ भाग लेकर "नशामुक्त हजारीबाग" के संकल्प को बुलंद किया। दौड़ प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों का उत्साह, अनुशासन और ऊर्जा देखते ही बन रही थी। युवाओं ने यह संदेश दिया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करता है। इसलिए नशे के विरुद्ध जनजागरण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि युवा शक्ति सही दिशा में आगे बढ़े, तो हजारीबाग ही नहीं, पूरा देश विकास और समृद्धि की नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि खेल केवल शरीर को स्वस्थ नहीं बनाते, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सकारात्मक सोच और राष्ट्रसेवा की भावना का भी विकास करते हैं। इसलिए युवाओं को खेल, शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने लोकनाथ महतो की पत्नी के निधन पर जताया शोक



**बड़कागांव।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने बड़कागांव विधानसभा के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव स्थित उनके आवास पहुंचकर उनकी पत्नी मोलनी देवी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी शोक-संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि विगत दिनों लोकनाथ महतो की धर्मपत्नी का निधन हो गया था। श्री साहू ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में हम सब पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोक-संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति, धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार एवं प्रदेश प्रवक्ता अनिवेश सिंह सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

### हर भाई की कलाई तक पहुंचेगा बहन का प्यार हजारीबाग डाक विभाग का रक्षा सूत्र अभियान



**हजारीबाग।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत बनाने के लिए हजारीबाग डाक प्रमंडल द्वारा विशेष "रक्षा सूत्र अभियान" शुरू किया है। डाक विभाग का उद्देश्य है कि दूरी चाहे कितनी भी हो, इस रक्षाबंधन किसी भी भाई की कलाई सूनी न रहे। सहायक डाक अधीक्षक (सेंट्रल सब डिवीजन हजारीबाग) बी. के. मिश्रा ने कहा कि राखी के लिए डाक विभाग ने विशेष वॉटरप्रूफ लिफाफों की व्यवस्था की है। ये लिफाफे प्रधान डाकघर, सेंट्रल सबडिवीजन के 10 उप डाकघरों और 75 शाखा डाकघरों में उपलब्ध रहेंगे. रक्षाबंधन के दौरान बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए डाकघरों में विशेष काउंटर भी खोले जायेंगे। सभी राखियां सुरक्षित और समय पर पहुंचाने के विशेष टीम तैनात की जायेगी। विशेष सुविधा का कुल शुल्क 70 रुपये निर्धारित किया गया है, ताकि हर परिवार इसका लाभ उठा सके। इसमें 10 रुपये वॉटरप्रूफ लिफाफा, 55 रुपये स्पीड पोस्ट शुल्क और 5 रुपये विविध व्यवस्था शुल्क शामिल है. डाक विभाग का विश्वास है कि यह पहल न केवल राखी को सुरक्षित भाई तक पहुंचायेगी, बल्कि दूरियों के बीच भी रिश्तों की मिठास और भावनाओं की डोर को पहले से अधिक मजबूत बनायेगी। बीकेमिश्रा ने बताया कि संस्कृति और पारिवारिक रिश्तों से जोड़ने के लिए डाक विभाग स्कूलों में "राखी बनाओ और भेजो" प्रतियोगिता आयोजित करेगा. इसमें छात्र-छात्राएं अपने हाथों से राखी बनाकर स्पीड पोस्ट के माध्यम से अपने भाई को भेज सकेंगे. प्रत्येक स्कूल से सर्वश्रेष्ठ 10 बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा।

### विधायक के नेतृत्व में नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से की मुलाकात



**रामगढ़।** रामगढ़ विधायक ममता देवी के नेतृत्व में आम नागरिक द्वारा उपायुक्त से मुलाकात कर बिजुलिया तालाब रोड की बदहाली की चर्चा की एवं आग्रह किया गया कि जल्द से जल्द इस सड़क का जीर्णोद्धार किया जाए। विधायक ममता देवी द्वारा उपायुक्त ऋतुराज को बताया गया कि पिछले कई वर्षों से इस सड़क की बदहाली के संबंध में मेरे द्वारा पत्राचार किया गया है परंतु आज तक सड़क का निर्माण कार्य नहीं हो पाया है। उपायुक्त रामगढ़ द्वारा बताया गया कि विधायक के पत्राचार के आलोक में उपरोक्त रोड के निर्माण के लिए छावनी परिषद रामगढ़ को निर्देश जारी कर दिया गया है और डीएमएफटी के प्रबंध परिषद की बैठक में सड़क के निर्माण की स्वीकृति भी दे दी गई है और छावनी परिषद द्वारा उपरोक्त कार्य के लिए विस्तृत कार्य योजना विभाग को समर्पित किया गया है बहुत जल्दी यह कार्य निविदा प्रक्रिया में चला जाएगा। जल्द से जल्द बिजुलिया तालाब रोड का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा तत्काल उपायुक्त के द्वारा अधिकारियों को निर्देश देकर तुरंत गड्ढों को भरवाने का कार्य कल से करने का आदेश दिया गया है।

### शिविर की सफलता पर मगही समाज की बैठक

## मगही समाज ने गांव-गांव तक संगठन विस्तार का लिया निर्णय



**हजारीबाग/इचाक।** प्रगतिशील मगही समाज द्वारा हाल ही में आयोजित चिंतन शिविर की सफलता को लेकर रविवार को इचाक प्रखंड के बोंगा स्थित होटल सुमंगलम में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर प्रखंड सचिव सुरेश प्रसाद मेहता ने की। इस दौरान चिंतन शिविर की उपलब्धियों, जनभागीदारी और संगठन की आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि चिंतन शिविर को जिले भर से व्यापक समर्थन मिला और लगभग 200 प्रबुद्धजनों, किसानों, शिक्षकों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल बनाया। वक्ताओं ने इसे समाज को नई दिशा देने वाला प्रयास बताया। समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि शिविर में उठाए गए प्रमुख मुद्दों, जैसे कृषि को उद्योग का दर्जा दिलाने, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन तथा नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तर पर हस्ताक्षर अभियान और जनजागरण कार्यक्रम चलाए जाएंगे। जिला सचिव धनंजय कुमार ने कहा कि संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रखंड में प्रगतिशील मगही समाज की नई इकाइयों का गठन किया जाएगा। वहीं सर्वसम्मति से अगले महीने प्रखंड स्तर पर "किसान चौपाल" आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया, जिसमें कृषि नीति, बाजार व्यवस्था और किसानों की समस्याओं पर चर्चा होगी। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन सचिव देवकी प्रसाद एवं केंद्रीय पंच शाखा सचिव प्रमोद कुमार मेहता ने कहा कि समाज की सफलता का वास्तविक मापदंड जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि संगठन केवल मुद्दे उठाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उनके समाधान के लिए भी सक्रिय रूप से कार्य करेगा।

### अगेरिया फाउंडेशन का दो दिवसीय 'आदि वार्ता' कार्यक्रम संपन्न

# लोक कला और प्रकृति संरक्षण हमारी साझा विरासत : डीएफओ

- **'आदि वार्ता' का उद्देश्य लोक संस्कृति, पारंपरिक कला व प्रकृति के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना : ललन**

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** जवाहर घाट स्थित वन विश्रामागार में अगेरिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय कला एवं संस्कृति आधारित कार्यक्रम 'आदि वार्ता' का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों, कला प्रेमियों एवं विद्यार्थियों ने अपने कला का माध्यम से प्रकृति एक कला के साथ अनिवार्यता को दिखाने का प्रयास किया । सभी कलाकारों के द्वारा बनाए गए पेंटिंग्स को प्रदर्शनी के रूप में सजाए गए थे ।
समापन कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) मौन प्रकाश ने कहा कि डीएफओ मौन प्रकाश ने कहा कि लोक कला, जनजातीय परंपराएं और प्रकृति संरक्षण हमारी साझा विरासत हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजन के लिए फाउंडेशन के ललन यादव का हौसलावर्धन करते हुए बधाई दी । कार्यक्रम के अंत में सभी प्रमाण पत्र, मेडल, अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानिक किया गया । सम्मानित होने वाले कलाकारों में कश्मीर के सतीश पांड्या, रांची के हरेंद्र ठाकुर, कृष्ण प्रसाद, दीपांकर प्रभाकर, गुजरात के अतुल पाड़िया, जमशेदपुर के नवीन पांड्या, वाराणसी के डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता, डॉ. रीना सिंह एवं सुरेश कुमार, रायपुर के बिपिन सोलंकी, गयाजी के अशोक कुमार एवं अभिषेक चक्रवर्ती, कटक के प्रभात कुमार साहू, कोलकाता की अर्पिता खासखल तथा हजारीबाग की श्रद्धा श्रेया शामिल हैं। कार्यक्रम में युवा प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहित किया गया। बरही की छात्राएं सोनाक्षी कुमारी, अंशु कुमारी एवं लक्ष्मी पुष्पमा को कला क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम सफल बनाने में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के उप-प्राचार्य नरसिंह शर्मा, अगेरिया फाउंडेशन के फाउंडर सदस्यों मिताली राज, तन्नू कुमारी और कशिश कुमारी सहित वन विभाग के फॉरेस्टर रणवीर अमर, आशीष कुमार आदि ने महत्ती भूमिका निभाई । आयोजक श्री यादव ने कहा कि 'आदि वार्ता' का उद्देश्य लोक संस्कृति, पारंपरिक कला और प्रकृति के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना तथा कलाकारों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है।

### दमोदर पुल निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता, टेंडर प्रक्रिया पूरी

# सांसद ने किया पुल का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** गिद्दी–दमोदर पुल निर्माण की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने की ओर अग्रसर है। बहुप्रतीक्षित इस परियोजना की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद जगी है। भुरकुंडा दौरे के दौरान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने प्रस्तावित पुल स्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ निर्माण से संबंधित तैयारियों एवं वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गिद्दी–दमोदर पुल क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही महत्वपूर्ण मांग थी, जिसे पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किए गए। अब टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के साथ परियोजना ने निर्णायक चरण में प्रवेश कर लिया है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस पुल के निर्माण से हजारीबाग एवं रामगढ़ जिले के हजारों लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। आवागमन अधिक सुरक्षित, सुगम और तेज होने के साथ-साथ व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के लिए हर स्तर पर निरंतर निगरानी रखी जाएगी। इससे पहले सांसद मनीष जायसवाल ने भुरकुंडा सीसीएल गेस्ट हाउस सभागार में एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर कहा कि स्कूल निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास के बाद जब सफलता मिली और अब इसके निर्माण की दिशा में टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है तो कई लोग इसका श्रेय लेने की होड़ में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर इस फूल के निर्माण की दिशा में सकारात्मक पहल हुई तो उसमें स्थानीय मीडिया कर्मियों और आंदोलन कर रहे इस क्षेत्र के एक ग्रुप का बड़ा योगदान है।

### 52वें जनता दरबार में विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**बरही।** बरही स्थित अपने आवास पर रविवार को आयोजित 52वें साप्ताहिक जनता दरबार में विधायक मनोज कुमार यादव ने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों और गांवों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें विधायक के समक्ष रखीं। मौके पर विधायक ने कई मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता बरतने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को अपनी शिकायतों के निराकरण के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े।

### गरीबों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : जिप उपाध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** मलकोको गांव स्थित जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान मे 100 लाभुकों के बीच साड़ी, धोती एवं लूंगी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डीलर हाजी जहूर अंसारी की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, मुखिया विजय यादव, अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के सचिव मो. कयूम अंसारी आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थिय जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक सहायता उपलब्ध कराना सामाजिक सरोकार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने लाभुकों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा जागरूक रहने की अपील की। डीलर अंसारी ने कहा कि पात्र लाभुकों को पारदर्शी तरीके से योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी सभी लाभुकों को निर्धारित मानकों के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**शानदार प्रदर्शन** 4वीं जूनियर एवं सब-जूनियर जिला तैराकी चैंपियनशिप संपन्न

# खेल अनुशासन और आत्मविश्वास की सबसे बड़ी पाठशाला हैं : सांसद

- **हर्ष अजमेरा ने कहा- हजारीबाग के तैराक लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीत सकते हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 4वीं जूनियर एवं सब-जूनियर जिला तैराकी चैंपियनशिप-2026 का सफल समापन रविवार को कन्हरी स्थित द अनंता बाय द हिल के स्विमिंग पूल परिसर में हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 115 युवा तैराकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इसमें बालक वर्ग के 90 तथा बालिका वर्ग की 25 तैराकों ने विभिन्न आयु वर्गों की स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।
इस अवसर पर हजारीबाग डिस्टिक स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा, सचिव डॉ. प्रह्लाद सिंह, समाजसेवी राकेश गुप्ता, भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अशोक कुमार,प्रो. विकास श्रीवास्तव, रवि शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।
अपने संबोधन में सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। ऐसे आयोजन जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि हजारीबाग के खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। सुबह 11 बजे आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रद्धानंद सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ विकास कुमार (वीबीयू), अभिमन्यु प्रसाद, अनवर हुसैन, सत्यदेव सिंह, रौनक ग्रोवर, आर्कश, कपिल जैन, सुमित जायसवाल, डॉ. जितेंद्र, आकाश, अंकुल, रचित ग्रोवर, रंजन चौधरी (वीबीयू) सहित खेल एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया तथा आयोजन में सहयोग देने वाले अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए हजारीबाग डिस्टिक स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा कि हजारीबाग के तैराक लगातार राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।
उन्होंने कहा कि यदि खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं, बेहतर संसाधन एवं उचित मार्गदर्शन मिले तो वे राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।
प्रतियोगिता के सफल संचालन में तकनीकी टीम के रूप में डॉ. प्रह्लाद सिंह, मनु कुमार राणा, सत्यम कुमार, गणपति राम, बाबूलाल राम, ऋषभ रविदास, ऋतिक राणा, गौरव कुमार राणा, बेंजामिन बरोई, रविंद्र कुमार, कुमकुम कुमारी एवं मोहम्मद जीशान सहित अन्य अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच संचालन डॉ. प्रह्लाद सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में द अनंता बाय द हिल प्रबंधन एवं उसके निदेशकों ने स्विमिंग पूल उपलब्ध कराकर महत्वपूर्ण सहयोग दिया। अंत में स्विमिंग एसोसिएशन ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों, तकनीकी अधिकारियों, अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं जिले में तैराकी खेल को नई दिशा देंगी तथा अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगी।

# सिकरियाटांड़ में मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का विधायक ने किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** पाकरटांड़ प्रखंड के सिकरियाटांड़ गांव में रविवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत बनने वाले मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स भवन का शिलान्यास विधायक और जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने संयुक्त रूप से किया। भवन प्रमंडल सिमडेगा द्वारा निर्मित होने वाले इस कॉम्प्लेक्स के शिलान्यास कार्यक्रम की शुरुआत फादर अलेक्स किंडो ने प्रार्थना सभा एवं आशीष जल के छिड़काव के साथ की।इस अवसर पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स बनने से स्थानीय किसानों, महिला स्वयं सहायता समूहों, छोटे व्यापारियों और ग्रामीण उद्यमियों को अपने कृषि उत्पाद, वनोपज एवं हस्तशिल्प सामग्री के विपणन के लिए बेहतर मंच मिलेगा। इससे गांव की आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और ग्रामीणों की आय में भी वृद्धि होगी।जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस कॉम्प्लेक्स से स्थानीय उत्पादों को उचित बाजार मिलेगा तथा महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की।कार्यक्रम में कार्यकारी जिला अध्यक्ष अख्तर, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, डॉ. इम्तियाज हुसैन, पंचायत अध्यक्ष जाकिरियस मिंज, समीर किंडो, विक्टर खेस, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, अनिल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस योजना का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## 14 जुलाई को विशेष ग्रामसभा, ग्रामीणों से शामिल होने की अपील

- **राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम सभा में विकास योजनाओं का चयन किया जाएगा।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** ग्राम पंचायत बानो के पंचायत सभागार में 14 जुलाई 2026 को सुबह 10:30 बजे वीबी जी राम जी योजना के तहत योजना चयन के लिए विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। इस संबंध में मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक ने आम सूचना जारी कर बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम सभा में विकास योजनाओं का चयन किया जाएगा। सभी ग्रामीणों से समय पर बैठक में उपस्थित होकर ग्राम सभा को सफल बनाने तथा विकास योजनाओं के चयन में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

## डीटीओ ने एसआईआर कार्यों का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** विशेष गहन पुनरीक्षण भियान के तहत रविवार को जलडेगा प्रखंड के वरीय पदाधिकारी सह डीटीओ ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं स्वयंसेवकों से प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीटीओ ने सभी संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि एसआईआर अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने तथा प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

साथ ही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को निष्पक्षता, पारदर्शिता और गंभीरता के साथ संपादित करने तथा निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता सभी अधिकारियों एवं कर्मियों की सक्रिय भागीदारी और जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली पर निर्भर करती है।

## रथ यात्रा को लेकर ठेठईटांगर में शांति समिति की बैठक

# सौहार्दपूर्ण आयोजन की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**





**ठेठईटांगर।** आगामी रथ यात्रा के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर ठेठईटांगर थाना परिसर में रविवार को थाना प्रभारी अमित कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रथ यात्रा समिति के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया।बैठक में रथ यात्रा समिति की ओर से बताया गया कि 16 जुलाई को टुकुपानी, खिजुरटांड़ और ताराबोगा तथा 17 जुलाई को केरिया में रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान प्रशासन की ओर से यात्रा मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।थाना प्रभारी अमित कुमार ने सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रथ यात्रा संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे।बैठक में सब इंस्पेक्टर सोनू कुमार, कृष्णा बड़ाईक, नरेंद्र बड़ाईक, बंधु मांझी, वेद प्रकाश प्रधान, विजय ठाकुर, मुकेश केसरी, राजू सिंह, रतन सिंह, संगीता मिंज, जॉर्जीना सहित रथ यात्रा समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नहर में डूबने से व्यक्ति की मौत



**सिमडेगा।** पाकरटांड़ थाना क्षेत्र के जोड़ेटोली के समीप नहर में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अयजुक कुल्लू के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।मामले की जानकारी प्रखंड प्रमुख रजत लकड़ा को मिली, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पाकरटांड़ थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और यह पता लगाया जा रहा है कि व्यक्ति नहर में कैसे डूबा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गांजा तस्करी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, ओडिशा से दबोचा गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** बांसजोर ओपी क्षेत्र में दर्ज गांजा तस्करी मामले के फरार आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ धर्मदेव पासवान ने बताया कि बांसजोर ओपी कांड संख्या 42/2025 के तहत यह कार्रवाई की गई।उन्होंने बताया कि 29 मई 2025 को खम्मन टांड़ इंटर स्टेट चेकपोस्ट के पास वाहन जांच के दौरान रहमानिया यात्री बस से यात्रा कर रहे किरण साहू के पास से चार पैकेट गांजा बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी।जांच के दौरान फरार नामजद आरोपी संतोष नायक की तलाश जारी थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ओडिशा में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल भेज दिया गया।

## सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की एजीएम में क्रिकेट विकास की बनी रणनीति

**सिमडेगा।** जिले में क्रिकेट को नई दिशा देने के उद्देश्य से सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा रविवार को कुरडेग स्थित सुशील श्रीवास्तव के फार्म हाउस में अध्यक्ष बिजय पुरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ओलिवर लकड़ा, विशिष्ट अतिथि सोनी पैकरा एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।बैठक में 22 मार्च को हुई पिछली एजीएम की कार्यवाही की पुष्टि की गई। सचिव तौकीर उस्मानी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। वहीं कोषाध्यक्ष शशि मिश्रा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का ऑडिटेड आय-व्यय विवरण सदन के समक्ष रखा, जिसे भी सदस्यों ने मंजूरी दी।बैठक के दौरान जिले में क्रिकेट की वर्तमान स्थिति, खिलाड़ियों की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि जिले के बच्चों को व्यवस्थित क्रिकेट प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर अधिक से अधिक प्रतिभाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही आगामी प्रतियोगिताओं के आयोजन, खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और संगठन को मजबूत बनाने पर भी सहमति बनी।

## पतिअंबा में श्री राधा-कृष्ण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**



**जलडेगा।** प्रखंड के पतिअंबा गांव में स्व. दिलीप साहु की स्मृति में निर्मित श्री राधा-कृष्ण, मां दुर्गा एवं श्री साईं राम मंदिर में आयोजित चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के तीसरे दिन रविवार को नवग्रह एवं देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुई।

पंडित जगन्नाथ पंडा, मानस पंडा, लखेश्वर पंडा और रंजीत पंडा सहित अन्य आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए।प्राण प्रतिष्ठा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भजन-कीर्तन और वैदिक मंत्रों से पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।आयोजन समिति के अविनाश साहू एवं नरे साहू ने बताया कि 13 जुलाई को पूर्णाहुति एवं महाभंडारे के साथ धार्मिक कार्यक्रम का समापन होगा।आयोजन को सफल बनाने में अविनाश साहू, मल्लिका साहू, विक्रम साहू, गीता रानी साहू, आलोक साहू, जितेंद्र साहू सहित ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## ओडगा में ऑटोनॉमस पर्व पर हॉकी प्रतियोगिता, विधायक कोंगाड़ी हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** जीईएल कलीसिया के 107वें ऑटोनॉमस पर्व के अवसर पर ओडगा में आयोजित दो दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता में कोलेबिरा विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ऑटोनॉमस पर्व जीईएल कलीसिया की स्वशासन, विश्वास, पहचान और सेवा का प्रतीक है तथा सभी मसीही विश्वासियों को इसकी शुभकामनाएं दीं।उन्होंने कहा कि 10 जुलाई 1919 को जीईएल कलीसिया को स्वायत्तता मिली थी, जिसकी स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास में मिशनरियों के योगदान की सराहना करते हुए समाज में एकता बनाए रखने की अपील की।हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में ओडगा मंडली ने सारुबहार (ओडिशा) की टीम को 1-0 से हराकर खिताब जीता, जबकि रेलवे कॉलोनी ओडगा की टीम तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, चर्च पदाधिकारी, खेल समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## कोलेबिरा में सोशल ऑडिट की तैयारी को लेकर प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** समग्र शिक्षा एवं पीएम पोषण योजना के तहत प्रस्तावित सोशल ऑडिट की तैयारी को लेकर कोलेबिरा बीआरसी में पांच विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन कुमार गोस्वामी ने की।बैठक में सोशल ऑडिट के सफल संचालन के लिए आवश्यक दस्तावेजों की तैयारी, अभिलेखों के संधारण, योजनाओं से संबंधित रिकॉर्ड को अद्यतन रखने तथा विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुपालन पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि सोशल ऑडिट के दौरान पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखें और सभी आवश्यक अभिलेख उपलब्ध रखें, ताकि ऑडिट प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।बैठक में प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार, रिलन कंडुलना, सुभोध कीड़ो, आशा किरण, मंजुला, बीआरपी समीरा बा, रेनु तिग्गा, विशेष शिक्षक जयप्रकाश सिंह, थेरपिस्ट प्रमोद भगत, सीआरपी विजय टेट, लेखापाल निमन एक्का, एमआईएस ऑपरेटर गोविंद सिंह सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे सीजन की तैयारी शुरू

**ठेठईटांगर।** झारखंड मेडिकल के समीप ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज की अध्यक्षता में आगामी डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम नॉकआउट अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे सीजन के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आयोजन समिति का गठन किया गया, जिसमें लगातार चौथी बार मो. कयूम को अध्यक्ष, विक्रम सिंह को सचिव तथा आकिफ अफरीदी को कोषाध्यक्ष चुना गया। विभिन्न दायित्वों के लिए उपाध्यक्ष, खेल प्रभारी और मीडिया प्रभारी भी नियुक्त किए गए।बैठक में निर्णय लिया गया कि टूर्नामेंट का आयोजन 21 अगस्त से 30 अगस्त 2026 तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक टीम के लिए प्रवेश शुल्क 11 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। विजेता टीम को 2.21 लाख रुपये, उपविजेता को 1.51 लाख रुपये, जबकि तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को 25-25 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे।

## वीर शहीद थॉमस सोरेंग अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारियां तेज

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रविवार को खेल समिति के अध्यक्ष पतरस एक्का की अध्यक्षता में 27वें वीर शहीद थॉमस सोरेंग स्मारक अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट–2026 के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजक राजेश सिंह के निर्देशानुसार सर्वसम्मति से मो. शमीउल्लाह को टूर्नामेंट का सचिव नियुक्त किया गया।बैठक में बताया गया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी चार राज्यों की टीमें प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन 25 जुलाई को होगा। उद्घाटन समारोह में स्थानीय कलाकारों द्वारा आकर्षक झांकियां और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जिससे आयोजन को और अधिक भव्य बनाया जाएगा।बैठक में आयोजन की तैयारियों, टीमों के स्वागत, खेल मैदान की व्यवस्था, सुरक्षा, प्रचार-प्रसार तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।बैठक में आयोजक राजेश सिंह, अध्यक्ष पतरस एक्का, सचिव मो. शमीउल्लाह, कोषाध्यक्ष जैकसन मिंज (जॉनी), महामंत्री समशूल अंसारी, उपाध्यक्ष प्रताप बाड़ा, श्याम सुंदर मिश्रा, कंचन कबीर, जोन मरियानुस एक्का, डेनियल मिंज सहित आयोजन समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने टूर्नामेंट को सफल, भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## हेठमा विद्युत ग्रिड का भाजपा जिला महामंत्री ने किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भाजपा जिला महामंत्री रवि गुप्ता ने रविवार को सिमडेगा जिले के हेठमा विद्युत ग्रिड का निरीक्षण कर इसके शीघ्र संचालन की मांग उठाई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि ग्रिड का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अब आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर इसे जल्द चालू किया जाना चाहिए।रवि गुप्ता ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं जिला प्रशासन से ग्रिड को शीघ्र चालू कराने का आग्रह करते हुए कहा कि इसके संचालन से कुरडेग और केरसई प्रखंड के हजारों उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से लो-वोल्टेज, बार-बार बिजली कटौती और अनियमित आपूर्ति जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ग्रिड शुरू होने के बाद इन समस्याओं में काफी हद तक सुधार आने की उम्मीद है।उन्होंने कहा कि हेठमा ग्रिड का शिलान्यास भाजपा सरकार के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री ने किया था। उनका आरोप था कि यदि वर्तमान राज्य सरकार समय पर इस परियोजना को पूरा करती, तो इसका लाभ लोगों को कई वर्ष पहले ही मिल जाता। उन्होंने परियोजना में हुई देरी को प्रशासनिक विलंब का परिणाम बताया।रवि गुप्ता ने कहा कि अब जबकि ग्रिड पूरी तरह तैयार है, इसे बिना किसी और देरी के चालू किया जाना चाहिए। उनका कहना था कि ग्रिड के शुरू होने से कुरडेग और केरसई क्षेत्र की बिजली व्यवस्था अधिक सुदृढ़, विश्वसनीय और उपभोक्ताओं के लिए सुविधाजनक बनेगी।

# 80 प्रतिशत अनुदान पर मड़ुआ और जीराफुल धान बीज वितरित

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** पाकरटांड़ प्रखंड के टकबा इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर में रविवार को जेएसएलपीएस के तहत किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 80 प्रतिशत अनुदान पर मड़ुआ एवं जीराफुल धान बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह ने किसानों के बीच बीज वितरित कर किया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने भी किसानों को बीज प्रदान किया।विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार योजनाएं चला रही है। उन्होंने किसानों से उन्नत बीज, आधुनिक कृषि तकनीक और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मड़ुआ और जीराफुल धान जैसी पारंपरिक एवं पोषक फसलों का उत्पादन बढ़ाने से किसानों की आय में वृद्धि होगी। साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रही हैं।कार्यक्रम के दौरान 100 किसानों के बीच बीज वितरित किए गए, जबकि कुल 150 किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। शेष 50 किसानों को अगले चरण में बीज दिए जाएंगे। जेएसएलपीएस अधिकारियों ने बताया कि इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर के माध्यम से किसानों को उन्नत बीज, आधुनिक तकनीक और प्राकृतिक खेती से जोड़कर उनकी उत्पादकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

## टूटीकेल पंचायत में उरद बीज वितरण, किसानों को आधुनिक खेती की दी गई जानकारी

कोलेबिराः कोलेबिरा प्रखंड की टूटीकेल पंचायत में रविवार को आत्मा विभाग के तत्वावधान में किसानों के बीच उरद बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस दौरान आत्मा विभाग के पदाधिकारी एवं कृषि कर्मी भी मौजूद रहे।कार्यक्रम में किसानों को मिट्टी जांच के आधार पर उर्वरकों के संतुलित उपयोग, मिट्टी के अनुसार उपयुक्त फसल चयन, समेकित पोषक तत्व एवं कीट प्रबंधन, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती की आधुनिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# सरायकेला सदर अस्पताल में मरीज की मौत पर परिजनों का हंगामा, लापरवाही का आरोप

नवीन मेल संवाददाता




**सरायकेला।** जिला सदर अस्पताल में प्रसूता की मौत के बाद रविवार सुबह परिजनों ने जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार, कांदागोड़ा गांव निवासी गुरा पूर्ति की पत्नी शुरू पूर्ति को शनिवार रात करीब 8 बजे प्रसव पीड़ा होने पर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि भर्ती के समय महिला की स्थिति बिल्कुल सामान्य थी, लेकिन रातभर उचित चिकित्सकीय देखभाल न मिलने के कारण उसकी और बच्चे की जान चली गई। मरीज के पति गुरा पूर्ति ने आरोप लगाया कि अस्पताल कर्मियों और डॉक्टरों ने समय पर ध्यान नहीं दिया, जिससे यह दुखद घटना घटी। परिजनों ने ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक के व्यवहार पर भी गंभीर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि जब वे इस संबंध में जानकारी लेने पहुंचे, तो उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

### महिला एनीमिया से पीड़ित थी : डॉक्टर रीमा

दूसरी ओर, ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर रीमा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि महिला जब अस्पताल पहुंची थी, तब वह गंभीर एनीमिया (रक्त की कमी) से पीड़ित थी और उसके शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर काफी कम था। डॉक्टर के मुताबिक, मरीज की स्थिति पहले से ही अत्यंत गंभीर थी और डॉक्टरों ने उसे बचाने का पूरा प्रयास किया। ' मृतक के परिजनों, पति और स्थानीय ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। इस मामले की पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से जांच कराने के लिए एक विशेष मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन और सिविल सर्जन से भी इस संबंध में प्रारंभिक बातचीत की गई है। अभिनव प्रकाश, एसडीओ।

### उपायुक्त को भी अवगत करा दिया गया: अभिनव

एसडीओ ने आगे कहा कि ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा परिजनों के साथ कथित रूप से किए गए 'तुम-ताम' और अमर्यादित व्यवहार की शिकायत को भी जांच के दायरे में रखा गया है। उन्होंने कहा, 'सार्वजनिक क्षेत्र में इस तरह का व्यवहार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।'

### जांच रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई : एसडीओ

प्रशासन ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि मेडिकल बोर्ड की जांच रिपोर्ट में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर दोषी पाए जाने वाले कर्मियों या चिकित्सकों के विरुद्ध तत्काल सख्त कानूनी व प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## राजस्थान से इलाज के लिए घर लौटे बीएसएफ इंस्पेक्टर की मौत

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मझगांव प्रखंड के धोबाधोबी गांव निवासी बीएसएफ इंस्पेक्टर महेंद्र तिरिया का इलाज के दौरान निधन हो गया। वे राजस्थान के जैसलमेर स्थित रामगढ़ सेक्टर में बीएसएफ की 26वीं बटालियन में पदस्थापित थे। शनिवार को चाईबासा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद बीएसएफ के अधिकारियों और जवानों ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम सलामी दी। परिजनों के अनुसार महेंद्र तिरिया लंबे समय से मधुमेह से पीड़ित थे। कुछ दिन पहले ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। चिकित्सकीय जांच के बाद उन्हें उपचार के लिए अवकाश दिया गया और वे छह जुलाई को अपने घर चाईबासा लौटे थे। हालांकि घर पहुंचने के बाद भी उनकी सेहत में सुधार नहीं हुआ। हालत गंभीर होने पर उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को उनका निधन हो गया।

# सोना-चांदी साफ करने के नाम पर ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**गोड्डा।** रविवार को वादिनी कांता देवी उम्र 76 वर्ष, पति- उमाकान्त चौधरी पता उर्जानगर क्यार्टर नं- एनएचएस-250/577, थाना- महागामा जिला-गोड्डा थाना आये और एक लिखित आवेदन दिया कि दो अज्ञात अपराधकर्मी इनसे सोना चांदी चमकाने के नाम पर सोना का ठगी कर लिया है, जिसके आधार पर महागामा थाना कांड संख्या-129/2026, धारा-304 बीएनएस के अन्तर्गत अज्ञात अभियुक्त के विरूद्ध कांड किया गया है। एसआईटी टीम के द्वारा सीसीटीवी के फुटेज का अवलोकन एवं मानवीय सूचना के आधार पर कहलगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत छापामारी कर राजेश कुमार साह नामक व्यक्ति से पूछ-ताछ किया गया, जो इस घटना में अपना संलिप्ता स्वीकार किया एवं इसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर ठगी किया हुआ सोना (पिघला हुआ रूप में) एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल जप्त किया गया है। इस घटना में शामिल एक अन्य व्यक्ति गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त को आज न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार आरोपी :** राजेश कुमार साह उम्र करीब 25 वर्ष पे०- नयानगर गंगलदे, थाना- कहलगाव, जिला-भागलपुर (बिहार) का रहने वाला है।

**जब्त सामान :** सोना साफ करने वाला ब्रश, रूपेरी कंपनी का सफेद रंग का सोना चांदी साफ करने वाला लिक्विट 03 अदद्, पीतांबरी शाइनिंग पाउडर 3 पॉकेट, एक पिंक रंग का पाउडर (सोना साफ करने वाला), काण्ड में प्रयुक्त किया हुआ एक फुल काले रंग का शर्ट तथा पहना हुआ उडलैन्ड का जूता, एक छोटे डब्बे में दो टुकड़ा सोना जैसा पदार्थ शामिल हैं।

## करंट से मजदूर की हुई मौत दोषियों पर कार्रवाई की मांग



**पूर्वी सिंहभूम।** एमजीएम थाना क्षेत्र के जयपाल कॉलोनी में बालिगुमा पानी टंकी तक राइजिंग पाइपलाइन बिछाने के दौरान शनिवार को करंट लगने से मजदूर चेतन यादव की मौत के मामले में जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय और भाजपा नेता विकास सिंह ने घटना को गंभीर लापरवाही का परिणाम बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दोनों नेताओं ने कहा कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य बिना पर्याप्त तकनीकी अध्ययन और आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन किए कराया गया। उनका आरोप है कि कार्य के दौरान बिजली विभाग से समुचित समन्वय और अनुमति नहीं ली गई, जिसके कारण यह दुखद हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह तय किया जाए कि दुर्घटना के लिए कौन-कौन जिम्मेदार हैं और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। सरयू राय और विकास सिंह ने कहा कि चेतन यादव गिरिडीह से रोजी-रोटी कमाने के लिए जमशेदपुर आए थे, लेकिन कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ी।

### गिरिडीह में निर्माणाधीन मकान का छज्जा गिरा

# मलबे में दबकर मां-बेटे की मौत

- हादसे के तुरंत बाद ग्रामीणों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला

नवीन मेल संवाददाता



**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले के हीरोडीह थाना क्षेत्र के सलैया गांव में निर्माणाधीन मकान का छज्जा ढह जाने से मलबे में दबकर मां और बेटे की मौत हो गई, जबकि एक राजमिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। शनिवार शाम हुए इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान सुनीता देवी और उनके पुत्र राजकुमार यादव के रूप में हुई है। दोनों अपने निर्माणाधीन मकान का काम देख रहे थे। इसी दौरान वे निर्माण कार्य में लगे राजमिस्त्री प्रदीप यादव को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जैसे ही राजमिस्त्री निर्माणाधीन छज्जे पर चढ़कर काम शुरू करने लगा, अचानक छज्जा तेज आवाज के साथ भरभराकर नीचे गिर गया। छज्जे का मलबा सीधे सुनीता देवी और उनके पुत्र पर आ गिरा, जिससे दोनों गंभीर रूप से दब गए। वहीं, राजमिस्त्री भी छज्जे के साथ नीचे गिरकर घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद ग्रामीणों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। हालांकि, तब तक सुनीता देवी और राजकुमार यादव की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घायल राजमिस्त्री प्रदीप यादव को इलाज के लिए जमुआ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके हाथ-पांव और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर हीरोडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि तकनीकी खामी या निर्माण संबंधी कमजोरी के कारण छज्जा ढह गया।

## मलकोको एमपीएल के फाइनल में विक्रम इलेवन को हराकर धुरंधर टाइगर ने जीता खिताब



**बरही।** प्रखंड के मलकोको गांव में आयोजित एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेल प्रेमियों के लिए यादगार रहा। रोमांचक मुकाबले में धुरंधर टाइगर ने विक्रम इलेवन को 34 रन से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए धुरंधर टाइगर ने निर्धारित 12 ओवर में 97 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विक्रम इलेवन की टीम धुरंधर टाइगर के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 63 रन पर ऑलआउट हो गई। समापन समारोह में विजेता धुरंधर टाइगर को 5 हजार रुपये एवं ट्रॉफी तथा उपविजेता विक्रम इलेवन को 3 हजार रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित खेल प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कैयूम ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर मलकोको मुखिया विजय यादव, सूरज दास, गुलाब दास, केदार राणा, शंकर दास, संजय अंसारी, हाजी जहूर, मुस्ताक और अजहरुद्दीन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे टूर्नामेंट गांव के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

## डायन प्रथा, साइबर अपराध और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जनभागीदारी पर जोर



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** अनुमंडल पुलिस बरही द्वारा संचालित "बरही अनुमंडल पुलिस आपके द्वारा" अभियान के तहत रविवार को बरही चौक पर जागरूकता नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति, डायन-बिसाही जैसी कुप्रथाओं के उन्मूलन, महिला एवं बाल सुरक्षा, साईबर अपराध, सोशल मीडिया के अपराध तथा साइबर जिम्मेदार उपयोग को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। सभा में बतौर मुख्य अतिथि एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने कहा कि अपराध नियंत्रण में पुलिस के साथ आम लोगों की भागीदारी भी आवश्यक है। थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने नशा मुक्ति को जन आंदोलन बनाने की अपील की। महिला थाना प्रभारी राधा रागिनी ने महिलाओं और बच्चियों से किसी भी प्रकार की घटना होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने का आग्रह किया, जबकि अवर निरीक्षक संतोष कुमार ने सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग पर बल दिया। विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी तथा जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भगवान केसरी, ने कहा कि नशा, अंधविश्वास, महिला उत्पीड़न और साइबर अपराध जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए समाज और पुलिस को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने युवाओं से सकारात्मक सोच अपनाने, कानून का सम्मान करने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में कार्यक्रम में परमेश्वर यादव, आकाश जायसवाल, अरुण कुमार, कुंदन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार, एसआई नरेंद्र कुमार, एसआई सुशील कुमार, एसआई सुमित कुमार, एसआई सौरभ कुमार, गौरव गुप्ता, गुड्डू जायसवाल, कमलकांत कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### बाबू वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में विशेष स्वच्छता अभियान जारी

# नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देना हमारा लक्ष्य : महापौर

- महापौर अरविंद कुमार राणा ने बताया- यह विशेष स्वच्छता अभियान 19 जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बाबू वीर कुंवर सिंह स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) में पिछले एक सप्ताह से विशेष साफ-सफाई अभियान संचालित है। नगर निगम के महापौर अरविंद कुमार राणा की पहल पर जेसीबी से स्टेडियम परिसर एवं बाहरी क्षेत्र में उगी झाड़ियां, घास तथा अवांछित वनस्पतियों को हटाकर पूरे परिसर को व्यवस्थित किया जा रहा है।

गौरतलब है कि वर्ष 1967 में इस स्टेडियम का नामकरण महान स्वतंत्रता सेनानी वीर बाबू कुंवर सिंह के सम्मान में किया गया था। वर्तमान अभियान के तहत स्टेडियम के चारों ओर फैले क्षेत्र की साफ-सफाई कर उसे अधिक उपयोगी और आकर्षक बनाया जा रहा है।

महापौर अरविंद कुमार राणा ने बताया कि यह विशेष स्वच्छता अभियान 19 जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के अंदर लगभग 400 मीटर तथा बाहरी क्षेत्र में लगभग 800 मीटर का ट्रैक है। बाहरी हिस्से की साफ-सफाई कर वहां पाथवे विकसित करने की योजना है, ताकि खिलाड़ी, मॉर्निंग वॉकर एवं आम नागरिक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में इसका उपयोग कर सकें।

उन्होंने कहा कि हजारीबाग उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का मुख्यालय है। ऐसे में शहर की स्वच्छता, हरियाली और सौंदर्य बनाए रखना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य के साथ शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों का कायाकल्प किया जा रहा है।

महापौर ने बताया कि इस अभियान में जिला खेल पदाधिकारी का भी सक्रिय सहयोग प्राप्त हो रहा है। नगर निगम का प्रयास केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी निरंतर कार्य किया जा रहा है। महापौर ने शहरवासियों से भी अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें, ताकि हजारीबाग को स्वच्छ, हराभरा और आदर्श शहर बनाया जा सके। अगर शहर में साफ-सफई रहेगी तो हम सभी को इसका लाभ मिलेगा और लोग इसके पसंद भी करेंगे। अगर कोई बाहर लोगों यहां आएंग तो साफ-सफई देखकर हमसभी काम होगा और इसकी मिसाल दी जाएगी। इसलिए हम सभी शहरवासियों को इसपर ध्यान देने की जरूरत है।

## विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विद्यालय को मिला एयर कूलर



**रामगढ़।** सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के उद्देश्य से एक विद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एयर कूलर स्थापित किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए यह पहल बच्चों को स्वच्छ एवं ठंडी हवा उपलब्ध कराने तथा उनके लिए बेहतर अध्ययन वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना भी समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सहयोग के लिए सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों को गर्मी के मौसम में काफी राहत मिलेगी। संस्था ने भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े ऐसे जनहितकारी कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। मौके पर क्लब अध्यक्षा श्वेता जैन,सचिव नवलजीत कौर, प्रियंका जैन, , ममता अग्रवाल, जसमीत सोनी,रंजू अरोड़ा,नीति अरोड़ा आदि सदस्या मौजूद थी।

## दो दिनों के आंदर उलीडीह में 10 दुकानों से लाखों की चोरी



**पूर्वी सिंहभूम।** उलीडीह थाना क्षेत्र के टीचर कॉलोनी डिमना रोड स्थित राजस्थान भवन के समीप चोरों ने लगातार दो रातों तक आतंक मचाते हुए कुल 10 दुकानों को निशाना बनाया। शुक्रवार और शनिवार की रात हुई इस सिलसिलेवार चोरी की घटनाओं से पूरे बाजार क्षेत्र में दहशत का माहौल है। शनिवार देर रात अकेले आठ दुकानों में चोरी और चोरी के प्रयास की घटना सामने आई है। चोर कई दुकानों के ताले तोड़कर नकदी, कीमती सामान और अन्य सामग्री लेकर फरार हो गए, जबकि कुछ दुकानों में ताले तोड़े जाने के बावजूद चोरी नहीं हो सकी। जानकारी के अनुसार चोरों ने किराना, मेडिकल, हार्डवेयर और अन्य प्रतिष्ठानों को अपना निशाना बनाया। चोरी किये गये प्रतिष्ठानों में श्याम जनरल स्टोर, विष्णु भंडार, मां वैभव वैष्णो मेडिकल, मनोज केजरीवाल हार्डवेयर, रामाज्ञा आटा चक्की, राधा कृष्ण ट्रेलर और शुभम स्टोर समेत कई अन्य दुकानें शामिल हैं। कई दुकानों के शटर और ताले तोड़कर चोर अंदर घुसे और गल्ले में रखी नकदी के अलावा अन्य कीमती सामान भी उठा ले गए। कुछ दुकानों का सेंट्रल लॉक नहीं खुलने के कारण वहां चोरी की कोशिश नाकाम रही, लेकिन ताले टूटे हुए मिले। स्थानीय व्यवसायी सर्वजीत तिवारी ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार की रात को मिलाकर कुल 10 दुकानों में चोरी की वारदात हुई है। उन्होंने कहा कि शनिवार की देर रात आठ दुकानों को निशाना बनाया गया और इस दौरान लाखों रुपये की नकदी व संपत्ति की चोरी हुई है।

**धर्म-कर्म**

### 16 जुलाई से चार दिवसीय रथ यात्रा महोत्सव का शुभारंभ

# चार दिनों तक रहेगा भक्ति और संस्कृति का संगम

- रास्ते में सात अलग-अलग स्थानों पर रथ का स्वागत किया जाएगा, जहां भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को पारंपरिक 56 भोग अर्पित किए जाएंगे

नवीन मेल संवाददाता



**धनबाद।** भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस्कॉन धनबाद के तत्वावधान में 16 जुलाई से चार दिवसीय रथ यात्रा महोत्सव का शुभारंभ होगा। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। महोत्सव के दौरान धार्मिक आयोजनों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क महाप्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। इस्कॉन धनबाद के अध्यक्ष प्रेम दास ने बताया कि यह लगातार छठा वर्ष है, जब शहर में इस भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। 16 जुलाई की सुबह जगन्नाथ हॉस्पिटल के सामने स्थित दुर्गा मंडप से रथ यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा रणधीर वर्मा चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए गोल्फ ग्राउंड स्थित अस्थायी गुंडीचा मंदिर पहुंचेगी। रास्ते में सात अलग-अलग स्थानों पर रथ का स्वागत किया जाएगा, जहां भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को पारंपरिक 56 भोग अर्पित किए जाएंगे।इस बार महोत्सव में छऊ नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। आदिवासी कलाकार पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य और भजन-कीर्तन करते हुए रथ यात्रा में शामिल होंगे। गोल्फ ग्राउंड में बनाए गए गुंडीचा मंदिर परिसर में 16 से 19 जुलाई तक दर्शन, आरती, प्रवचन, संकीर्तन, भजन संध्या और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

चर्चित गायक अभिषेक कुमार भी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे

प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक श्रद्धालुओं के बीच निःशुल्क महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। वहीं, सांस्कृतिक संध्या में इंडियन आइडल से चर्चित गायक अभिषेक कुमार की प्रस्तुति भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी।

## विवादों को लेकर युवक पर तलवार से हमला, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम।** गोलमुरी थाना क्षेत्र के आनंद नगर विकास भवन के समीप शनिवार देर रात पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर धारदार तलवार से जानलेवा हमला कर दिया गया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके हाथ का पंजा बुरी तरह कट गया और पेट में भी चोट आई है। घायल का इलाज कराने के बाद पुलिस ने उसकी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घायल की पहचान नामदा बस्ती (नानक नगर) निवासी रोहित सिंह के रूप में हुई है। रोहित ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि शनिवार रात वह वह सिद्धाश्रम मंदिर के पास अपने कुछ दोस्तों के साथ खड़ा होकर बातचीत कर रहा था।

**विचार प्रवाह** मैं प्रार्थनागृह में प्रार्थना में बैठी थी- मैं अपने जीवन में आपनेवाली किसी परिस्थिति में विषय में सोच रही थी, जिसने मुझे आशंका से भर दिया था। मैं जानती थी कि ईश्वर की इच्छा नहीं है कि मैं उस अनुभव से बचूं। उस क्षण भी वह मेरी ओर बढ़ रहा था। अचानक प्रभु ने मुझे वह प्रार्थना बतायी जो उन्हें स्वीकार्य होगी, और मैंने तुरंत कहा- मेरे जीवन की किसी भी परिस्थिति को न बदलें, मुझे बदलें।- **स्वामी विवेकानंद जी**

# भीड़तंत्र अहंकार और आबादी

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कुछ दशक पूर्व भारत सहित पूरी दुनिया में बढ़ती जनसंख्या चर्चा और चिंता के केंद्र में थी, वहीं आज घटती जनसंख्या को लेकर मंथन किए जा रहे हैं। भारत जहां जनसंख्या के आधार पर वोट बैंक बनाए जाते रहे हैं और मुसलमानों पर जनसंख्या बढ़ाकर देश की राजनीति पर हावी होने या भविष्य में जबरन धर्मांतरण जैसे आरोप लगाए जाते हैं और बहुसंख्यक आबादी के एक वैचारिक संगठन आरएसएस द्वारा घटती हिंदू आबादी पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिक बच्चे पैदा करने की अपील तक चर्चा में रही है ऐसे में 1975 में कांग्रेस सरकार के राजपाट में आपातकाल के दौरान देशहित में जबरन नसबंदी भी फिर चर्चा में है। अभी तेजी से बढ़ती जनसंख्या भारत की विकास की गति को अवरुद्ध भी कर रही है तो महानगरीय और प्रतिस्पर्धी जीवन शैली में बहुत से एकल परिवार या तो बच्चे पैदा ही नहीं कर रहे या एक ही बच्चे को पर्याप्त मान रहे हैं जबकि वैश्विक चिंतन अलग है इस संदर्भ में इस शताब्दी की शुरुआत में फ्रांस समेत यूरोप के कई देशों की जनसंख्या संबंधी नीति में उन देशों में बच्चे पैदा करने, विशेष तौर पर तीसरे बच्चे, के लिए अनेकानेक प्रोत्साहन-जैसे सवेतन अवकाश, रेल यात्रा में छूट, सरकारी परिलाभ आदि प्रचलित थे। उस समय भारत जहां बढ़ती आबादी से जूझ रहा था, वहीं वे देश घटती जन्म दर और प्रवासी श्रमिकों पर बढ़ती निर्भरता को लेकर चिंतित थे। हालांकि, भारत दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाला देश बन चुका है, पर वर्तमान युवा पीढ़ी की संतानोत्पत्ति के प्रति बढ़ती बेरुखी के चलते, आने वाला समय निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण होने वाला है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण-पूर्व एशिया में पिछले कुछ वर्षों में बाल विवाह की दर आधी रह गई है। इसकी बड़ी वजह युवाओं आई जागरूकता और उत्तम जीवन शैली की ललक, बेरोजगारी, आवास की समस्या और समाज की बदलती सोच है। भारत सहित दुनिया के कई देशों में युवा शादी से दूरी बना रहे हैं। इसके पीछे अच्छा जीवनसाथी या स्थायी नौकरी न मिलना, आर्थिक परेशानियां और निजी आजादी में कमी का डर जैसे कारण हैं। यह सभ्यता और प्रकृति के स्थापित नियमों के लिए सकारात्मक लक्षण नहीं है। जीने की औसत आयु और स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता में बढ़ोतरी और सामाजिक परिवर्तन के चलते बच्चे पैदा करना अब लोगों की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है। इसके अलावा संकोच और सामाजिक वर्जनाओं के कारण परिवारों में शादी, यौन संबंध, गर्भधारण और मातृत्व जैसे विषयों पर खुलकर बात नहीं हो पाती। यही बंधन विद्यालयों में भी है। जिस कारण हर स्तर पर लोगों के अपने अलग-अलग विचार हैं। इन विषमताओं को देखते हुए अब युवाओं के लिए रुकावटें खड़ी करने के बजाय नए विकल्प तैयार करने की सोच पर जोर दिया जा रहा है। अस्सी के दशक में फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया व नेशनल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की ओर से विद्यालयों में पारिवारिक जीवन शिक्षा के तहत इन विषयों हेतु अभियान चलाया गया था, पर वह बहुत सफल नहीं हो सका। वर्तमान सरकार ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस विषय को प्रमुखता से प्रसारित करने की इच्छा जाहिर की है। युवा से वृद्ध होती आबादी के लिए चीन और जापान के उदाहरण सामने हैं कि अभी समय रहते कदम उठाए जाने चाहिए। इसी कारण इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जनसंख्या दिवस की थीम युवाओं की इच्छाओं और जरूरतों पर केंद्रित रखी है, ताकि वे अपने अधिकारों का सही उपयोग करते हुए अपनी पसंद का बेहतर भविष्य बना सकें। आवश्यकता इस बात की है कि युवाओं से संवाद द्वारा भविष्य की असुरक्षा और व्याप्त भ्रांतियों को दूर करते हुए आने वाली संतति के लिए उपयुक्त वातावरण और अवसर के प्रति आश्वस्त किया जाए। बढ़ती जनसंख्या, एआई जैसी चुनौतियों और वोट बैंक की राजनीति ने स्थाई असर काम किए हैं जिससे भविष्य असुरक्षित भी लग रहा है तो दूसरी ओर सामाजिक बदलावों के कारण परिवारों में आपसी विश्वास व समझ कम हुई है, जिससे दूरी और टकराव बढ़ा है। ऐसे में दूरी भले ही पर सहयोग से परिवार की ताकत का एहसास कराना और वैचारिक दूरियों को कम करना जरूरी है, ताकि तेजी से हो रहे जनसांख्यिकीय बदलाव की गति को रोका जा सके। हर व्यक्ति को इस विषय पर जागरूक होकर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। सबसे जरूरी बात यह कि धार्मिक आधार पर वर्चस्व के लिए एकजुटता से यदि राजनीति चलाई जाएगी तो उसकी प्रतिक्रिया स्वाभाविक है और भविष्य के लिए खतरनाक भी, ताजा उदाहरण वैश्विक उथल -पुथल है जिसमें केंद्र में सर्वहित नहीं बल्कि धार्मिक वर्चस्व या अहंकार जनित शक्ति प्रदर्शन है। यहां एक दिलचस्प बात यह है कि आधुनिक हथियारों और धनबल से संपन्न अमेरिका, इंग्लैंड जैसे देशों में कड़े आव्रजन नियमों के कारण अपनी कम आबादी बाधक नहीं है जबकि भारत में उल्टा है।

# समुद्र पर बनेगा भारत का पहला हवाई अड्डा

आज की बात



महेंद्र तिवारी

> अरब सागर में पुनः प्राप्त भूमि पर बनने वाला यह एयरपोर्ट भारतीय इंजीनियरिंग क्षमता की नई पहचान बनेगा। प्रस्तावित एयरपोर्ट की क्षमता इसे विश्व के प्रमुख हवाई अड्डों की श्रेणी में ला सकती है। योजना के अनुसार यहां प्रतिवर्ष लगभग 9 करोड़ यात्रियों के आवागमन और लगभग 30 लाख मीट्रिक टन कार्गो की आवाजाही की व्यवस्था होगी। दो समानांतर रनवे विकसित किए जाने की भी योजना है, जिससे बड़ी संख्या में विमानों का संचालन संभव हो सकेगा

भारत की आर्थिक प्रगति का सबसे बड़ा आधार उसकी आधुनिक अवसंरचना है। पिछले कुछ वर्षों में देश ने सड़क, रेल, बंदरगाह, मेट्रो, एक्सप्रेसवे और हवाई अड्डों के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार देखा है। अब इसी श्रृंखला में एक और ऐतिहासिक पहल जुड़ने जा रही है। महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई के निकट पालघर जिले के कोरे बीच के पास भारत का पहला ऑफशोर अर्थात समुद्र आधारित हवाई अड्डा विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यदि यह परियोजना निर्धारित योजना के अनुसार साकार होती है तो यह केवल एक नया एयरपोर्ट नहीं होगा, बल्कि भारत की विमानन क्षमता, समुद्री इंजीनियरिंग, व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक विकास का नया प्रतीक बनेगा। यह परियोजना देश को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में खड़ा कर सकती है जिन्होंने समुद्र से भूमि तैयार कर विश्वस्तरीय हवाई अड्डों का निर्माण किया है।

ऑफशोर एयरपोर्ट का विचार अपने आप में अत्यंत आधुनिक और दूरदर्शी है। सामान्यतः हवाई अड्डे विशाल भूमि पर बनाए जाते हैं, लेकिन महानगरों में भूमि की उपलब्धता लगातार कम होती जा रही है। बढ़ती आबादी, तेजी से फैलते शहर और भूमि अधिग्रहण से जुड़ी सामाजिक तथा कानूनी चुनौतियां नई परियोजनाओं को कठिन बना देती हैं। ऐसे में समुद्र के भीतर कृत्रिम भूमि तैयार कर उस पर एयरपोर्ट का निर्माण एक व्यावहारिक विकल्प बनकर उभरा है। जापान का कंसाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और हांगकांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इस अवधारणा के सफल उदाहरण हैं। भारत में भी अब इसी दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। अरब सागर में पुनः प्राप्त भूमि पर बनने वाला यह एयरपोर्ट भारतीय इंजीनियरिंग क्षमता की नई पहचान बनेगा। प्रस्तावित एयरपोर्ट की क्षमता इसे विश्व के प्रमुख हवाई अड्डों की श्रेणी में ला सकती है। योजना के अनुसार यहां प्रतिवर्ष लगभग 9 करोड़ यात्रियों के आवागमन और लगभग 30 लाख मीट्रिक टन कार्गो की आवाजाही की व्यवस्था होगी। दो समानांतर रनवे विकसित किए जाने की भी योजना है, जिससे बड़ी संख्या में विमानों का संचालन संभव हो सकेगा। यह क्षमता केवल वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नहीं बल्कि आने वाले कई दशकों की मांग को ध्यान में रखकर निर्धारित की गई है। भारत में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और यह परियोजना भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार की जा रही है।

मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी है। यहां स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में शामिल है। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण के बावजूद भविष्य में यात्रियों और माल परिवहन की बढ़ती मांग को देखते हुए अतिरिक्त क्षमता की आवश्यकता महसूस की जा रही है। प्रस्तावित ऑफशोर एयरपोर्ट इस चुनौती का दीर्घकालिक समाधान बन सकता है। इससे न केवल मुंबई क्षेत्र के हवाई यातायात का दबाव कम होगा बल्कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों और माल परिवहन के लिए भी नई संभावनाएं खुलेंगी। इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका बहुआयामी संपर्क तंत्र है। प्रस्तावित एयरपोर्ट को वधावन बंदरगाह, मुंबई अहमदाबाद हाई स्पीड रेल, मुंबई वडोदरा एक्सप्रेसवे तथा प्रस्तावित उत्तन विरार सी लिंक से जोड़ने की योजना है। इसके अतिरिक्त समर्पित माल गलियारे और अन्य सड़क संपर्क भी विकसित किए जाएंगे। इससे हवाई, समुद्री, रेल और सड़क परिवहन का ऐसा समन्वित नेटवर्क तैयार होगा जो भारत में मल्टीमॉडल परिवहन का उत्कृष्ट उदाहरण बन सकता है। यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी और माल परिवहन की लागत तथा समय दोनों में कमी आएगी। वधावन बंदरगाह स्वयं भारत की सबसे महत्वपूर्ण समुद्री परियोजनाओं में गिना जा रहा है। यदि उसके साथ विशाल कार्गो क्षमता वाला एयरपोर्ट भी विकसित हो जाता है तो पश्चिमी भारत में अंतरराष्ट्रीय व्यापार का नया केंद्र उभर सकता है। समुद्री मार्ग से आने वाला माल कम समय में हवाई मार्ग से देश और विदेश भेजा जा सकेगा। इसी प्रकार हवाई मार्ग से आने वाला उच्च मूल्य का सामान सीधे बंदरगाह तक पहुंचाया जा सकेगा। इससे निर्यात और आयात दोनों क्षेत्रों को गति मिलेगी तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका और मजबूत होगी।

पालघर जिला लंबे समय तक मुंबई महानगर क्षेत्र के बाहरी हिस्से के रूप में देखा जाता रहा है। हालांकि हाल के वर्षों में यहां औद्योगिक गतिविधियां बढ़ी हैं, फिर भी इसकी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं हो पाया है। ऑफशोर एयरपोर्ट बनने के बाद इस क्षेत्र में औद्योगिक निवेश, वेयरहाउस, लॉजिस्टिक्स पार्क, होटल, पर्यटन, आवासीय परियोजनाएं और सेवा क्षेत्र तेजी से विकसित हो सकते हैं। हजारों प्रत्यक्ष और लाखों अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। स्थानीय युवाओं को निर्माण, विमानन, आतिथ्य, सुरक्षा, परिवहन और तकनीकी सेवाओं में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।



एआई जेनरेटेड

इससे क्षेत्रीय आर्थिक असंतुलन भी कम हो सकता है। इतनी विशाल परियोजना के साथ कई तकनीकी और पर्यावरणीय चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। समुद्र से भूमि तैयार करना अत्यंत जटिल इंजीनियरिंग कार्य है। समुद्री धाराओं, ज्वार भाटा, तटीय पारिस्थितिकी, समुद्री जीवों, मछुआरा समुदाय और जलवायु परिवर्तन जैसे अनेक पहलुओं का गहन अध्ययन आवश्यक होगा। इसलिए सरकार ने विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें तकनीकी, वित्तीय और पर्यावरणीय पहलुओं का समग्र मूल्यांकन किया जाएगा। किसी भी बड़े विकास कार्य में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के सिद्धांतों का पालन अनिवार्य है। यदि इन पहलुओं की अनदेखी की गई तो दीर्घकाल में परियोजना को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक दृष्टि से भी यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य से इस्पात, सीमेंट, मशीनरी, इंजीनियरिंग, परिवहन और निर्माण उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। परियोजना पूर्ण होने के बाद विमानन, पर्यटन, व्यापार, ई कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स और निर्यात आधारित उद्योगों में नई ऊर्जा आएगी। विदेशी निवेशकों के लिए भी यह क्षेत्र अधिक आकर्षक बन सकता है क्योंकि आधुनिक परिवहन अवसंरचना निवेश का सबसे महत्वपूर्ण आधार होती है। इससे महाराष्ट्र के साथ साथ पूरे पश्चिमी भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी।

भारत ने पिछले दशक में विमानन क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। छोटे शहरों तक हवाई सेवाएं पहुंचाने की योजनाओं से लेकर नए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के निर्माण तक अनेक प्रयास किए गए हैं। आज भारत विश्व के सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में शामिल है। ऐसे समय में ऑफशोर एयरपोर्ट जैसी परियोजना यह संकेत देती है कि देश केवल वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने तक सीमित नहीं रहना चाहता बल्कि भविष्य की मांग को ध्यान में रखकर दीर्घकालिक योजना बना रहा है। यह दृष्टिकोण विकसित भारत की अवधारणा के अनुरूप भी है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# सवाधीनता आंदोलन के अप्रतिम योद्धा : रामेश्वर महतो

अलग बात



विजय केसरी

झारखंड के महान स्वाधीनता सेनानी रामेश्वर महतो जी का जीवन त्याग और बलिदान से ओतप्रोत है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर वे स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े थे। स्वाधीनता आंदोलन से जुड़ने के बाद उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश की आजादी के नाम कर दिया था। वे आजीवन गांधी की राह पर चलकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाते रहे थे। देश की आजादी के बाद वे जीवन पर्यंत शिक्षा का अलख जगाते और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष रत रहे थे । वे देश की आजादी के लिए महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉ० राजेंद्र प्रसाद, मौलाना अबुल कलाम आजाद, बाबू राम नारायण सिंह जैसे बड़े राष्ट्रीय नेताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते रहे थे। अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें कई बार पकड़ने की कोशिश की थी, लेकिन रामेश्वर महतो हर बार फरार हो जाया करते थे। 1940,रामगढ़ में सम्पन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 53 वां महाधिवेशन में रामेश्वर महतो ने एक स्वयंसेवक के रूप में सराहनीय योगदान दिया था। संत विनोबा भावे के भूदान यज्ञ आंदोलन में भी उनकी महती भूमिका रही थी। उनके प्रयास से भूदान यज्ञ आंदोलन को झारखंड में बड़ी सफलता मिली थी। महात्मा गांधी ने जब रामगढ़ अधिवेशन में समाज में व्याप्त दहेज प्रथा, छुआछूत, अशिक्षा, अंधविश्वास जैसी कुरीति के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का ऐलान किया था। इस एलान का रामेश्वर महतो पर ऐसा प्रभाव पड़ा कि वे सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जीवन पर्यंत संघर्षरत रहे थे। उनका जीवन सत्य और अहिंसा से ओतप्रोत था। वे सहज, सरल और मृदुभाषी थे। उन्होंने भारतीय स्वाधीनता आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए हजारीबाग जिला में कांग्रेस का जबरदस्त संगठन खड़ा किया था। रामेश्वर महतो जी का बचपन बहुत ही कठिनाइयों के दौर से गुजरा था। उनका जन्म सन 1906 में हजारीबाग जिला के ग्राम चंदा में जरूर हुआ था, लेकिन उनका पालन पोषण मेरू के एक रिश्तेदार तेज नारायण महतो के घर हुआ था। उनकी शिक्षा मात्र मिडिल तक ही हो पाई थी। जब वे मात्र छः माह के थे, तब उनकी माता का देहावसान हो गया था। जब वे एक वर्ष के हुए तो उनके पिताजी का निधन हो गया था। उन्हें पढ़ने की प्रबल इच्छा थी, लेकिन वे पारिवारिक उलझनों के कारण आगे पढ़ नहीं पाए थे। बचपन से ही उनमें सामाजिक समाज सेवा करने की प्रवृत्ति रही थी। वे खुद भूखे रहकर दूसरे को अपना भोजन दे दिया करते थे। ईश्वर पर उन्हें बड़ी आस्था गहरी आस्था थी। वे विपरीत परिस्थितियों में भी कभी विचलित नहीं होते थे, बल्कि उसका सामना पूरी शक्ति के साथ किया करते थे। कृषक के घर जन्म लेने के कारण वे जीविकोपार्जन के लिए कम उम्र में ही खेती किसानी से जुड़ गए थे। उनकी शादी कम उम्र में ही कर दी गई थी। रामेश्वर महतो की पढ़ाई मिडिल तक जरूर हुई थी, लेकिन उनमें ज्ञान अर्जन करने की अद्भुत क्षमता थी। वे नियमित रूप से पुस्तकें और अखबार पढ़ा करते थे। वे अपने विचारों को अपने गांव के मित्रों के समक्ष रखा करते थे। रामेश्वर महतो के विचार सुनकर उनके मित्र गण काफी प्रभावित हो जाते थे। उनके कई मित्र कहा करते थे कि रामेश्वर महतो एक दिन जरूर कुछ बड़ा करेगा। उनके मित्रों की बात सच साबित हुई। रामेश्वर महतो ने महात्मा गांधी के आह्वान पर अपना संपूर्ण जीवन स्वाधीनता आंदोलन के नाम कर दिया था। उन्होंने हजारीबाग जिला अंतर्गत ग्राम चंदा में कांग्रेस का एक बड़ा संगठन तैयार किया था। जिसमें काफी संख्या में युवा सम्मिलित हुए थे। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण बल्लभ सहाय एवं संविधान सभा के सदस्य बाबू राम नारायण सिंह के साथ मिलकर स्वाधीनता आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए हजारीबाग जिला में भी कांग्रेस का एक बड़ा संगठन भी तैयार किया था। उन्होंने रामगढ़ के पूर्व विधायक सह स्वाधीनता सेनानी मोतीराम ठाकुर जी के साथ ग्राम चंदा में कांग्रेस पार्टी की एक बड़ी रैली का आयोजन किया था। जिसकी चर्चा आज भी ग्राम चंदा में होती है। इस रैली के बाद ब्रिटिश हुकूमत के सिपाहियों ने रामेश्वर महतो को गिरफ्तार करने के लिए एड़ी चोटी एक कर दिया था। लेकिन वे सब रामेश्वर महतो को गिरफ्तार कर नहीं पाए थे। रामेश्वर महतो उन सबों की आंखों के सामने से ऐसे भाग खड़े होते थे कि किसी को पता ही नहीं चल पाता था। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान हजारीबाग केंद्रीय कारा में बंद राष्ट्रीयनेताओं के पत्रों को आंदोलनकारियों तक पहुंचाने में उनकी भूमिका बड़ी निराली होती थी। हजारीबाग के जिला कलेक्टर को इस बात की जानकारी सीआईडी द्वारा मिल गई थी। इसके बावजूद हजारीबाग जिला प्रशासन रामेश्वर महतो को गिरफ्तार नहीं कर पाए थे। रामेश्वर महतो स्वाधीनता आंदोलन के साथ समाज में सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वाधीनता सेनानी रामेश्वर महतो की 13 वीं पुण्यतिथि



## आपकी बात

### वर्षा ऋतु



अशोक 'प्रवृद्ध'

नभ पर काले मेघ घिरे हैं,
आषाढ़ मास अब आया है।
चातक की प्यासी आंखों ने,
सावन का संदेशा पाया है।
तपती धरती शांत हुई अब,
पहली बूंद जो गिरी धरा पर।
सौंधी-सौंधी महक
उठी है, वन-उपवन और हर
चौखट पर।
सावन की रिमझिम फुहार ने, मन में नया तरंग जगाया।
झूला झूलें सखियां मिलकर, कजरी का
सुर जग में छाया।
हरियाली की चादर ओढ़े, प्रकृति ने श्रृंगार किया है।
विरहिन बैठी बाट निहारे, पी ने कैसा नेह दिया है।
भादों की रातें हैं काली, बिजली चमके चम-चम नभ में।
दादुर-मोर मचाते शोर हैं, जिया डरे अब सूने घर में।
नदियां उफान पर बहती जाएं, सागर से
मिलने की चाह में।
झर-झर बरस रहा है सावन, बाधा आई हर इक राह में।
क्वार मास ने कदम बढाया, बादल अब
छंटने को आए।
धूप-छांव का खेल शुरू है, ताल-तलैया
सब भर आए।
वर्षा की विदाई बेला है, निर्मल हुआ गगन का पानी।
धरती मां के आंचल में अब, पकने लगी धान की धानी।

## राष्ट्रीय नवीन मेल धर्म-अध्यात्म

### दु:खों से ऊपर उठना



श्री श्री परमहंस योगानंद

मेरा अपने परमपिता से निरन्तर विवाद रहा है कि मनुष्यों को, जो उनके प्रतिबिम्ब में बने हैं, उनके ही पास वापस लाने के लिए पीड़ा ही कसौटी क्यों है? मैं परमपिता से कहता हूं कि पीड़ा में एक विवशता है; प्रेरणा और प्रेम मानव को स्वर्ग में वापस लाने के श्रेष्ठतर उपाय हैं। यद्यपि मैं उत्तर जानता हूँ, तथापि मैंने परमपिता से इन बातों पर सदा झगड़ा किया है, क्योंकि 'वे' मुझे समझते हैं; जैसे एक पिता अपने पुत्र को समझता है। यह संसार कितना दुःखद है! यह अनिश्चितता का स्थान है। परन्तु आपके साथ चाहे कुछ भी हुआ हो, यदि आप स्वयं को परमपिता के चरणों में रख देते हैं, और उनकी दया की याचना करते हैं, तो वे आपको उठा लेंगे तथा आपको दिखा देंगे कि जीवन मात्र एक स्वप्न है। मैं आपको एक छोटी कहानी सुनाऊँगा। एक राजा सो गया और उसने स्वप्न में देखा कि वह निर्धन था। वह अपनी नींद में कुछ भोजन पाने के लिए, मात्र एक पैसे के लिए रो रहा था। अन्ततः, रानी ने उसे जगाया और कहा, "आपको क्या हो गया है? आपका ख़ज़ाना सोने से भरा पड़ा है और फिर भी आप एक पैसे के लिए रो रहे हैं।" तब राजा ने कहा, "ओह, मैं कितना मूर्ख था। मैंने सोचा कि मैं एक भिखारी था और उस पैसे की कमी के कारण भूखा मर था आऔर उस पैसे की कमी के क रहा था।" ऐसा ही प्रत्येक उस आत्मा का भ्रम भी है जो यह स्वप्न देख रही है कि वह नश्वर है, और रोग, पीड़ा, कष्टों, हृदय वेदनाओं की सभी प्रकार की बुराइयों के दुःस्वप्नों से प्रभावित है। इस दुःस्वप्न से बच निकलने का एक मात्र तरीका परमात्मा से अधिक चिपके रहना और इस संसार की स्वप्न वस्तुओं में कम आसक्त होना है। **-पुस्तक जहां है प्रकाश से साभार**

## फेसबुक वॉल से





## एक्स से




# 'हनुमानगढ़ी से उठी नमाज की गूंज, बैकफुट पर अखिलेश'

देश की बात



केदारनाथ दास

योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या की प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी परिसर में समाजवादी पार्टी के द्वारा नमाज पढ़वाए जाने की घटना का भंडाफोड़ करके अखिलेश यादव को एक तरह से बैकफुट पर लाकर खड़ा कर दिया है। इस संबंध में योगी जी के दावों की मानें तो समाजवादी पार्टी ने वर्ष 2003 में हनुमानगढ़ी मंदिर की सीढ़ियों पर तब जुमे की नमाज कराई थी जब उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव जी की सरकार थी और नमाज कराने का आदेश भी उन्हीं का था। हैरानी की बात यह है कि मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद अयोध्या (फैजाबाद) के तत्कालीन एसएसपी बृजलाल ने हनुमानगढ़ी में नमाज कराने से इंकार कर भी कर दिया था परन्तु सरकार के आदेश के आगे उन्हें झुकना पड़ा और आखिरकार हनुमान गढ़ी की उन पिछली सीढ़ियों पर नमाज पढ़े गए जहां से हनुमान भक्त उतरकर सड़क पर आते हैं। उल्लेखनीय है कि मंदिर अथवा तीर्थस्थलों पर नमाज कराने से न मुलायम सिंह यादव को कभी कोई ऐतराज था और न समाजवादी पार्टी को ही इसपर कोई आपत्ति थी। यह एक बड़ा कारण रहा है जब उत्तराखंड की स्थापना के तुरंत बाद हरिद्वार के हर की पैड़ी के वीआईपी घाट पर भी समाजवादी पार्टी के द्वारा नमाज कराई गई थी। संदर्भवश उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पूरे देश में सुर्खियां बटोरने वाले इस घटना को लेकर धर्मनगरी हरिद्वार में भी काफी कोहराम मचा था। तब भी मुलायम ही यूपी के मुख्यमंत्री थे और इस दौरान तीन दिनों तक हरिद्वार में रुके बैठे थे। उन दिनों समाजवादी पार्टी का तीन दिवसीय प्रादेशिक सम्मेलन हरिद्वार के हर की पैड़ी स्थित इसी वीआईपी घाट पर संपन्न हुआ था और हिन्दूओं के इस आराध्य स्थल में स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद सपाइयों के द्वारा नमाज अदा करने की बातें सामने आई। वैसे तो श्री योगी ने अभी तक हरिद्वार की कोई चर्चा नहीं की है परन्तु बात ही कुछ ऐसी है कि इतिहास निकल कर सामने आ ही जाता है। बहरहाल यह पूरा घटनाक्रम बहुत सीधा है और इस मामले में योगी जी ने कुछ भी गलत नहीं कहा। नतीजा सामने है जब उनकी इस साफगोई, स्पष्ट बयान और नमाज की तान छेड़ते ही इतिहास साक्षी बनकर सामने आ खड़ा हुआ और समाजवादी पार्टी व उसके नेता अखिलेश यादव अब बैकफुट पर नजर आने लगे। कल तक ऐसा कुछ भी नहीं था क्योंकि अयोध्या के श्री राम मंदिर में चोरी की अति निंदनीय कृत्य के बल पर श्री यादव मजे से 270 सीट का सपना देखने लगे थे। बताते चलें कि प्रदेश विधानसभा के चुनाव में अभी सात आठ महीने की देर है फिर भी श्री यादव ने सार्वजनिक मंचों से सपना देखने का दावा करना प्रारंभ कर दिया है। उनके इस दावे में कितनी सच्चाई है ये तो वे खुद ही बता सकते हैं परन्तु इस बात से किसी को कोई इनकार नहीं है कि सारा खेल अवधारणा कायम करने का है। इस खेल में श्री अखिलेश ने सपना देखने के बहाने बढ़त लेने की सोच ली तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। इसके साथ साथ ऐन मौके पर श्री राम मंदिर में चोरी का मुद्दा भी उनके हाथ लग गया। यह दीगर बात है कि श्री राम मंदिर में चोरी की घटना के उजागर होते ही एक आरोपी छुन्नु यादव के साथ सैकड़ों बार उनके साथ फोन पर बात करने की बातें सामने आ रही हैं। इस तथ्य में कितनी सच्चाई है, उनके बीच आपस में बातचीत हुई या नहीं और हुई हैं तो क्या क्या बातें हुई, अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं है। इन तथ्यों पर से पर्दा उठाने की जवाबदेही एसआईटी की है और वह तमाम तथ्यों की जांच में जुटी हुई भी है परंतु जांच के निष्कर्ष पर पहुंचने के पहले ही एक उंगली श्री यादव की ओर उठने मात्र से अवधारणा बनाने का उनका खेल अब बिगड़ता नजर आने लगा है। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने आप में राजनीति के एक चतुर खिलाड़ी हैं। नतीजा सामने है और अब उन्होंने हनुमान गढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज का तान छेड़कर श्री अखिलेश यादव को कायदे से बैकफुट पर लाकर खड़ा कर दिया है। इतना ही नहीं, श्री योगी तो अब श्री अखिलेश को गेरुआ वस्त्र धारण कर कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए मजबूर करने पर मानों तुल से गये हैं। निशाना बहुत साफ है कि राम भक्तों पर गोली चलाने, मंदिर निर्माण में बाधा उत्पन्न करने और हनुमान गढ़ी की सीढ़ियों में नमाज अदा करने वाली शक्तियों को श्री राम मंदिर चोरी की घटना को चुनावी मुद्दा बनाने व खुद को कट्टर सनातनी बताने का कोई हक ही नहीं है। नतीजा सामने है, जब श्री योगी ने अपने एक दांव से समाजवादी पार्टी को न केवल नमाजी घोषित कर दिया है बल्कि उन्हें चुनावी सपनों के छद्म दायरे में उतारकर सामने रख दिया है। इतना ही नहीं, इस एक दांव से उन्होंने समाजवादियों के साथ साथ तमाम विपक्ष दलों के नकली भक्ति का मुखौटा उतारते हुए यह साफ कर दिया है कि नकली सनातनी कौन है और असली कौन है?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

दुविधा में हिलने लगे, जब भी कोई पेड़।
समझो उसको वक्त ने दिया कहीं से छेड़।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता नए अवसरों का द्वार

# भारतीय पेशेवरों को मिलेगा बड़ा लाभ : पीयूष गोयल

- **समझौते से भारतीय निर्यात, सेवा क्षेत्र को होगा बड़ा लाभ**

**एजेंसी। मुंबई**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच लागू होने जा रहे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय निर्यात, सेवा क्षेत्र और विदेश में कार्यरत भारतीय पेशेवरों को व्यापक लाभ मिलेगा। मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में पीयूष गोयल ने कहा कि 15 जुलाई से भारत से यूके भेजे जाने वाले अधिकांश सामानों पर शून्य आयात शुल्क (जीरो इम्पोर्ट ड्यूटी) लागू होगा, जिससे भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा, "भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते ने व्यापार और निवेश के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। इस समझौते से भारतीय उद्योगों को वैश्विक बाजार में बेहतर अवसर मिलेंगे और देश के निर्यात को नई गति मिलेगी। उन्होंने विशेष रूप से सेवा क्षेत्र में कार्यरत भारतीय युवाओं के लिए हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा, "अब तक यूके में दो से पांच वर्ष तक काम करने वाले भारतीय पेशेवरों की आय का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा वहां की सोशल सिक्योरिटी प्रणाली के तहत कट जाता था, जबकि उन्हें उसका प्रत्यक्ष लाभ नहीं मिल पाता था।"इससे पहले मंत्री ने मुंबई में बंट समुदाय द्वारा स्थापित शशिकिरण शेट्टी एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के एक कार्यक्रम में भी भाग लिया। उन्होंने बंट समुदाय की सराहना करते हुए कहा कि समाज के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस संस्थान में अध्ययन करने वाले लगभग 3,000 विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा मिलेगी और वे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



### यूके में कार्यरत कर्मचारियों का पीएफ भारत में जमा होगा

गोयल ने बताया, "भारत और यूके के बीच 'डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन एग्रीमेंट' भी अंतिम रूप ले चुका है, जो 15 जुलाई से प्रभावी होगा। इसके तहत पांच वर्ष तक यूके में कार्य करने वाले भारतीय कर्मचारियों को वहां सोशल सिक्योरिटी योगदान नहीं देना पड़ेगा। इसके बजाय यह राशि भारत में उनके प्रोविडेंट फंड (पीएफ) खाते में जमा होगी, जहां उस पर 8.25 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। यह राशि कर-मुक्त रहेगी और भविष्य में कर्मचारियों तथा उनके परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार बनेगी।"

# पीएम मोदी की दस्तक से खुले भारत के लिए बंद पड़े दरवाजे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दृश्य की कल्पना कीजिए! जनवरी 2008, पर्थ। भारत के विशेष दूत एक अरब से अधिक आबादी वाले ऊर्जा-संकट से जूझ रहे देश के लिए यूरेनियम की मांग लेकर उस देश के पास पहुंचे जिसके पास दुनिया के सबसे बड़े यूरेनियम भंडारों में से एक है। लेकिन उन्हें टका सा जवाब मिला 'नहीं।' भारत से कहा गया, 'पहले परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हस्ताक्षर करें, वरना वापस जाएं।' भारत वापस लौट गया। अब स्थिति बदल चुकी है। साल 2026, महीना जुलाई और जगह ऑस्ट्रेलिया का मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हैं और घोषणा करते हैं कि ऑस्ट्रेलिया भारतीय परमाणु रिएक्टरों को यूरेनियम देगा। इस बार कोई उपदेश नहीं, कोई शर्त नहीं, भारत द्वारा दशकों से सम्मानपूर्वक अस्वीकार की गई संधि पर हस्ताक्षर करने की मांग नहीं। केवल एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति के रूप में भारत को दिया गया सम्मान।

भारत के दूत के लिए जो दरवाजा कभी बंद कर दिया गया था, वही दरवाजा अब भारत के नेता के लिए खुला है। इन दोनों दृश्यों के बीच प्रधानमंत्री मोदी की जकार्ता, मेलबर्न और ऑकलैंड यात्रा की कहानी है। यह केवल यात्रा की कहानी नहीं है, बल्कि उन दरवाजों की कहानी है जो दशकों तक भारत के लिए बंद रहे और अब एक-एक करके खुल रहे हैं।



चार दशक का अंतर एक सुबह झटके से खत्म

न्यूज़ीलैंड की कहानी भी इसी बदलाव को दर्शाती है। चार दशकों में पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री न्यूज़ीलैंड गया। व्यापार वार्ताएं वर्षों से लंबित थीं, लेकिन वर्तमान सरकार ने तेजी से मुक्त व्यापार समझौते को पूरा किया। ऑकलैंड में पारंपरिक 'माओरी पोविरी' स्वागत समारोह के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने नई रणनीतिक साझेदारी और 2030 रोडमैप की घोषणा की, जिसमें समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग, साइबर रक्षा, 7 अरब न्यूज़ीलैंड डॉलर के व्यापार लक्ष्य और भारतीय नौसेना तथा न्यूज़ीलैंड रक्षा बल के बीच लॉजिस्टिक्स समझौता शामिल है। अब भारतीय नौसेना का जहाज ऑकलैंड में सहायता और आपूर्ति प्राप्त कर सकता है। यह दर्शाता है कि भारत की समुद्री साझेदारी का विस्तार हिंद महासागर से दक्षिण प्रशांत तक हो रहा है।

### रक्षा क्षेत्र में भारत की नई भूमिका

अगर मेलबर्न ने यह बदला कि भारत क्या खरीद सकता है, तो जकार्ता ने यह बदला कि भारत अब क्या बेच सकता है। सत्तर वर्षों तक भारत की रक्षा कहानी एक खरीदार की कहानी रही, जहां विदेशी राजधानियों के बाहर कतारों में खड़ा होना पड़ता था। जकार्ता में यह स्थिति बदल गई। भारत और इंडोनेशिया ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की आपूर्ति के लिए समझौते किए। इसके साथ इंडोनेशिया फिलीपींस और वियतनाम के बाद तीसरा देश बन गया जिसने भारतीय रक्षा तकनीक पर भरोसा जताया। इसके अलावा 'अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल प्रणाली' से संबंधित समझौते भी हुए।

### वह ईंधन जिसे देने से इनकार किया गया था!

यूरेनियम का इतिहास पूरी तरह बताया जाना चाहिए, क्योंकि राजनीतिक सुविधा के कारण सबसे पहले स्मृति ही प्रभावित होती है। 2006 में जब अमेरिका भारत के साथ नागरिक परमाणु सहयोग को आगे बढ़ा रहा था, तब ऑस्ट्रेलिया ने इसका समर्थन नहीं किया। 2008 में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहले की सैद्धांतिक सहमति से भी पीछे हट गया। पूरे यूपीए शासनकाल में यही स्थिति बनी रही। दिल्ली ने आग्रह किया, लेकिन कैनबरा ने इनकार किया। हैरानी की बात यह थी कि ऑस्ट्रेलिया लोकतांत्रिक भारत को यूरेनियम देने से इनकार करते हुए चीन को इसकी बिक्री पर चर्चा करता रहा।जब यूपीए सरकार सत्ता से बाहर हुई, तब तक ऑस्ट्रेलियाई यूरेनियम की भारत तक कानूनी आपूर्ति का कोई रास्ता नहीं बना था। सत्ता संभालने के लगभग 100 दिनों के भीतर प्रधानमंत्री मोदी ने सितंबर 2014 में लंबे समय से लंबित नागरिक परमाणु सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस सप्ताह मेलबर्न में अंतिम प्रशासनिक बाधा भी दूर हो गई और आपूर्ति शुरू हो गई, जो भारत के 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य की दिशा में एक कदम है। बदलाव को समझना जरूरी है। बदलाव भारत की उस संधि को लेकर स्थिति में नहीं आया जिसे भारत ने सही कारणों से स्वीकार नहीं किया। बदलाव दुनिया के भारत को देखने के नजरिये में आया और नियमों के पालन के तरीके में आया।

## बद्रीनाथ धाम मंदिर में अनियमितता मामले में एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट

**एजेंसी। चमोली**

दो जुलाई को श्री बद्रीनाथ धाम मंदिर में नगद चढ़ावा गिनती के दौरान कथित हेराफेरी के मामले में गठित विभागीय जांच टीम ने अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट सीईओ को सौंप दी है। जांच में आरोपी ने एक नहीं बल्कि कई बार चढ़ावे की चोरी की है। सूत्रों की मानें तो चार सदस्यीय जांच टीम ने 18 पन्नों की रिपोर्ट में विस्तार से पूरी घटना और अपनी जांच का ब्योरा दिया है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट में ऐसी घटना न हो इसके लिए सुझाव भी दिए हैं। जांच रिपोर्ट में कमेटी ने बहुत कुछ साफ किया है। साथ ही मंदिर के दान गिनती कक्ष में और सीसीटीवी बढ़ाने, मंदिर के परिक्रमा पथ के सभी ब्लाइंड स्पॉट को सीसीटीवी से लैस करने की बात कही। सूत्रों की मानें तो जांच टीम को घटना के दिन, 2 जुलाई, से मात्र 14 दिन पहले तक के ही फुटेज मिल पाए हैं। पूर्व में लगे सीसीटीवी कैमरे से अधिक अच्छी क्वालिटी के न होने के कारण इनकी स्टोरेज क्षमता मात्र 15 दिनों की ही है। 2 जुलाई को कथित आरोपी पैसों में हेराफेरी करते हुए दिखाई दे रहा है। 14 दिन पूर्व के कुछ फुटेज के कई भाग भी जांच टीम को महत्वपूर्ण लगे हैं। श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने 7 जुलाई को अनुशासन और प्रशासनिक पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से बड़ी कार्रवाई की थी।

## राम मंदिर विवाद पर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, भरोसे को ठेस पहुंची

**एजेंसी। नई दिल्ली**



शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कई मुद्दों पर बात की, जिनमें जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के भाजपा पर आरोप, राम मंदिर विवाद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का न्यूजीलैंड दौरा शामिल हैं। शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने आदित्य ठाकरे के उस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है, जिसमें उन्होंने भाजपा को बाबर जनता पार्टी कहा है। प्रियंका चतुर्वेदी ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा,"जब राम मंदिर बना था, तो हम सभी ने इसे देश के भविष्य और पुनर्निर्माण के प्रतीक के रूप में देखा था। चढ़ावा चोरी ने उस भरोसे को ठेस पहुंचाई है। उन लोगों का बचाव किया जा रहा है जिनकी आस्था भगवान राम से ज्यादा वीएचपी, आरएसएस और भाजपा में थी और उसी के अनुसार उन्हें ट्रस्टी बनाया गया था।"उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में शामिल सभी के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस आरोप पर कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने राम मंदिर का विरोध किया था, प्रतिक्रिया देते हुए प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, "यह पूरी तरह से 'व्हाट-अबाउटरी' (बात घुमाने) वाली बात है।

## बेंगलुरु में महिला से अश्लील हरकत का आरोप, डिलीवरी एजेंट गिरफ्तार

**एजेंसी। बेंगलुरु**



बेंगलुरु में एक महिला ने डिलीवरी एजेंट पर घर में जबरन प्रवेश करने और उसके साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत के बाद मराठाहल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी डिलीवरी एजेंट को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार, महिला निलोफर फातिमा ने आरोप लगाया कि एक डिलीवरी एजेंट पार्सल पहुंचाने के लिए उसके घर आया था। महिला का दावा है कि डिलीवरी एजेंट ने वॉशरूम इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी। महिला ने उसे घर के अंदर आने से मना किया और पड़ोसी के घर जाने के लिए कहा लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद वह उसकी अनुमति के बिना घर में प्रवेश कर गया।

महिला ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि वॉशरूम से बाहर आने के बाद डिलीवरी एजेंट ने उसके सामने अश्लील हरकत की। महिला के मुताबिक, इस घटना के बाद वह काफी डर गई और अपने ही घर में असुरक्षित महसूस करने लगी। उसने घटना से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए न्याय की मांग की। महिला ने यह भी दावा किया कि पूरी घटना उसके फोन में रिकॉर्ड हो गई थी।

# परिसीमन की आड़ में पिछले दरवाजे से शासन करना चाहती है केंद्र सरकार : उमर अब्दुल्ला

**एजेंसी। जम्मू**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए दावा किया कि परिसीमन की प्रक्रिया 'पिछले दरवाजे से शासन' करने के लिए की गई थी। एक सभा को संबोधित करते हुए उमर अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार पर अपने वादों से मुकरने और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने राज्य का दर्जा बहाल होने का बहुत लंबा इंतजार किया है और अब और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजनीतिक नेताओं, संसद और सुप्रीम कोर्ट के इस आश्वासन के बावजूद कि राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल किया जाएगा। केंद्र ने बार-बार अपने वादे तोड़े हैं। लोगों ने केंद्र पर भरोसा किया था, लेकिन उन्हें अधूरे वादे ही मिले। सीएम ने आरोप लगाते हुए कहा कि परिसीमन की प्रक्रिया लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व को मजबूत करने के बजाय पिछले दरवाजे से शासन करने में मदद करने के लिए बनाई गई थी। भाजपा 'ऑपरेशन लोटस' के जरिए देशभर में विपक्षी दलों को कमजोर करने और तोड़ने की कोशिश कर रही है।

### भाजपा हमारी सरकार गिराने और नेकां विधायकों को खरीदने की कोशिश कर रही है : उमर अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्तारूढ़ नेशनल कांफ्रेंस में फूट डालकर उनकी सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है। उमर अब्दुल्ला ने दावा किया कि उनकी पार्टी के विधायकों को पाला बदलने के लिए 20 से 30 करोड़ रुपये तक की पेशकश की गई है। श्रीनगर के हजरतबल में अपनी दादी बेगम अकबर जोहरा की 26वीं पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा उनके विधायकों को खरीदने के लिए धनबल का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पैसे और मंत्री पद का लालच काम नहीं आया, तो भाजपा बंद दरवाजों के पीछे विधायकों से कह रही है कि वे उनके साथ आ जाएं और वे उन्हें राज्य का दर्जा दिला देंगे। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक विशिष्ट घटना का जिक्र करते हुए दावा किया कि जम्मू क्षेत्र के नेशनल कांफ्रेंस के एक विधायक ने खुद उन्हें इसकी जानकारी दी।

### आज कल




**रणनीति** | भविष्य के युद्धों में तकनीक और संयुक्त सैन्य क्षमता होगी निर्णायक

# नई तकनीक सेना की अनिवार्य जरूरत : चौहान

**एजेंसी। देहरादून**

पूर्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त) ने कहा कि भविष्य के युद्धों में तकनीक, संयुक्त सैन्य क्षमता और बहु-आयामी रणनीति निर्णायक भूमिका निभाएगी। बदलते युद्ध स्वरूप के अनुरूप सशस्त्र बलों को लगातार तैयार करना और नई तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है।रविवार को सैनिक संस्थान गढ़ी कैंट में ऑल इंडिया गोरखा एक्स सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आयोजित सम्मान एवं अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए अनिल चौहान ने कहा कि वह 47 वर्ष की सैन्य सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं।




उनका सीडीएस के रूप में कार्यकाल अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहा।उन्होंने कहा कि सैनिक हमेशा युद्ध नहीं लड़ता, बल्कि अधिकांश समय युद्ध की तैयारी, रणनीति निर्माण और विभिन्न विकल्पों के साथ समन्वय की तैयारी में लगा रहता है। उन्होंने कहा कि युद्ध में जीत ही लक्ष्य होती है और पराजय कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि मई 2025 में पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष में भारत की सफलता एक बड़ी उपलब्धि रही। ऑपरेशन सिंदूर संयुक्त सैन्य संचालन, एकीकरण और समन्वित रणनीति का उदाहरण था, जिसकी तैयारी तीन वर्ष पहले से की गई थी। युद्ध में जल, थल और वायु सेनाओं के साथ-साथ अंतरिक्ष (स्पेस) और साइबर क्षेत्र की क्षमताओं का भी प्रभावी उपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता भारतीय सशस्त्र बलों के लिए संतोषजनक रही। जनरल चौहान ने कहा कि भविष्य के युद्धों में नई तकनीकों को अपनाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक युद्ध अलग होता है और उसके अनुरूप नई रणनीति विकसित करनी पड़ती है। सेना को निरंतर नई तकनीक सीखने और स्वयं को बदलती परिस्थितियों के अनुरूप ढालने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और सैन्य व्यवस्था भी इससे अछूती नहीं रह सकती। देशवासियों का सशस्त्र बलों के प्रति विश्वास और स्नेह उनकी सबसे बड़ी धरोहर है। यह सम्मान किसी व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि संस्था के प्रति होता है। इसलिए प्रत्येक सैनिक को अपने कर्तव्य, अनुशासन, ईमानदारी और निष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

## दृष्टिपात

### बंगाल की खाड़ी में 4.5 तीव्रता का भूकंप विशाखापत्तनम समेत कई इलाकों में लगे झटके

**विशाखापत्तनम।** रविवार तड़के बंगाल की खाड़ी में आए 4.5 तीव्रता के भूकंप से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम और आसपास के कई जिलों में हल्के झटके महसूस किए गए। सुबह करीब 5:05 बजे आए इन झटकों से कुछ देर के लिए लोगों में परेशानी का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली। भूकंप के झटके विशाखापत्तनम शहर के गाजुवाका, मंगलापालेम, सागर नगर, पेड्डा वाल्टेयर, अरिलोवा, एमवीपी कॉलोनी, अप्पुघर सहित कई इलाकों में महसूस किए गए। इसके अलावा अनकापल्ली, विजयनगरम, काकीनाडा और कोनसीमा जिलों के कुछ हिस्सों से भी झटके महसूस होने की खबरें सामने आई हैं। भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (आईएनसीओआईएस) के अनुसार, रविवार सुबह बंगाल की खाड़ी में रिक्टर पैमाने पर 4.5 तीव्रता का हल्का भूकंप दर्ज किया गया, जिसके कारण विशाखापत्तनम के कई इलाकों में कंपन महसूस हुआ। वहीं, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप सुबह 5:05:46 बजे आया। इसका केंद्र बंगाल की खाड़ी में काकीनाडा तट से लगभग 225 किलोमीटर दूर स्थित था। भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर दर्ज की गई। इसका केंद्र 16.805 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 84.381 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था।

### पुलिस ने कीचड़ उछलने को लेकर हुई हत्या मामले में पांच नाबालिगों को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के अशोक विहार में एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने पांच नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया है। आरोप है कि सभी लड़कों ने गुरुवार को गलती से कीचड़ उछलने के बाद 34 वर्षीय व्यक्ति की चाकू से हत्या कर दी थी। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच और स्थानीय आधार पर जुटाई गई जानकारी के बाद सभी पांच नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लिया गया। उनसे वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित बंसी लाल पुरानी दिल्ली की लाला लाजपत राय मार्केट में एक सीसीटीवी की दुकान पर काम करते थे। वे अशोक विहार इलाके में केशव पुरम की तरफ प्रेम बारी पुल के पास बेहोश हालत में मिले। उनके सीने, पेट और शरीर के अन्य हिस्सों पर चाकू के कई घाव थे। उन्हें तुरंत दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि नहर के पास वाली जगह पर कीचड़ जमा था और लोग अक्सर वहां खुले में शौच के लिए जाते थे। बंसी लाल भी शौच के लिए उसी कीचड़ वाली जगह से गुजर रहे थे, तभी लड़कों के साथ उनकी कहासुनी हो गई। झगड़े के दौरान एक नाबालिग ने कथित तौर पर चाकू निकाला और बंसी लाल पर कई बार वार किए।

### बिहार : वैशाली में रास्ते के विवाद ने लिया खूनी रूप, पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिले में रास्ते के पुराने विवाद ने रविवार को खूनी रूप ले लिया। बिदुपुर थाना क्षेत्र के रजासन गांव में पट्टीदारों के बीच हुई फायरिंग में सेना के एक जवान और उनके पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है, जबकि सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार, घटना बिदुपुर थाना क्षेत्र के रजासन गांव के वार्ड संख्या पांच की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रास्ते को लेकर पट्टीदारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार रात भी दोनों पक्षों के बीच झड़प हुई थी, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। रविवार सुबह एक बार फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि इसी दौरान एक आरोपी ने अपने चचेरे भाई मुनारिक राय और उनके पुत्र जितेंद्र कुमार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से मुनारिक राय की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल जितेंद्र कुमार को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जितेंद्र कुमार भारतीय सेना में जवान के पद पर कार्यरत थे। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

### कोलकाता में फर्जी पुलिस बनकर कारोबारी से दो करोड़ की लूट, एक आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर एक कारोबारी से दो करोड़ रुपये की ठगी और लूट करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से पांच लाख रुपये भी बरामद किए हैं। टॉलीगंज थाना क्षेत्र स्थित प्रतापादित्य रोड पर एक कारोबारी के कार्यालय में हुई थी। गिरोह के सदस्य खुद को पुलिस अधिकारी बताकर कार्यालय पहुंचे और दावा किया कि यहां रखा गया नकद धन अवैध तरीके से कमाया गया है। आरोपियों ने फर्जी पुलिस पहचान पत्र दिखाए और कारोबारी तथा कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों के मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिए। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों को डराया-धमकाया और नकदी के बारे में पूछताछ शुरू कर दी। उन्होंने कर्मचारियों पर दबाव बनाकर संदूक खुलवाया और उसमें रखे करीब दो करोड़ रुपये लेकर फरार हो गए। कुछ घंटे बाद कारोबारी और कार्यालय प्रबंधन ने टॉलीगंज थाने की पुलिस से संपर्क किया। तब उन्हें पता चला कि कार्यालय में आए लोग असली पुलिसकर्मी नहीं, बल्कि फर्जी पुलिस बनकर लूट करने वाला गिरोह था। इसके बाद मामले की शिकायत दर्ज कराई गई।

### परमहंस आचार्य ने की योगी को राम मंदिर ट्रस्ट का आजीवन सदस्य बनाने की मांग

**अयोध्या।** अयोध्या स्थित तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने आग्रह किया है कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में नए ट्रस्टियों की नियुक्ति पूरी सावधानी और पारदर्शिता के साथ की जाए, ताकि राम मंदिर की गरिमा और प्रतिष्ठा बनी रहे। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ट्रस्ट का आजीवन सदस्य बनाए जाने की मांग भी उठाई है।परमहंस आचार्य ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पूरे विश्व के सनातनियों की आस्था का केंद्र है। इसलिए ट्रस्ट में किसी भी नई नियुक्ति से पहले सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। जिससे भविष्य में किसी प्रकार का विवाद या मंदिर की छवि को नुकसान पहुंचाने वाली स्थिति पैदा न हो। उन्होंने अपने पत्र में यह भी आग्रह किया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, चंपत राय, अयोध्या के प्रमुख संत देवेंद्र प्रसादाचार्य तथा वैदेही वल्लभ शरण जैसे संतों को ट्रस्ट में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए।परमहंस आचार्य ने इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक ताकतें ट्रस्ट को प्रभावित करने का प्रयास कर सकती हैं।

### पश्चिम बंगाल में अवैध मदरसों की जांच के लिए 18 सदस्यीय समिति का हुआ गठन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के अल्पसंख्यक मामलों एवं मदरसा शिक्षा विभाग ने राज्य के 12 जिलों में संचालित अवैध और गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों की पहचान के लिए चल रहे सर्वेक्षण की समीक्षा हेतु 18 सदस्यीय समिति का गठन किया है, जिन्हें आमतौर पर 'खारिजी मदरसा' कहा जाता है। जानकारी के अनुसार यह समिति 15 जुलाई से संबंधित जिलों का दौरा शुरू करेगी और 21 जुलाई तक अपनी विस्तृत रिपोर्ट अल्पसंख्यक मामलों एवं मदरसा शिक्षा विभाग को सौंपेगी। समिति की सिफारिशों के आधार पर विभाग आगे की प्रशासनिक कार्रवाई करेगा। जिन 12 जिलों में समीक्षा की जाएगी, उनमें कूचबिहार, उत्तर दिनाजपुर, मालदा, मुर्शिदाबाद, बीरभूम, पश्चिम मेदिनीपुर, पूर्व मेदिनीपुर, नदिया, हुगली, हावड़ा, उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना शामिल हैं। जून के पहले सप्ताह में राज्य सरकार ने जिला अधिकारियों (डीएम) को निर्देश जारी कर अपने-अपने जिलों में संचालित मदरसों की विस्तृत रिपोर्ट 5 जुलाई तक राज्य सचिवालय नबान्न को भेजने को कहा था। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, जिला अधिकारियों से प्राप्त प्रारंभिक रिपोर्टों के आधार पर इन 12 जिलों की पहचान की गई है, जहां बड़ी संख्या में गैर-मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित होने की आशंका है।



# 'आईसीसी हॉल ऑफ फेम' में शामिल हुए गांगुली, अंजुम और पीटरसन

**एजेंसी। दुबई**



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा के साथ-साथ इंग्लैंड टीम के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन को प्रतिष्ठित आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किए जाने पर बधाई दी।

जय शाह ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, मुझे आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले नए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है।
यह उन असाधारण खिलाड़ियों के लिए सम्मान है जिनकी उपलब्धियों ने हमारे खेल में बहुत बड़ा योगदान दिया है।
सौरव गांगुली, अंजुम चोपड़ा और केविन पीटरसन, सभी ने गर्व के साथ अपनी-अपनी राष्ट्रीय टीमों की कप्तानी की। मैं आईसीसी की ओर से तीनों को इस सम्मान के लिए बधाई देता हूं।
अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने तीनों खिलाड़ियों को हॉल ऑफ फेम में शामिल करने की घोषणा की है। तीनों दिग्गजों ने विभिन्न प्रारूपों में क्रिकेट में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

सौरव गांगुली आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले 10वें पुरुष भारतीय क्रिकेटर बने हैं, जबकि अंजुम चोपड़ा यह सम्मान हासिल करने वाली तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर हैं।

सौरव गांगुली ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में कुल 424 मैच खेले, जिनमें 18,575 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 38 शतक और 107 अर्धशतक लगाए।

## इंग्लैंड वनडे और जिम्बाब्वे टी-20 सीरीज से बाहर हुए हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में बदलाव किया है। गेंदबाजी ऑलराउंडर हर्षित राणा और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती चोट के चलते सीरीज से बाहर हो चुके हैं। बीसीसीआई ने इन दोनों खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट का ऐलान भी कर दिया है। बीसीसीआई ने रविवार को बताया कि ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच के दौरान हर्षित राणा को दाहिनी हैमस्ट्रिंग में अचानक तकलीफ महसूस हुई। बाद में हुए स्कैन से पता चला कि उन्हें ग्रेड 1 हैमस्ट्रिंग चोट लगी है। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज से बाहर कर दिया गया है और वे आगे की जांच और इलाज के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करेंगे।






### अर्जेंटीना ने स्विट्जरलैंड को 3-1 से हराया

# हमारी टीम कभी उम्मीद नहीं छोड़ती': कप्तान मेसी

**एजेंसी। कैनसस सिटी**

स्विट्जरलैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में 3-1 से जीत दर्ज करते हुए अर्जेंटीना ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अपनी टीम के जज्बे और लड़ने की क्षमता को सराहा है।

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने स्विट्जरलैंड के विरुद्ध जीत के साथ लगातार दूसरी बार फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। अर्जेंटीना अब गुरुवार को अटलांटा स्टेडियम में खेले जाने वाले सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करेगी।

फीफा वर्ल्ड कप में सर्वाधिक गोल करने वाले मेसी इस क्वार्टर फाइनल मैच में कोई गोल तो नहीं कर सके, लेकिन वे आखिरी सीटी बजने तक मैदान पर डटे रहे और टीम का हौसला बढ़ाते रहे। मुकाबले के 10वें मिनट में एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने गोल दागकर अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई। मगर डैन न्डोये ने 67वें मिनट में गोल के साथ स्विट्जरलैंड को 1-1 से बराबरी पर ला दिया था। इसके बाद 'एक्स्ट्रा टाइम' में जूलियन अल्वारेज (112') और लौटारो मार्टिनेज (120+1') के गोल की मदद से अर्जेंटीना ने स्विट्जरलैंड टीम को 3-1 से हराया।

'गोलडॉटकॉम' के अनुसार, मुकाबले के बाद मेसी ने कहा, "मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। यह बहुत मुश्किल से मिली जीत है। हमें पता था कि यह बहुत कड़ा मुकाबला होगा। आगे आने वाले मुकाबलों से पहले एक हफ्ता आराम से बिताने के लिए हमारे लिए यह कदम उठाना जरूरी था।"

अर्जेंटीना ने लगातार 15वें वर्ल्ड कप मैच में गोल किया। इस मामले में अर्जेंटीना से आगे उरुग्वे (1930-1962 के बीच 16 मैच), हंगरी (1934-1962 के बीच 17 मैच), जर्मनी (1986-1998 के बीच 18 मैच), जर्मनी (1934-1958 के बीच 18 मैच) और ब्राजील (1930-1958 के बीच 18 मैच) की टीमें हैं। सोशल मीडिया पर जीत का जश्न मनाते हुए, मेसी ने इस मुश्किल जीत की कई तस्वीरें शेयर कीं और टीम की मानसिक मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, "एक बार फिर हमें संघर्ष करना पड़ा, लेकिन यह टीम कभी उम्मीद नहीं छोड़ती। हम एक बार फिर दुनिया की चार सर्वश्रेष्ठ टीमों में शामिल हैं।

## भारत को हराने के बाद खिलाड़ियों को जश्न की छूट: इंग्लैंड कोच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में 4-0 की शानदार जीत के बाद खिलाड़ियों को जश्न मनाने की अनुमति दी है।



हालांकि उन्होंने साफ किया कि यह छूट टीम के नए अनुशासनात्मक दिशा-निर्देशों के दायरे में ही होगी और खिलाड़ियों से जिम्मेदार व्यवहार की उम्मीद की जाएगी। साउथेम्प्टन में खेले गए चौथे टी20 मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत को 56 रन से हराकर सीरीज 4-0 से अपने नाम की। इस जीत के साथ इंग्लैंड आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान पर पहुंच गया। मैच के बाद मैकुलम ने कहा कि टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है और ऐसे मौके पर खिलाड़ियों को सफलता का जश्न मनाने का अधिकार मिलना चाहिए। मैकुलम ने कहा, "जीत के बाद खिलाड़ी आज रात शराब पी सकते हैं। गाइडलाइंस अपनी जगह लागू हैं और सभी खिलाड़ी उनसे अच्छी तरह वाकिफ हैं।

## वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स की तैयारी तेज एनआरएआई ने शुरू किया राष्ट्रीय शूटिंग कैंप

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने आईएसएसएफ वर्ल्ड कप हांगझोउ (चीन) और एशियन गेम्स 2026 आइची-नागोया (जापान) की तैयारियों के लिए रविवार से एलीट राष्ट्रीय शूटिंग कैंप शुरू किया है। यह हाई-परफॉर्मेंस कैंप 20 जुलाई तक चलेगा, जिसमें देश के शीर्ष निशानेबाज राइफल, पिस्टल और शॉटगन स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। इस कैंप में भारत के कई स्टार निशानेबाज शामिल हो रहे हैं, जिनमें मनु भाकर, रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, इलावेनिल वलारिवान, ईशा सिंह और भुवनेश मेंडिरत्ता जैसे बड़े नाम मौजूद हैं। इन खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ कोचों की देखरेख में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कोचिंग स्टाफ में ओलंपिक चैंपियन पीटर विल्सन (ट्रैप), थॉमस फार्निक (राइफल), जालेना अरुनोविच (पिस्टल) और रिकार्डो फिलिपेली (स्कीट) जैसे विदेशी विशेषज्ञ शामिल हैं।



## केस वापस लेने के नाम पर मुझसे पैसे मांगे गए: शशांक

**भोपाल।** पंजाब किंग्स के स्टार क्रिकेटर शशांक सिंह पिछले कुछ दिनों से चर्चा में हैं। भोपाल स्थित उनके घर के रसोइए ने शशांक, उनके पिता शैलेश सिंह और ड्राइवर पर मारपीट, गाली-गलौज करने और बंधक बनाने का आरोप लगाते हुए 30 जून 2026 को स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। शशांक सिंह ने इस पूरे विवाद को उनकी सार्वजनिक छवि को खराब करने और पैसे वसूलने की साजिश करार दिया है। शशांक सिंह ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए बताया कि रसोइया आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी आपराधिक केस दर्ज हुए हैं। उन्होंने कहा, "वह आदतन अपराधी था।



## नॉर्वे को 2-1 से हराकर फीफा विश्व कप-2026 के सेमीफाइनल में पहुंचा इंग्लैंड

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने जूड बेलिंगहैम के बेहतरीन दो गोलों की बदौलत फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। फ्लोरिडा के मियामी स्टेडियम में खेले गए रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड ने नॉर्वे को एक्स्ट्रा टाइम में 2-1 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। मैच का फैसला निर्धारित 90 मिनट में नहीं हो सका। रेगुलर टाइम समाप्त होने तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं। इसके बाद एक्स्ट्रा टाइम में बेलिंगहैम ने विजयी गोल दागकर इंग्लैंड को यादगार जीत दिलाई। नॉर्वे ने मैच का पहला गोल 36वें मिनट में किया। एंड्रियास श्जेल्डरुप ने गोल दागकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, इंग्लैंड ने ज्यादा देर इंतजार नहीं किया और कुछ मिनट बाद जूड बेलिंगहैम ने बराबरी का गोल दाग दिया।

## फीफा वर्ल्ड कप के अनुभव ने मुझे एक इंसान के तौर पर बदल दिया है: एर्लिंग हालैंड

**मियामी।** इंग्लैंड के हाथों क्वार्टर फाइनल में 1-2 से शिकस्त झेलने के बाद नॉर्वे को फीफा वर्ल्ड कप 2026 की खिताबी रेस से बाहर होना पड़ा। नॉर्वे के मशहूर स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड ने बताया कि फीफा वर्ल्ड कप के अनुभव ने उन्हें एक इंसान के तौर पर बदल दिया है। 25 वर्षीय हालैंड ने अपने देश के ऐतिहासिक कैंपेन पर गर्व जताया है। हालैंड ने इराक, सेनेगल, कोटे डी आइवर और ब्राजील के खिलाफ लगातार चार मुकाबलों में सात गोल दागकर विरोधियों के डिफेंस को परेशान किया था, लेकिन इंग्लैंड ने इस 6 फीट 4 इंच लंबी कद-काठी वाले खिलाड़ी को शांत रखा और मियामी में नॉर्वे का अब तक का सबसे अच्छा वर्ल्ड कप कैंपेन खत्म हो गया।



# भारत में अगले साल 15 अगस्त से शुरू होगी बुलेट ट्रेन : वैष्णव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऐलान किया कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन सेवा 15 अगस्त, 2027 से चरणबद्ध तरीके में शुरू होगी और मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल (एमएएचएसआर) कॉरिडोर का सूरत-बिलिमोरा सेक्शन देश का पहला हाई-स्पीड रेल रूट बनेगा।

508 किलोमीटर लंबे मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर को चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा, जिससे पूरे रूट के पूरा होने से पहले ही प्रोजेक्ट के कुछ हिस्से चालू हो सकेंगे। सूरत-बिलिमोरा सेक्शन के शुरू होने के बाद, बाकी सेक्शन - जैसे वापी-सूरत, वापी-अहमदाबाद, अहमदाबाद-ठाणे और अहमदाबाद-मुंबई को धीरे-धीरे खोला जाएगा।

हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के बारे में जानकारी देते हुए रेल मंत्रालय ने वैष्णव ने कहा कि भारत का पहला बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट अपने अगले चरण में पहुंच गया है। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का काम चल रहा है और इसे चरणों में शुरू किया जाएगा, जिसकी शुरुआत सूरत-बिलिमोरा सेक्शन से होगी।

रेल मंत्री ने कहा कि इस बड़े प्रोजेक्ट का लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और तय समय-सीमा के अंदर काम पूरा करने के लिए निर्माण तेजी से चल रहा है। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर भारत का पहला हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट है।



**हैदराबाद बनेगा हाई-स्पीड रेल हब**

इससे इन दो आर्थिक केंद्रों के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा, साथ ही आधुनिक रेल तकनीक आएगी और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। इस प्रोजेक्ट से कॉरिडोर के आस-पास आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वैष्णव ने देश के हाई-स्पीड रेल नेटवर्क को बढ़ाने के लिए केंद्र की लंबी अवधि की योजनाओं के बारे में भी बताया और हैदराबाद को केंद्र में रखकर तीन प्रस्तावित बुलेट ट्रेन कॉरिडोर की घोषणा की।

## जुलाई में एफपीआई ने शेयर बाजार में बढ़ाई खरीदारी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

साल 2026 में ज्यादातर समय तक बिकवाल (सेलर) की भूमिका में बने रहने के बाद जुलाई में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) लिवाल (बायर) की भूमिका में बने नजर आ रहे हैं। जुलाई के पहले लगातार चार महीने यानी जून, मई, अप्रैल और मार्च में एफपीआई घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली कर अपना पैसा निकालने में लगे हुए थे। लेकिन, इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। एक जुलाई से 10 जुलाई के बीच के आठ कारोबारी दिन के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने स्टॉक मार्केट में कुल 15,157 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी है। साल 2026 में जुलाई में हो रही खरीदारी के पहले सिर्फ फरवरी में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक खरीदारी की भूमिका में नजर आए थे। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार जुलाई के पहले जून के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 49,340 करोड़ रुपये की निकासी की थी।

### तिब्बत में चीन की विशाल जलविद्युत परियोजना को लेकर वैज्ञानिक चिंतित, बताया-

# नीचे मौजूद है सक्रिय फॉल्ट लाइन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



चीनी वैज्ञानिकों ने तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो नदी पर चीन की विशाल जलविद्युत परियोजना से जुड़े भू-वैज्ञानिक जोखिमों को लेकर नई चिंता जताई है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि परियोजना स्थल के नीचे मौजूद एक सक्रिय फॉल्ट लाइन दुनिया के सबसे बड़े जलविद्युत बांध की संरचनात्मक स्थिरता के लिए खतरा पैदा कर सकती है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट (एससीएमपी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह चेतावनी पिछले महीने चीनी भाषा की पत्रिका "सेडिमेंटरी जियोलॉजी एंड टेथियन जियोलॉजी" में प्रकाशित एक अध्ययन पर आधारित है। यह शोध सरकारी संस्था चाइना जियोलॉजिकल सर्वे के पर्यवेक्षण में किया गया था। अध्ययन में पाया गया कि पाइजेन फॉल्ट, जो पूर्वी हिमालय क्षेत्र में पृथ्वी की ऊपरी सतह में मौजूद एक सक्रिय दरार है, सीधे उस क्षेत्र के नीचे से गुजरती है जहां तिब्बत के मेतोग काउंटी में मेतोग जलविद्युत स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। यह स्थान उस क्षेत्र से लगभग 50 किलोमीटर पहले है जहां यारलुंग त्सांगपो नदी भारत में प्रवेश करती है।

हालांकि शोधकर्ताओं ने परियोजना को बंद करने की मांग नहीं की, लेकिन उन्होंने इंजीनियरों को अधिक मजबूत सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी है। इनमें ढलानों की स्थिरता में सुधार, रिटेनिंग संरचनाओं की स्थापना और भूस्खलन, भू-धंसाव तथा अन्य भू-वैज्ञानिक खतरों को कम करने के उपाय शामिल हैं।

यह अध्ययन चेंगदू यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, चाइना जियोलॉजिकल सर्वे के सिविल-मिलिट्री इंटीग्रेशन सेंटर और मिडिल यारलुंग जांगबो रिवर नेचुरल रिसोर्सेज ऑब्जर्वेशन एंड रिसर्च स्टेशन के भूवैज्ञानिकों द्वारा किया गया।

# सरकारी कदमों से बढ़ा एफआईआई का भरोसा

**नई दिल्ली।** सरकार द्वारा पिछले महीने और ज्यादा विदेशी फंड आकर्षित करने और रुपए में उतार-चढ़ाव को स्थिर करने के उपाय घोषित किए जाने के बाद भारत में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 7 अरब डॉलर निवेश किए हैं। यह जानकारी एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में दी गई। इस दौरान 20 मई को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.8 के निचले स्तर से भारतीय रुपए जून के आखिर तक करीब 2.2 प्रतिशत की मजबूती आई है। पिछले महीने, मध्य पूर्व में चल रहे तनाव की वजह से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने पर सरकार और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने विदेशी निवेश और रुपए की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कई उपाय किए। इन उपायों में सॉवरेन बॉन्ड पर एफआईआई और एफपीआई को टैक्स से छूट, एफसीएनआर(बी) डिपॉजिट के लिए सब्सिडी वाली हेजिंग लागत और पीएसयू लोन के लिए रियायती डॉलर-स्वैप सुविधा शामिल है। हालांकि, हालिया भू-राजनीतिक तनाव ने एक्सचेंज रेट पर फिर से दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा अमेरिका-ईरान सीजफायर खत्म करने की घोषणा के बाद ये तनाव और बढ़ गए।



# भारत की शीर्ष 10 में से चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण करीब 93,000 करोड़ रुपए बढ़ा

**मुंबई।** भारत की शीर्ष 10 में से चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बीते हफ्ते 92,995.48 करोड़ रुपए बढ़ा है। इसमें सबसे अधिक योगदान एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल का रहा है।

शीर्ष 10 में जिन कंपनियों के मार्केटकैप में बढ़ोतरी हुई है। उनमें एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और एलआईसी का नाम शामिल है। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी और एचयूएल के बाजार पूंजीकरण में कटौती हुई है।

समीक्षा अवधि में एचडीएफसी बैंक के मार्केट कैप में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई। इसका वैल्यूएशन 35,808.09 करोड़ रुपए से बढ़कर 12,69,454.42 करोड़ रुपए हो गया है। इसके बाद भारती एयरटेल का स्थान रहा, जिसका बाजार पूंजीकरण 34,896.92 करोड़ रुपए बढ़कर 11,98,774.22 करोड़ रुपए हो गया है। एलआईसी का मार्केटकैप 16,065.5 करोड़ रुपए बढ़कर 5,60,205.05 करोड़ रुपए हो गया, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 6,224.97 करोड़ रुपए बढ़कर 17,71,206.33 करोड़ रुपए हो गया है।

# सेठ दामोदर प्रसाद तुलस्यान की स्मृति में दुर्गाबाड़ी परिसर में शीतल पेयजल केंद्र का लोकार्पण

- **समाज में ऐसे कार्य केवल सुविधा उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं होते, सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी मजबूत करते हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक दुर्गाबाड़ी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं एवं आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्मित शीतल पेयजल केंद्र का रविवार को विधिवत लोकार्पण किया गया। सेठ स्वर्गीय दामोदर प्रसाद तुलस्यान की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र आलोक तुलस्यान (रांची) के सौजन्य से निर्मित इस जनोपयोगी केंद्र का उद्घाटन महुआडांड़ के वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश साहू एवं हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के साथ ही इस सुविधा को श्रद्धालुओं, राहगीरों एवं स्थानीय लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया गया। दुर्गाबाड़ी मंदिर महुआडांड़ का प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा त्योहारों, धार्मिक आयोजनों और विशेष अवसरों पर यहां लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में विशेषकर गर्मी के मौसम में स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की उपलब्धता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इस आवश्यकता को देखते हुए स्व. दामोदर प्रसाद तुलस्यान की स्मृति में इस शीतल पेयजल केंद्र का निर्माण कराया गया, जिससे अब मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं सहित आसपास के लोगों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश साहू ने कहा कि समाज में ऐसे कार्य केवल सुविधा उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं होते, बल्कि सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय दामोदर प्रसाद तुलस्यान का जीवन समाज सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहा है। उनकी स्मृति में स्थापित यह पेयजल केंद्र उनके व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति उनकी संवेदनशील सोच को जीवंत बनाए रखेगा। हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शीतल पेयजल केंद्र श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के लिए स्थायी सेवा का माध्यम बनेगा। उन्होंने आलोक तुलस्यान के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समाज के सक्षम लोगों को भी इसी प्रकार आगे आकर जनकल्याण के कार्यों में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित हिंदू महासभा के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने भी इस पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। धार्मिक स्थलों पर पेयजल, स्वच्छता, विश्राम स्थल और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विकास लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी समाजसेवी एवं दानदाता इसी प्रकार जनहित के कार्यों में आगे आते रहेंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय दामोदर प्रसाद तुलस्यान को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके समाज के प्रति योगदान को याद किया। साथ ही आलोक तुलस्यान द्वारा अपने पिता की स्मृति को जनसेवा से जोड़ने के इस प्रयास को अनुकरणीय बताया। लोगों ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की सच्ची श्रद्धांजलि वही होती है।

## मतदाता पुनरीक्षण में किसी तरह की राशि देने की जरूरत नहीं



**गढ़वा।** गढ़वा जिले सहित पूरे झारखंड में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसआईआर के तहत इन्यूमरेशन फॉर्म भरने का कार्य प्रगति पर है। आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह पूरी प्रक्रिया पूर्णतः निशुल्क है। इसके लिए किसी भी स्तर पर किसी भी व्यक्ति या बीएलओ को कोई राशि देने की आवश्यकता नहीं है। यदि राशि की माँग किसी भी व्यक्ति के द्वारा की जाती है तो इसकी सूचना तुरंत मुझे दें। शिकायत दर्ज कराने के अन्य माध्यमः यदि कोई भी कर्मी या बीएलओ इस कार्य के लिए रुपयों की मांग करता है, तो तुरंत निम्नलिखित माध्यमों पर शिकायत दर्ज कराएं।

# सरकारी बीज के इंतजार में सूख रही उम्मीदें डंडई के किसानों की खरीफ खेती संकट में

**नवीन मेल संवाददाता**



**डंडई।** खरीफ खेती का महत्वपूर्ण समय बीतने के बावजूद डंडई प्रखंड में किसानों के बीच अब तक सरकारी बीज का वितरण शुरू नहीं हो सका है। आद्रा नक्षत्र समाप्त होने और आषाढ़ माह अंतिम चरण में पहुंचने के बाद भी कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से बीज उपलब्ध नहीं कराए जाने से किसान चिंतित हैं। समय पर बुआई नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में खेत अब भी परती पड़े हैं। कृषि विभाग के अनुसार इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव से सामान्य से लगभग 30 प्रतिशत कम वर्षा होने की संभावना है। इसे देखते हुए किसानों को मड़ुवा, तिल, अरहर तथा अन्य कम पानी वाली फसलों की खेती करने की सलाह दी गई थी। इसके लिए बैठक भी आयोजित की गई, लेकिन जिन फसलों की खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया गया, उन्हीं के बीज अब तक उपलब्ध नहीं कराए जा सके हैं। किसान विवेकानंद कुशवाहा, भोला विश्वकर्मा, चंद्रदेव राम, दिलबर कुमार सहित अन्य किसानों ने बताया कि सरकारी बीज नहीं मिलने के कारण संपन्न किसान निजी दुकानों से अधिक कीमत देकर बीज खरीद रहे हैं, जबकि छोटे और गरीब किसान सरकारी वितरण का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द बीज उपलब्ध नहीं कराया गया तो खरीफ फसल की बुआई और उत्पादन दोनों प्रभावित होंगे। किसानों ने कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि प्रखंड कृषि कार्यालय में अधिकारी नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहते। कई बार किसान बीज, कृषि योजनाओं अथवा तकनीकी जानकारी के लिए कार्यालय पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। सरकारी बीज उपलब्ध कराने, वितरण प्रक्रिया शुरू करने तथा देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इधर, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली ने बताया कि बीटीएम सत्येंद्र कुमार माली एवं प्रभारी कृषि पदाधिकारी रमेश सिंह से मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड को अरहर का 10 क्विंटल तथा मक्का का 14 क्विंटल बीज आवंटित हुआ है।

# खस्ताहाल स्टेशन रोड से राहगीर और यात्री परेशान

**शंभू चौरसिया**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय का स्टेशन रोड वर्षों से जर्जर बना हुआ है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से गर्मी में धूल और बरसात में जलजमाव व कीचड़ के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बताया जाता है कि करीब 25 वर्ष पूर्व तत्कालीन सांसद ब्रजमोहन राम ने इस सड़क का पीसीसी निर्माण कराया था, लेकिन उसके बाद न तो इसकी मरम्मत हुई और न ही पुनर्निर्माण कराया गया। इसी सड़क पर दैनिक बाजार, विद्यालय और बैंक स्थित हैं। सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण, दुकानों के सामने वाहनों की पार्किंग तथा बाजार की भीड़ के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे कई बार यात्रियों की ट्रेन भी छूट जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण तो हुआ, लेकिन स्टेशन रोड की हालत नहीं सुधरी। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक और कई वरिष्ठ अधिकारी भी इसी मार्ग से गुजरते हैं, फिर भी सड़क के पुनर्निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई। लोगों ने शीघ्र डबल लेन सड़क निर्माण और अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

# निजी क्लिनिक में इलाज के बाद महिला की मौत, चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के मनखाप गांव निवासी अनिल साव की लगभग 35 वर्षीय पत्नी संध्या देवी की निजी क्लिनिक में इलाज के बाद मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, पेट दर्द की शिकायत पर परिजन उन्हें बेनी कला स्थित एक निजी क्लिनिक में इलाज के लिए ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद क्लिनिक के चिकित्सक ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। परिजन तत्काल महिला को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मौत की पुष्टि होने के बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने साथ मनखाप गांव ले गए।




**स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं**

घटना को लेकर परिजनों अथवा स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। बताया जाता है कि मृतका के पति अनिल साव मजदूरी के सिलसिले में बाहर रहते हैं और रविवार शाम तक उनके घर पहुंचने की संभावना है।

## बालिका +2 विद्यालय में इंटर साइंस की सभी सीटें भर गईं

**हुसैनाबाद।** राजकीयकृत +2 बालिका उच्च विद्यालय में इंटर विज्ञान संकाय की सभी 1000 सीटें भर जाने के बाद भी बड़ी संख्या में छात्राएं नामांकन के लिए विद्यालय पहुंच रही हैं। विद्यालय प्रशासन ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से 200 अतिरिक्त सीटें स्वीकृत करने का अनुरोध किया है। प्राचार्य प्रेम प्रकाश सिंह ने डीईओ को भेजे पत्र में बताया है कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा विज्ञान संकाय के लिए 1000 सीटें स्वीकृत हैं, लेकिन सीटें भर जाने के बाद भी योग्य छात्राओं के नामांकन के लिए स्थानीय विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा लगातार मिल रही है।

# दो सप्ताह से पेयजल आपूर्ति ठप, आज नया ट्रांसफार्मर लगने की उम्मीद

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले करीब दो सप्ताह से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप रहने से शहरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार जल संकट के कारण लोगों में नाराजगी बढ़ रही है और वैकल्पिक व्यवस्था कर पानी की जरूरत पूरी करनी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार, शहरी जलापूर्ति योजना की मोटर में तकनीकी खराबी आने के बाद लगातार दो ट्रांसफार्मर जल जाने से जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई। विभागीय स्तर पर लगातार प्रयास किए गए, लेकिन तकनीकी कारणों से आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। विभागीय सूत्रों के अनुसार, नया ट्रांसफार्मर रविवार को देवरी कला पहुंच गया है। इसे स्थापित कर आवश्यक परीक्षण पूरा किए जाने के बाद यदि सब कुछ सामान्य रहा तो मंगलवार से शहर के विभिन्न वार्डों में पेयजल आपूर्ति फिर से शुरू होने की संभावना है। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने बताया कि मोटर की खराबी और ट्रांसफार्मर जलने के कारण जलापूर्ति प्रभावित हुई है। नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद तकनीकी जांच पूरी होते ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# पीएमश्री विद्यालय में विषयवार शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएमश्री स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों की कमी के कारण पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। विद्यालय में गणित, विज्ञान, इतिहास, अंग्रेजी और नागरिक शास्त्र जैसे विषयों के पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं, जबकि विज्ञान शिक्षिका का दो वर्ष पूर्व ही अन्यत्र प्रतिनियोजन कर दिया गया था। विद्यालय में कक्षा नौ से इंटरमीडिएट तक एक हजार से अधिक छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। इसके बावजूद विषयवार शिक्षकों की कमी बनी हुई है। प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि उपलब्ध शिक्षकों के सहयोग से अतिरिक्त कक्षाएं संचालित कर पाठ्यक्रम पूरा कराया जाता है, जिसके कारण मैट्रिक और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। अभिभावकों ने विद्यालय में स्वीकृत पदों के अनुरूप विषयवार शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति की मांग करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी और वे उच्च शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

# कुंदरी के पास सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

- **अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक ने एमएमसीएच में तोड़ा दम**

**नवीन मेल संवाददाता**




**सतबरवा।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुंदरी गांव के समीप शनिवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल गांव निवासी 30 वर्षीय साहिल कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, साहिल कुमार निजी कार्य से बाइक से कुंदरी गया था। देर रात घर लौटने के दौरान कुंदरी गांव के पास एक अज्ञात चारपहिया वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान करने तथा दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

# सरकारी चापाकल पर कब्जा कर पानी बेचने का आरोप, डीसी और थाना में शिकायत

**समरसेबल पंप लगाकर व्यावसायिक उपयोग करने का आरोप, जांच की मांग**

**नवीन मेल संवाददाता**



**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव निवासी वंशीधर प्रसाद ने पलामू के उपायुक्त तथा सतबरवा थाना में लिखित शिकायत देकर सरकारी चापाकल पर अवैध कब्जा कर पानी बेचने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि गांव के एक व्यक्ति ने सरकारी चापाकल में समरसेबल पंप लगाकर पानी निकालना शुरू कर दिया है। आरोप है कि फिल्टर के माध्यम से उस पानी की बिक्री की जा रही है, जिससे ग्रामीणों एवं राहगीरों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि 30 जून की रात आरोपी ने उनके परिवार के साथ गाली-गलौज की, मारपीट का प्रयास किया तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक जलस्रोत के निजी उपयोग से आम लोगों को सरकारी सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से समरसेबल पंप हटवाने, सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था बहाल करने तथा दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## सर्पदंश से लेदू बैठा की मौत, ग्रामीणों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**रमना।** सरांग गांव निवासी मुंद्रिका बैठा उर्फ लेदू बैठा (65) के निधन पर रविवार को ग्राम उत्थान समिति की ओर से अध्यक्ष प्रदीप सिंह के आवास पर शोकसभा आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। जानकारी के अनुसार गत शुक्रवार की रात मुंद्रिका बैठा को उनके घर पर एक विषैले सांप ने डंस लिया था। परिजनों ने तत्काल उपचार का प्रयास किया।

# लोहरगढ़ा पंचायत के 300 किसानों को मिला उन्नत किस्म का निःशुल्क अरहर बीज

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार (गढ़वा)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में रविवार को मिशन आत्मनिर्भरता इन प्लस योजना के तहत लोहरगढ़ा पंचायत के 300 किसानों के बीच उन्नत किस्म के अरहर बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, विधायक प्रतिनिधि सुरेश कुमार एवं बीटीएम राकेश कुमार ने किसानों को चार-चार किलोग्राम बीज देकर किया। प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि केतार क्षेत्र के किसान मेहनती हैं और यहां बड़े पैमाने पर अरहर की खेती की जाती है। समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध होने से किसानों को बेहतर उत्पादन के साथ अधिक आर्थिक लाभ मिलेगा। विधायक प्रतिनिधि सुरेश कुमार ने किसानों से 15 जुलाई तक अरहर की बुआई पूरी करने की अपील करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कृषि योजनाओं का प्रभावी ढंग से संचालन कर रही है। बीटीएम राकेश कुमार ने बताया कि मिशन आत्मनिर्भरता इन प्लस योजना के तहत केतार प्रखंड की लोहरगढ़ा पंचायत का चयन अरहर उत्पादन के लिए किया गया है। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने, खेत की समुचित तैयारी, समय पर बुआई तथा खरपतवार नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी, ताकि कम लागत में अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम में किसान मित्र ललित शुक्ल, रामनिवास प्रसाद, सुरेंद्र पाल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

### पीएलएफआई का वांछित

इनमें तोरपा, मुरहू और कर्रा थाने में दो-दो तथा खूंटी थाने में एक मामला शामिल है। सभी मामले उग्रवादी गतिविधियों, रंगदारी, हथियारों के इस्तेमाल और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े हैं। लंबे समय से उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत थी।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में तोरपा थाना प्रभारी मनीष कुमार, कर्रा थाना प्रभारी राजू कुमार, सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार तथा सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### संग्रामपुर के प्राचीन

इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कांके थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों और श्रद्धालुओं से बातचीत कर उन्हें शांत कराया तथा कानून अपने हाथ में नहीं लेने की अपील की। इसके बाद पुलिस ने मंदिर परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया और घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू की। जांच के क्रम में पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि घटना के समय संदिग्ध गतिविधियों और इसमें शामिल लोगों की पहचान की जा सके। इसके अतिरिक्त, स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर भी मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है।इधर, ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले का जल्द खुलासा किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उनका कहना है कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को अतिरिक्त कदम उठाने चाहिए। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अमर पांडेय ने कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस सभी संभावित बिंदुओं पर काम कर रही है। उपलब्ध तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। पुलिस लगातार क्षेत्र की निगरानी कर रही है तथा लोगों से शांति, संयम और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

### अब खेती ही...

बिजली क्षेत्र के जानकारों के अनुसार, यदि जलविद्युत उत्पादन घटता है, तो इसकी भरपाई मुख्य रूप से कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों से करनी होगी। इसके लिए पर्याप्त कोयला भंडारण, उत्पादन क्षमता और ट्रांसमिशन नेटवर्क को लगातार सक्रिय रखना होगा। हालांकि, सरकार और बिजली कंपनियां स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और मांग के अनुरूप उत्पादन बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं।

कमजोर मानसून का असर केवल बिजली तक सीमित नहीं है। कम बारिश से खरीफ की बुवाई, खाद्य उत्पादन, ग्रामीण आय और महंगाई पर भी दबाव बढ़ सकता है। यदि यही स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसका असर देश की आर्थिक वृद्धि पर भी पड़ सकता है। हालांकि, हाल के दिनों में कई क्षेत्रों में बारिश बढ़ने से मानसून की कमी कुछ हद तक घटी है, लेकिन मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि जुलाई और अगस्त का प्रदर्शन पूरे सीजन की दिशा तय करेगा।

ऊर्जा क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है। लेकिन, यदि बारिश सामान्य नहीं हुई, तो आने वाले सप्ताह बिजली व्यवस्था की अग्निपरीक्षा साबित हो सकते हैं। यही वजह है कि बिजली उत्पादन, कोयला भंडारण और जलाशयों के जलस्तर पर केंद्र और राज्य सरकारें लगातार नजर बनाए हुए हैं।

### ननद-भाभी के...

बहू सोनामुनि को शांत रहने को कहा, तो उसे लगा कि पूरा परिवार उसके खिलाफ हो गया है। इसी आक्रोश में बहू सोनामुनि ने रविवार को पूरे परिवार को खत्म करने के उद्देश्य से रात के भोजन और पीने के पानी में जहरीला पदार्थ मिला दिया और बिना बताए घर से भाग निकली। गनीमत रही कि परिजनों को खाना खाने से पहले ही कुछ संदिग्ध महसूस हुआ और उन्होंने भोजन नहीं किया।

देखते ही देखते यह खबर गांव में आग की तरह फैल गई। ग्रामीण भी मौके पर जुटे और परिजनों को समझाया। इसके बाद पीड़ित परिवार ने सेन्हा थाने की पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

इस संदर्भ में सेन्हा थाना प्रभारी नीरज झा ने बताया कि खाने और पानी में जहर मिलाने की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस ने मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। फिलहाल घटना के हर पहलू को संज्ञान में लेते हुए गहन जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी महिला की तलाश जारी है।

### बड़कागांव में सड़क...

घटना की सूचना मिलने पर बड़कागांव के अंचलाधिकारी मनोज कुमार, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह और डाड़ीकला ओपी प्रभारी सागेन मुर्मू पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों और परिजनों से बातचीत कर जाम हटाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सहमति नहीं बन सकी।

इस बीच, बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद भी घटनास्थल पहुंचीं और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। हालांकि, उनके लौटने के बाद भी ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि परिवहन मार्ग पर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा तथा रोजगार नहीं मिला, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।




# अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट में जहाज पर हमले के बाद ईरान पर किया तीसरा बड़ा अटैक

## सेंटकॉम ने कहा, ट्रंप के कमांडर-इन-चीफ के तौर पर दिए गए आदेश पर हुआ है यह ऑपरेशन

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव फिर से बढ़ने लगा है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज स्ट्रेट में साइप्रस के झंडे वाले जहाज पर हमला किया। इसके बाद अमेरिका ने ईरान पर हमले तेज किए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने यह जानकारी दी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के अनुसार, अमेरिका की सेना पूर्वी समय के अनुसार शाम 7.15 बजे (भारतीयी समयानुसार रविवार सुबह 4.45 बजे) हमले शुरू किए। कमांड ने बताया कि यह ऑपरेशन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कमांडर-इन-चीफ के तौर पर दिए गए आदेश के बाद शुरू किया गया। सेंटकॉम के अनुसार, जहाज पर हमले के बाद एक नागरिक क्रू सदस्य लापता हो गया। आग लगने और इंजन रूम को भारी नुकसान पहुंचने के कारण जहाज बीच रास्ते में ही फंस गया। लापता क्रू सदस्य किस देश का नागरिक है, इसका भी खुलासा नहीं हुआ है। कमांड ने कहा, "एक नागरिक क्रू सदस्य लापता है और जहाज पर आग लगने व इंजन रूम को काफी नुकसान पहुंचने के कारण वह अपनी यात्रा जारी रखने में असमर्थ है।", अमेरिकी सेनाओं ने ईरान के खिलाफ इस हफ्ते हमलों का तीसरा दौर शुरू किया। यह कार्रवाई इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की सेनाओं की ओर से होर्मुज से गुजर रहे साइप्रस के झंडे वाले कंटेनर जहाज 'एम/वी जीएफएस गैलेक्सी' पर हमला करने के बाद की गई।" हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने उन जगहों की पहचान नहीं बताई, जहां हमले किए गए। उसने यह भी नहीं बताया कि ऑपरेशन में किन हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा था। अमेरिकी सेना ने कहा कि कमर्शियल जहाजों पर पहले हुए हमलों के बाद तेहरान को समझौते के पालन करने का एक और मौका दिया गया था, लेकिन वह फिर से विफल रहा।



### इंटरसेप्शन के दौरान गिरे मलबे से एक बच्चे समेत तीन लोग घायल

**दोहा।** अमेरिका के बड़े हमलों के जवाब में ईरान ने रविवार को खाड़ी देशों को निशाना बनाया। जॉर्डन, कतर, बहरीन, कुवैत, ओमान और यूएई पर ताबड़तोड़ हवाई हमले शुरू कर दिए। सभी देशों ने इस हमले की सख्त शब्दों में निंदा की है। इस बीच कतर के गृह मंत्रालय ने बताया है कि तीन लोग घायल हो गए हैं। सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर इस हमले की जानकारी दी गई। कतर के गृह मंत्रालय के अनुसार, ईरानी हमलों के बाद सुरक्षा अधिकारियों और नागरिक सुरक्षा टीमों ने स्वीकृत आपातकालीन योजनाओं के अनुसार काम शुरू कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार हादसा इंटरसेप्शन के दौरान मलबा गिरने से हुआ। प्राप्त रिपोर्ट्स और मौके पर किए गए आकलनों के आधार पर मंत्रालय ने बताया कि "मलबा गिरने के कारण तीन लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। यह मलबा इंटरसेप्शनअभियानों के दौरान गिरा। घायलों को आवश्यक चिकित्सा उपचार दिया जा रहा है।" वर्तमान हालात को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

### ईरानी स्पीकर गालिबाफ बोले, एकतरफा समझौतों का दौर खत्म

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच हवाई हमले बढ़ गए हैं। टकराव की रफ्तार में इजाफा पूरी दुनिया के लिए चिंता की वजह बना हुआ है। इस बीच ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने स्पष्ट किया कि अब एकतरफा समझौतों का दौर खत्म हो चुका है। अपने कड़क और तीखे तेवरों के लिए पहचाने जाने वाले गालिबाफ ने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर अपनी राय जाहिर की। उन्होंने लिखा, "हमने पहले ही कहा था- वादा निभाओ, नहीं तो कीमत चुकाओ। अब हकीकत सामने है।" उन्होंने अपनी पोस्ट के साथ अमेरिका-ईरान समझौता मसौदे के अनुच्छेद-5 की तस्वीर भी साझा की। यह अनुच्छेद होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोलने से जुड़ा है। इसी को लेकर विवाद बढ़ा और उसने फिर से सैन्य टकराव का रुख अख्तियार कर लिया है। इस बीच, ईरानी सेना ने अमेरिका से जून में हुए समझौते (एमओयू) का पालन करने को कहा है। ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अकरमीनिया के अनुसार, होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिका की दखलअंदाजी और वैकल्पिक समुद्री रास्ता बनाने की कोशिश से क्षेत्र में असुरक्षा बढ़ी है। उन्होंने दावा किया कि ईरानी सेना होर्मुज स्ट्रेट में देश के अधिकारों की पूरी मजबूती से रक्षा करेगी। ईरान ने ये भी कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही से जुड़े भविष्य के फैसले केवल ईरान और ओमान की आपसी सलाह से होने चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने बताया कि शनिवार को मस्कट में दोनों देशों के कानूनी और तकनीकी प्रतिनिधिमंडलों के बीच इस मुद्दे पर बातचीत हुई।

### वियतनाम सरकार ने नाव हादसे की विस्तृत जांच के दिए आदेश

# दुर्घटना में 15 भारतीय टूरिस्ट की मौत

**एजेंसी। हनोई**

वियतनाम के प्रधानमंत्री ले मिन्ह हंग ने फु क्वोक आइलैंड के पास स्पीडबोट पलटने की घटना की पूरी जांच के आदेश दिए हैं। इस हादसे में 15 भारतीय टूरिस्ट की मौत हो गई थी। साथ ही, उन्होंने भरोसा दिलाया है कि इस हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, घटना के बाद जारी एक आधिकारिक मैसेज में प्रधानमंत्री क्वोक ने मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना जताई और मंत्रालयों, सरकारी एजेंसियों और स्थानीय अधिकारियों को सभी मौजूद मेडिकल रिसोर्स, दवाइयां और इमरजेंसी मदद पहुंचाने का निर्देश दिया।

अधिकारियों के अनुसार, रजिस्ट्रेशन नंबर एजी-26751 वाली स्पीडबोट, 32 भारतीय टूरिस्ट, तीन क्रू मेंबर और एक वियतनामी टूर गाइड को मई रुट नगोई आइलेट से एन थोई इंटरनेशनल पोर्ट ले जा रही थी, जब दोपहर करीब 1 बजे तेज हवाओं के कारण यह किनारे से करीब 400 मीटर दूर पलट गई। बचाव दल ने तुरंत ऑपरेशन शुरू किया और दोपहर 3:30 बजे तक, उन्होंने जहाज पर सवार सभी 36 लोगों को रेस्क्यू किया। उनमें से 21 लोग जिंदा बचे थे, जबकि हादसे में 15 भारतीय पर्यटकों की मौत की पुष्टि हुई।

एन गियांग प्रांत के अधिकारियों के अनुसार, बरामद की गई पांच लाशों को किएन गियांग जनरल हॉस्पिटल में रखा गया है, जबकि बाकी 10 को हो ची मिन्ह सिटी के चो रे हॉस्पिटल में ट्रांसफर कर दिया गया है। अधिकारी पहचान और दूसरी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी कर रहे हैं।



### नाव हादसे के बाद वियतनामी राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति मुर्मू व पीएम मोदी को भेजे शोक संदेश

वियतनाम के शीर्ष नेताओं ने रविवार को टूरिस्ट नाव हादसे के बाद भारतीय नेताओं के प्रति अपनी संवेदना जताई। इस हादसे में 15 भारतीय पर्यटकों की मौत हो गई थी। उन्होंने भारत के लोगों और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति जताई। एन गियांग प्रांत के तट पर स्थानीय समयानुसार शनिवार को खराब समुद्री हालात में एक टूरिस्ट स्पीडबोट पलट गई। उन्नीस लोगों के सुरक्षित होने की खबर है, जबकि दो भारतीय नागरिकों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इंटेंसिव मेडिकल ट्रीटमेंट चल रहा है। स्थानीय मीडिया आउटलेट वियतनाम न्यूज़ के अनुसार, राष्ट्रपति टो लैम ने प्रधानमंत्री ले मिन्ह हंग के साथ मिलकर हादसे को लेकर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी को अलग-अलग शोक संदेश भेजे। अपने संदेशों में, वियतनामी नेताओं ने कहा कि देश में अधिकारी तुरंत सर्च-एंड-रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं, घायलों का मेडिकल इलाज सुनिश्चित कर रहे हैं, पीड़ितों के परिवारों को मदद दे रहे हैं और इस हादसे के बाद के हालात से निपटने के लिए भारतीय पक्ष के साथ करीबी तालमेल बनाए हुए हैं। नेताओं ने यह भी बताया कि संबंधित एजेंसियों ने दुर्घटना का सही कारण पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। वियतनाम न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार, उसी दिन, वियतनाम के विदेश मंत्री ले होई ट्रुंग ने भी इस दुखद घटना के बाद विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को शोक संदेश भेजा। इस बीच, स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, फु क्वोक स्पेशल जोन की पीपुल्स कमेटी के चेयरमैन ट्रान मिन्ह खोआ ने कहा कि टूरिस्ट बोट के मालिक ने हर मरने वाले के परिवार को 1,000 अमेरिकी डॉलर और हर घायल पैसेंजर को 500 अमेरिकी डॉलर का मुआवजा देने पर सहमति जताई है।

### अफगानी कृषि मंत्री की भारत यात्रा, खेती-किसानी से लेकर जल संरक्षण में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर रहा जोर

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के कृषि, सिंचाई और पशुधन मंत्री मावालावी अताउल्लाह ओमरी ने 7 से 12 जुलाई 2026 तक भारत की आधिकारिक यात्रा की। उनके साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार अक्टूबर 2025 के बाद अफगानिस्तान से भारत की यह चौथी मंत्री-स्तरीय यात्रा थी, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते द्विपक्षीय संपर्क और सहयोग को दर्शाती है। एमईए ने इस यात्रा के दौरान हुई अहम चर्चाओं और बैठकों को लेकर बयान जारी किया। बताया कि यात्रा के दौरान अफगान मंत्री ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। बैठक में दोनों पक्षों ने कृषि, सिंचाई, पशुधन विकास, कृषि अनुसंधान, शिक्षा, क्षमता निर्माण और कृषि व्यापार के क्षेत्रों में मौजूदा सहयोग की समीक्षा की तथा भविष्य में सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की। वार्ता में खाद्य सुरक्षा, बेहतर बीज प्रणाली और फसल उत्पादकता बढ़ाने जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। भारत ने अफगानिस्तान के कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए अपना समर्थन जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसमें जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने वाली फसल किस्मों, जैव-सशक्त फसलों, टिकाऊ सिंचाई तकनीकों, जल संरक्षण और जलग्रहण क्षेत्र विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग शामिल है। अफगान कृषि मंत्री ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से भी मुलाकात की।



### कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी का निधन

**एजेंसी। दोहा**



कतर फादर कहे जाने वाले शेख हमद बिन खलीफा अल थानी का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। इसकी घोषणा कतर की सर्वोच्च सरकारी संस्था 'अमीरी दीवान' ने रविवार को की। अमीरी दीवान ने रविवार को कहा, "ईश्वर के फैसले और नियति पर अटूट विश्वास के साथ, अमीरी दीवान राष्ट्र की इस महान क्षति पर शोक व्यक्त करता है। परमात्मा दिवंगत अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी पर अपनी कृपा बनाए रखें, जिनका आज सुबह निधन हो गया।" अमीरी दीवान ने आगे कहा, "अल्लाह उन्हें उनके देश और अरब व इस्लामी दुनिया के लिए किए गए महान और अविस्मरणीय कार्यों का सर्वोत्तम प्रतिफल दे तथा हम सभी को इस दुख की घड़ी में धैर्य और हिम्मत प्रदान करे।"

#### पूर्व अमीर एक दूरदर्शी नेता थे, उनके निधन का दुख : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कतर के 'फादर अमीर' शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने इसे अत्यंत पीड़ादायक बताया है। पीएम ने अपने एक्स पर लिखा, "हम (भारत) कतर के फादर अमीर, महामहिम शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं।

### तीन देशों के दौरे से भारत की बढ़ी वैश्विक साख

# रक्षा व ऊर्जा सहयोग को मिली नई रफ्तार

- **अमेरिकी सिंगर मैरी मिलबेन बोलीं, दुनिया कर रही प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान**

**एजेंसी। वाशिंगटन**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का छह दिवसीय दौरा कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान तीनों देशों में प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया गया और रक्षा, परमाणु ऊर्जा, व्यापार तथा रणनीतिक सहयोग से जुड़े कई अहम समझौतों पर सहमति बनी।

अमेरिका की प्रसिद्ध गायिका मैरी मिलबेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी के दौरे की सराहना करते हुए कहा कि दुनिया भारत का सम्मान कर रही है और उसे व्यापार के लिए सबसे भरोसेमंद देशों में से एक मान रही है।



#### दौरे की आठ बड़ी उपलब्धियां

- इंडोनेशिया ने प्रधानमंत्री मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा।
- ऑस्ट्रेलिया भारतीय परमाणु रिएक्टरों को यूरेनियम की आपूर्ति करेगा।
- भारत के 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा लक्ष्य को मिलेगी मजबूती।
- इंडोनेशिया ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने पर सहमति दी।
- 'अस्त्र' एयर-टू-एयर मिसाइल प्रणाली पर भी सहयोग बढ़ा।
- न्यूज़ीलैंड के साथ 2030 रणनीतिक साझेदारी और रोडमैप की घोषणा।
- भारतीय नौसेना को ऑकलैंड में लॉजिस्टिक सहायता की सुविधा मिलेगी।
- दौरे से भारत की वैश्विक कूटनीतिक, सामरिक और आर्थिक स्थिति और मजबूत हुई।

इंडोनेशिया ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय परमाणु रिएक्टरों के लिए यूरेनियम आपूर्ति शुरू करने की घोषणा की। यह कदम 2014 में हुए भारत-ऑस्ट्रेलिया नागरिक परमाणु सहयोग समझौते का महत्वपूर्ण परिणाम माना जा रहा है, जिससे भारत के 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा लक्ष्य को गति मिलेगी।

रक्षा क्षेत्र में भी भारत को बड़ी सफलता मिली। इंडोनेशिया ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की खरीद पर सहमति जताई। इसके साथ ही 'अस्त्र' एयर-टू-एयर मिसाइल प्रणाली से जुड़े सहयोग को भी आगे बढ़ाया गया। न्यूजीलैंड के साथ 2030 रणनीतिक रोडमैप पर सहमति बनी, जिसमें समुद्री सुरक्षा, साइबर रक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग, व्यापार विस्तार और रक्षा लॉजिस्टिक्स को प्रमुखता दी गई। इस समझौते के बाद भारतीय नौसेना के जहाज ऑकलैंड में लॉजिस्टिक सहायता और आपूर्ति प्राप्त कर सकेंगे।

